सेंसेक्स 73,088.33 ▲ +599.34
डॉलर 83.370 ▼ -0.188

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	39.0	24.0	38.0
धनबाद	41.0	24.0	37.0
जमशेदपुर	44.0	27.0	39.0
पलामू	42.0	23.0	38.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, चैत्र शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत 2081 | रांची, रविवार, 21 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-79, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | भगवान महावीर हैं सार्वभौम धर्म ... 08 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | हमारी सरकार आई तो हटा देंगे अग्निवीर ...12 | देश-विदेश

रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 69,750

चांदी (1 किलो) 90,000

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

आज के मैच

समय : 21 अप्रैल, 3:30 बजे से
स्थान : कोलकता

समय : 21 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : मोहाली

सचिन को देख खिले बच्चें के चेहरे

रांची के रूक्का डैम के पास स्थित स्कूल में बच्चियों के साथ खेलते पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर।

एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित

नई दिल्ली। एलन मस्क ने शनिवार को पुष्टि की कि टेस्ला के महत्वपूर्ण तिमाही नतीजों के बीच वह इस महीने भारत का दौरा नहीं कर पाएंगे। हो सकता है इस साल के अंत में वो भारत आएं। एक्स पर एक पोस्ट में, अरबपति ने कहा, टेस्ला को लेकर कई दायित्वों के कारण भारत की यात्रा में देरी होगी। मस्क ने कहा, लेकिन मैं इस साल के अंत में आने के लिए बहुत उत्सुक हूं। पिछले हफ्ते, अरबपति ने ट्वीट किया था कि वह पीएम मोदी से मिलना चाहते हैं। स्पेसएक्स के सीईओ अपनी भारत यात्रा के दौरान भारतीय अंतरिक्ष कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी मिलने वाले थे। मस्क ने हाल ही में टेस्ला की तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों के साथ एक महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस कॉल की थी।

बढ़ती गर्मी के कारण अब 11.30 बजे तक ही चलेंगी आठवीं तक की कक्षाएं

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राज्य में भीषण गर्मी को देखते स्कूलों में कक्षाओं का समय सरकार ने निर्धारित कर दिया है। इस संबंध में शनिवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त-गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी स्कूलों में केजी से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से 11:30 बजे तक ही चलेंगी। कक्षा नौ एवं इससे ऊपर की कक्षाएं सात बजे से 12:00 बजे तक ही संचालित की जाएंगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएंगी। हालांकि, मिड डे मील का संचालन जारी रहेगा। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से फैसला लेते हुए संसूचित किया जायेगा। जारी आदेश 22 अप्रैल से अगले आदेश तक जारी रहेगा। यह आदेश शनिवार को सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने जारी किया है।

उलगुलान न्याय महारैली आज

राजधानी में जुटेंगे देश के दो दर्जन से ज्यादा दिग्गज नेता

उपेंद्र गुप्ता। रांची
झारखंड की राजधानी रांची रविवार को देश की राजनीतिक धड़कन का केंद्र रहेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में इंडी गठबंधन के लगभग सभी प्रमुख नेता रांची के मंच पर दिखेंगे। बताया गया कि कि रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, लालू यादव, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, स्टालिन, उद्धव ठाकरे, सुनीता केजरीवाल, आप सांसद संजय सिंह,फारुख अब्दुल्ला, दीपांकर भट्टाचार्य, सहित करीब दो दर्जन नेता शामिल होंगे। धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में आयोजित इस रैली में पांच लाख से ज्यादा लोगों के जुटने का दावा किया जा रहा है। महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए झारखंड के इंडी गठबंधन के नेता जी-जान से जुटे हुए हैं। रैली स्थल पर बड़े राष्ट्रीय नेताओं के लिए एक मुख्य मंच बनाया है, जबकि स्थानीय नेताओं, विधायकों-सांसदों के लिए दो अलग मंच मुख्य मंच के ठीक बगल में बनाया गया है। इसे अंतिम रूप देने के लिए जोरों से काम जारी है।

राहुल, खरगे, लालू, तेजस्वी और अखिलेश सहित बारह नेताओं का होगा भाषण

झामुमो व कांग्रेस नेता कर रहे महारैली में पांच लाख लोगों के शामिल होने का दावा

एयरपोर्ट, होटल व सभा स्थल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा

रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को न्याय उलगुलान महारैली को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन न्याय उलगुलान महारैली की तैयारियों का जायजा लेने खुद प्रभात तारा मैदान पहुंचे। इस बीच मुख्यमंत्री पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम लोग केंद्र सरकार के नीतियों का पोल खोलने का काम करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जनता लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देगी। मंहगाई, बरोजगारी बड़ा मुद्दा है। झारखंड में 14 सीटों पर गठबंधन विजयी होगा। मौके पर झामुमो के सुप्रियो भट्टाचार्य, कांग्रेस से राकेश सिन्हा , राजद से कैलाश यादव, माले नदीम खान, आबिद खान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

राजधानी में उलगुलान न्याय महारैली के मद्देनजर दो हजार अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनात

राजधानी के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडी गठबंधन की उलगुलान रैली है। रैली में राहुल गांधी समेत देशभर के बड़े नेता शामिल होंगे। ऐसे में रैली स्थल, एयरपोर्ट, होटल और सर्किट हाउस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। सभी स्थानों की सुरक्षा के लिए 2,000 अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। साथ ही ट्रैफिक रूट निर्धारित किये गये हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रभात तारा मैदान स्थित महारैली स्थल पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया था। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए थे। एसएसपी ने बताया कि महारैली स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राज्य के बाहर से आने वाले वीआईपी की सुरक्षा के लिए होटल से लेकर रैली स्थल तक जवानों के तैनाती की गई है। ट्रैफिक को लेकर भी अलग व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि इस महारैली में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, आप की सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवन्त मान, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व उप सीएम तेजस्वी यादव, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी, टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन, माले के दीपांकर भट्टाचार्य सहित अन्य नेता शामिल होंगे।

कल्पना को इंडी गठबंधन का चेहरा बनाने की कोशिश

दोपहर से होने वाली रैली को बारह राष्ट्रीय नेता संबेधित करेंगे। इसमें झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का नाम भी शामिल है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन घोषित-अघोषित तौर पर इस रैली की मुख्य मेजबान हैं। इसलिए उनका संबोधन भी लाजिमी है। इसे लेकर झारखंड के कई शहरों में लगाई गई होर्डिंग्स में हेमंत सोरेन के साथ उनकी तस्वीरें छाई हुई हैं। इस रैली को हेमंत सोरेन की गैरमौजूदगी में कल्पना को झारखंड में गठबंधन का मुख्य चेहरे के तौर पर स्थापित करने के तौर पर भी देखा जा रहा है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि इस रैली में जुटने वाले लोग दही-चूड़ा खाएंगे और भाजपा को भगाएंगे का संदेश लेकर पूरे राज्य में जाएंगे।

यह आदिवासी अपमान महारैली : बाबूलाल

भाजपा ने इसे परिवारवादी और भ्रष्टाचार के आरोपों को महिमामंडित करने वाली रैली करार दिया है। रैली को लेकर जारी पोस्टरों पर भाजपा और झामुमो के बीच जुबानी जंग जारी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि यह उलगुलान रैली नहीं, बल्कि आदिवासी अपमान महारैली है, क्योंकि रैली के पोस्टरों में आदिवासी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तस्वीर नहीं है। यह आदिवासियों के लिए अपमान की बात है। अब जेएमएम का मतलब सिर्फ हेमंत सोरेन परिवार तक सीमित रह गया है। भाजपा के इस आरोप पर झामुमो ने पलटवार करते हुए कहा कि बाबूलाल को दृष्टि का इलाज कराना चाहिए, क्योंकि उन्हें वो पोस्टर दिखाई नहीं दे रहे, जिसमें सीएम चंपाई सोरेन हैं।

एक नजर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों विशेषकर जैन समुदाय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि महावीर जयंती के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय के भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। अहिंसा और करुणा की प्रतिमूर्ति भगवान महावीर के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला यह त्योहार प्रेम व शांति का संदेश देता है। भगवान महावीर ने एक आदर्श और सभ्य समाज के लिए अहिंसा, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह का मार्ग अपनाने की शिक्षा दी।

आजकल

एएसपी निशा मुर्मू के घर में लगी भीषण आग, मची अफरा तफरी

नवीन मेल संवाददाता। रांची
एंटी करप्शन ब्यूरो में प्रतिस्थापित एएसपी निशा मुर्मू के कांके रोड स्थित आवास में शनिवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग की वजह से घर में रखे कई कीमती सामान जलकर राख हो गए। मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के दस्ते ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह से लाखों का नुकसान हुआ है। निशा मुर्मू ने

बताया कि उनके गोंदा थाना क्षेत्र के मिशन गली स्थित घर के पहले माले पर स्थित ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

निशा मुर्मू के कमरे में ही लगी आग

एंटी करप्शन ब्यूरो की एएसपी निशा मुर्मू ने बताया कि आग उनके ही कमरे में लगी थी, इस आग से उनके कमरे में रखें सभी सामान जलकर राख हो गए। पास के कमरे में भी कुछ सामान जले हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि आग की लपटें ग्राउंड फ्लोर तक नहीं पहुंची। नहीं तो काफी नुकसान हो सकता था।

टेंपो और ट्रैक्टर की टक्कर में सीआरपीएफ जवान की मौत

लातेहार। स्टेशन रोड पर शनिवार को टेंपो और ट्रैक्टर की टक्कर में टेंपो सवार सीआरपीएफ हवलदार राम भुवन सिंह यादव की मौत हो गई। मृतक यादव उत्तर प्रदेश के मऊ के रहने वाले थे, वर्तमान में लातेहार स्थित सीआरपीएफ 214 बटालियन में कार्यरत थे। यादव छुट्टी लेकर घर जाने के लिए कैंप से निकले थे। वे ऑटो से लातेहार रेलवे स्टेशन जा रहे थे। तभी रास्ते में ऑटो और एक ट्रैक्टर में टक्कर हो गई। ट्रैक्टर पर रखे गेहूं काटने वाली मशीन का नुकीला हिस्सा हवलदार के गर्दन में जा घुसी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

चाईबासा में पीएलएफआई एरिया कमांडर सहित दो गिरफ्तार, दो एके-47 बरामद

नवीन मेल संवाददाता
पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा)। जिला मुख्यालय चाईबासा में पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम और बिरसा खंडाइत शामिल हैं। दोनों की गिरफ्तारी गोईलकेरा थाना क्षेत्र के चितिर पहाड़ी के पास से हुई। इनके पास से पुलिस ने दो एके 47, नौ मैगजीन, 188 राउंड गोली, 50 हजार रुपये और मोबाइल फोन

बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने शनिवार को कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

इंडिया झारखंड के मुद्दे चुनाव में उठेंगे या विवादास्पद बयानों की ब्रेकिंग न्यूज देखना शेष

सुनील बादल

सं 2000 में झारखंड जब बना था तब पूरी दुनिया में इसकी चर्चा इस रूप में हो रही थी कि भारत की लगभग 40 प्रतिशत खनिज संपदा वाला यह प्रदेश अब विकास की वह लकीर खींचेगा जो दूसरों के लिए दुर्लभ है क्योंकि यह पहला राज्य था जहां का बजट सरप्लस यानी आय खर्च से अधिक थी। इसका पैतृक राज्य बिहार अपनी घटी हुई आय और संसाधनों का दुखड़ा रो रहा था और तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव सहित अनेक नेता यही बयान दे रहे थे कि बिहार क्या बालू फांकेगा? पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी ने अपने छोटे कार्यकाल में कुछ जमीनी योजनाओं सहित आधारभूत संरचना के विकास पर एक बड़ी लकीर खींची पर उनकी सरकार के गिरने के बाद से अल्पमत सरकारों और कुछ कार्यकाल पूरा करने वाले मुख्यमंत्रियों ने भी झारखंड को अच्छी पहचान देने के बजाय नए नए प्रयोग किए जिससे झारखंड, साथ ही अलग हुए दो राज्यों उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ की तुलना में न सिर्फ पीछे रह गया बल्कि साल दर साल नए घोटालों के कारण राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम होता चला गया। यहां की प्रतिभाएं उच्च शिक्षा के लिए दक्षिण के राज्यों और दिल्ली पलायन करने के बाद कभी नहीं लौटीं क्योंकि कमजोर नेतृत्व और दिशाहीन राजनीति से अपार संभावनाओं वाला यह राज्य जेपीएससी, शिक्षक बहाली से लेकर प्रायः सभी नियुक्तियों में कथित रूप से घोटाले से इतना बदनाम हो गया कि युवाओं के साथ अभिभावकों का विश्वास हिल गया कि यहां बिना पैरवी या पैसे के कोई बहाली नहीं हो सकती। घोटालों की धीमी जांच कब तक चलेगी और आगे घोटाले नहीं होंगे कोई पक्का नहीं कह सकता। इससे राज्य का भविष्य भी बहुत उज्ज्वल नहीं कहा जा सकता। अरबों की सरकारी योजनाओं के बाद भी सदियों से चल रहा पलायन अभी भी जारी है। इस बार भी चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होने का बड़ा कारण मजदूर वर्ग का पलायन होगा जो बरसात शुरू होने पर लौटेंगे और वर्षा पर आधारित एक फसल का जुआ खेलेंगे। पूरे राज्य में पिछले बरसात के मौसम की फसलें अनावृष्टि के कारण ठीक नहीं हो पाईं। इसी प्रकार रांची के आसपास सहित अनेक इलाके सब्जी की अच्छी खेती करते हैं पर किसी भी फसल को उचित कीमत मिलेगी या नहीं कोई नहीं जानता क्योंकि कोई ऐसी व्यवस्था या न्यूनतम मूल्य दिलाने वाली संस्था नहीं जिससे किसान हताश होकर खेती विमुख हो रहे हैं। कई बार टमाटर जैसी नगदी फसल बाजार में फेंक कर आने की घटनाएं प्रकाश में आईं हैं क्योंकि किसानों को लागत मूल्य भी नहीं मिला। धान की खरीदारी केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य के के बोनस से होती है पर इसमें किसानों को भुगतान आठ नौ महीने के बाद होता है और जब फसल तैयार होती है तब खरीदा भी नहीं जाता जिससे किसान बिचौलियों के माध्यम से राइस मिलों को औने पौने दाम में बेच देते हैं। किसानों कि हितों की बात उठाने वाला कोई नहीं और कृषि प्रधान झारखंड में किसी भी दल के एजेंडे में यह मुद्दा नहीं है । इसी प्रकार सिंचाई झारखंड का बड़ा मुद्दा है कई नहरों के नाम पर अरबों खर्च हुए पर किसानों के खेत अभी भी सूखे हैं। इस बार के भी चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दे संविधान, जातीय जनगणना, बाहरी भीतरी, जीतने पर भारी छूट और एक दूसरे को भ्रष्ट बताने के आरोप प्रत्यारोप होंगे पर यहां के बालू से लेकर कोयले और खनिज का लाभ राज्य को कब मिलेगा और शिक्षा या स्वास्थ्य की माफियागिरी कब समाप्त होगी न किसी के पास सवाल हैं और जवाब! 24 वर्षों के बाद रांची में अब फ्लाईओवर बन रहे हैं जो गर्व की नहीं अन्य राज्यों के लिए हंसी का विषय है। जमीन का कारोबार माफिया तत्वों की गिरफ्त में है और लगातार हत्याएं या घोटाले चर्चित हो रहे हैं। नशे का उत्पादन कारोबार खूंटी,पलामू और चतरा में वर्षों से चल रहा है। अब देखना है झारखंड के उम्मीदवारों के अलावा देश के बड़े नेता इन विषयों पर बोलते हैं या समाचार चैनलों की ब्रेकिंग न्यूज में बने रहने के लिए विवाद उछालते हैं।

पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा का राजद से इस्तीफा, बसपा में शामिल

नवीन मेल संवाददाता। पलामू
पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने राजद से टिकट नहीं मिलने पर शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। साथ ही बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पलामू लोकसभा सीट से बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

बता दें कि कामेश्वर बैठा अपने समय के बड़े माओवादी कमांडर रहे हैं। वे देश के पहले नेता हैं जो माओवाद से निकलकर सांसद बने। 2009 में कामेश्वर बैठा झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर पलामू से सांसद चुने गये थे। हालांकि, बाद में वे राजद में शामिल हो गए। बैठा ने कहा कि वह पलामू लोकसभा सीट से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी और इंडिया गठबंधन एक ही सिक्के दो

पहलू हैं और दोनों आरएसएस से निकले हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई अकेला सांसद या विधायक है तो वह कभी भी पार्टी बदल सकता है। झारखंड में राजद का एक ही उम्मीदवार है, कुछ भी हो सकता है। कामेश्वर बैठा ने कहा कि आज देश का संविधान खतरे में है और वे शुरू से ही संविधान को बचाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। कामेश्वर बैठा 2007, 2009 और 2014 में पलामू लोकसभा सीट से सांसद का चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 का चुनाव उन्होंने नहीं लड़ा था।

एक नजर

बीएड, एमएड परीक्षा को लेकर आज निषेधाज्ञा

रांची। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, रांची द्वारा आयोजित बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा परीक्षा-2024 रविवार (21 अप्रैल) को दिन में 10:30 बजे से 12:30 बजे तक विभिन्न 38 परीक्षा केंद्रों पर होना है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची द्वारा धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी किया गया है। यह निषेधाज्ञा 21 अप्रैल के प्रातः 07:30 बजे से अपराह्न 02:30 बजे तक प्रभावी रहेगा।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की परीक्षा को लेकर आज छह बजे से निषेधाज्ञा

रांची। संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौ सेना आकादमी परीक्षा एवं सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा, 2024 रविवार (21 अप्रैल) को आयोजित की गई है। ये परीक्षाएं विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर दिन में 9:00 बजे शाम में 5.00 बजे तक आयोजित होंगी। इसे लेकर इन परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लगाया गया है। इन परीक्षा कें द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। फिर भी ऐसी आशंका है कि परीक्षा में संलग्न छात्र, उनके अभिभावक अथवा असामाजिक तत्व परीक्षा केंद्रों पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची ने धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी किया है। यह निषेधाज्ञा दिनांक 21 अप्रैल के प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक प्रभावी रहेगा।

मांडू में डॉ जेनी सिंह के साथ दूर्व्यवहार करने वाला प्रधान लिपिक हुआ निलंबित

रामगढ़। जिले की मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और प्रधान लिपि के बीच का विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। इस मुद्दे पर झारखंड चिकित्सक संघ ने शनिवार को अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। संघ के रामगढ़ जिला अध्यक्ष डॉ मृत्युंजय सिंह ने कहा कि डॉ जेनी सिंह के साथ दुर्व्यवहार का मामला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी स्थिति कभी भी उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। चिकित्सक का अपना काम है और प्रधान लिपिक का काम अलग है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की मौजूदगी में एक डेंटल सर्जन डॉ जेनी सिंह का हाथ मरोड़े जाने की घटना ने सभी चिकित्सकों के अंदर भय पैदा कर दिया है। हालांकि रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने इस मामले में अच्छी पहल की है। उन्होंने मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रधान लिपिक सैयद नकी अहमद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

अगले 15 दिनों में खलारी में पानी के लिए मचेगा हाहाकार

जलस्तर गया नीचे, कई नदियां सूखी, सोलर जलमीनार हुए बेकार



चूना पत्थर जलाशय से जलापूर्ति ही समाधान

55 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला वाटर फिल्टर प्लांट एक दिन में करीब 6 हजार लीटर पानी ही दे पा रहा है। यह पूरी तरह प्रोजेक्ट के प्लानिंग में त्रुटि मामला है। साल में चार महीने सूखी रहने वाली नदी पर प्लांट को आश्रित कर दिया गया। प्लांट से करीब 500 मीटर दूरी पर स्थित चूना पत्थर बंद खदान में जमा पानी ही प्लांट को जीवित रख सकता है। उप विकास आयुक्त दिनेश यादव स्वयं इस जलाशय का निरीक्षण कर अपनी सहमति दिए थे। परंतु इस दिशा में पहल अब तक क्यों नहीं किया गया यह समझ से परे है।

नवीन मेल संवाददाता। खलारी अगले 15 दिनों में खलारी में पानी के लिए हाहाकार मचने वाला है। खलारी से होकर गुजरने वाली सपही, दामोदर व सोनाडुबी नदी की धाराएं लगभग सूख गई हैं। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के वाटर फिल्टर प्लांट इन की नदियों पर ही आश्रित हैं। बुकबुका में विभाग ने 55 लाख लीटर प्रति दिन क्षमता का फिल्टर प्लांट लगाया है। इसके साथ दो बड़े जलमीनार हैं। जिनकी क्षमता 16-16 हजार लीटर है। इस फिल्टर प्लांट को करंजतोरा में सपही नदी में बनाए गए इंटक वेल से पानी मिलता है। अप्रैल में ही भीषण गर्मी पड़ने लगी है। दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जा रहा है। नतीजा यह है कि इंटक वेल का मोटर एक बार में मात्र 10 मिनट ही चल पाता है। इसके बाद ढाई-तीन घंटे इंतजार के बार फिर से 10 मिनट मोटर चल पाता है। नदी से पानी खींचने वाला जानसन पाइप ही पानी से बाहर निकल जाता है और मोटर बंद करना पड़ता है। इस प्रकार दिन में 40 मिनट और रात में 40 मिनट यानि 24 घंटे में मात्र करीब डेढ़ घंटा ही मोटर चल पाता है। पूरे प्लांट को सुचारू रूप से चलने के लिए 24 घंटे में कम से कम सात घंटा मोटर चलना आवष्यक है। जलमीनार का टैंक भरने में करीब तीन दिन का समय लग रहा है। पांच बार जलमीनार का टैंक भरेगा तभी पांचो पंचायत के लोगों को एकबार पानी मिल पाएगा।

हाई कोर्ट में योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर 22 अप्रैल को होगी सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। दरअसल, ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। ईडी की जांच में योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद-बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा हुआ है। मामले में ईडी ने 8/2023 दर्ज किया है। 19 अक्टूबर, 2023 को पूछताछ के क्रम में ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की थी। इसके बाद उसे जेल भेजा गया था। पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर योगेंद्र तिवारी ने लिया था।

गोड्डा के मेहरमा प्रखंड में आग लगने से आधा दर्जन घर जले

गोड्डा। जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र में शनिवार को बड़ी धनकुड़िया गांव में आग लगने से आधा दर्जन घर जलकर राख हो गए। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। आग लगने से लगभग लाखों रुपये की क्षति का अनुमान है। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। इस संबंध में पंचायत के मुखिया जंग बहादुर सिंह ने बताया कि घटना डेढ़ से 2:00 बजे दिन के आसपास की है। गुड्डू तांती के घर से अचानक आग लगी। जब तक आग पर काबू पाया जाता और ग्रामीण इकट्ठा होते तब तक रामसागर तांती, अरुण तांती, देवनारायण तांती, नरेश तांती एवं विसु तांती के घर जलकर राख हो गए।

कमलेश महतो 88.40% अंक लाकर ककरिया हाई स्कूल का टॉपर बना

नवीन मेल संवाददाता। लापुंग

लापुंग प्रखंड के राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया के छात्र कमलेश महतो ने 88.40% अंक लाकर मैट्रिक की परीक्षा में विद्यालय टॉपर बनकर विद्यालय और ककरिया का नाम रोशन किया। वहीं सुरेश उरांव ने 84.80% अंक लाकर विद्यालय का सेकंड टॉपर बना। जबकि तुलसी कुमार सिंह ने 81.60% अंक प्राप्त कर थर्ड तथा रंजनी कुमारी ने 80% अंक प्राप्त कर विद्यालय का चौथा टॉपर बनी। विद्यालय की प्रधान शिक्षिका स्वर्ण लता कुजूर ने बताया कि उनके विद्यालय के 91% बच्चों ने मैट्रिक की परीक्षा में सफलता अर्जित किया। कुल 115 में से 105 बच्चे उत्तीर्ण हुए। 51 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी, 48 बच्चों ने द्वितीय तथा छह छात्र-छात्राओं का रिजल्ट तृतीय रहा। वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड मुख्यालय के राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय का रिजल्ट 85% रहा। उसमे विद्यालय में दो टॉपर रूबी कुमारी व विवेक कुमार का 426 अंक (85.20 प्रतिशत) लाकर प्रथम स्थान पाया। गुंजाईर कुजूर 423 अंक के साथ द्वितीय तथा रूपाली कुमारी 422 अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय के छात्र प्रीतम सोनी ने 419 अंक लाकर चतुर्थ व 413 अंक लाकर शिल्पा कुमारी ने पांचवा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। पूरे विद्यालय में 74 छात्र छात्राओं ने प्रथम स्थान, 93 बच्चों ने द्वितीय स्थान तथा 19 छात्र-छात्राओं ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय ने बताया कि कुल 224 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था। उनमें से 38 छात्र-छात्राएं असफल रहे उन्हें परीक्षा में पुनः शामिल होने का मौका मिलेगा। यह जानकारी प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार राय ने दिया।

इस चुनाव में मिसाल कायम करें : डीसी

रांची वीमेंस कॉलेज में लांच किया गया वोटर्स ऐंथम

वोट करेगा रांची...
जमके वोट करेगा रांची
वोट करेगा रांची...
दम से वोट करेगा रांची

नवीन मेल संवाददाता

रांची। वीमेंस कॉलेज का सभागार 'वोट करेगा रांची...' की आवाज से गूंज रहा था और कॉलेज की छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मौका था, रांची वोटर्स ऐंथम की लांचिंग का। थ्री, टू, वन की काउंटिंग के साथ मतदाता जागरूकता कार्यशाला में वोटर्स ऐंथम की लांचिंग हुई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश यादव, वीमेंस कॉलेज की प्रिंसिपल, प्रोफेसर, कॉलेज की छात्राएं एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे। रांची वोटर्स ऐंथम को जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल सिन्हा एवं नोडल अफसर स्वीप सह उपविकास आयुक्त दिनेश यादव के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। आवाज नेहा कौर एवं पार्थ गांधी की है, जबकि क्रिएटिव डॉयरेक्शन शादाब हसन ने किया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने और शहरी क्षेत्र में बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। उन्होंने कहा कि जिला की स्वीप टीम की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि रांची के मतदाता 'एक' वोट के महत्व को समझें, खुद भी वोट करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान केंद्र लेकर जाएं। उन्होंने एक बार फिर से रांचीवासियों से अपील करते हुए कहा कि अब भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। 25 अप्रैल 2024 तक बीएलओ एवं वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर आवेदन दिया जा सकता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा कॉलेज की छात्राओं का उत्साह देखकर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि आप एक कदम आप चलें, हम दो कदम चलेंगे। वोटरों से 25 मई 2024 को अच्छी तादाद में अपने-अपने घरों से निकल वोट करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में इस बार मिसाल कायम करें। कार्यक्रम के दौरान वीमेंस कॉलेज की छात्रओं से नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त श्री दिनेश कुमार यादव ने चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सवाल भी पूछे। हर बार सवालों के जवाब जानने वाली छात्राओं की संख्या देखकर आला अधिकारी काफी प्रभावित हुए। सही जवाब देने वाली कई छात्रओं को उपहार भी दिया गया।

वीमेंस कॉलेज के सभी पात्र व्यक्ति एवं छात्राओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर हो गया है। इस संबंध में कॉलेज की प्राचार्या ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा को घोषणा पत्र सौंपा। प्राचार्या ने बताया कि उनके कॉलेज में कार्यरत एवं अध्ययनरत सभी पात्र व्यक्तियों एवं छात्राओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर लियाा गया है। उपायुक्त ने इस पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इसमें संबंधित बीएलओ का रोल महत्वपूर्ण रहा और भी शिक्षण संस्थानों में ऐसा किया जाऐगा। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर कलाकारों द्वारा भयमुक्त एवं बिना प्रभावित हुए मताधिकार के इस्तेमाल का संदेश दिया गया।

हॉकी खिलाड़ियों ने लोकसभा चुनाव को लेकर लोगो को किया जा रहा जागरूक

सिमडेगा। 13 मई 2024 को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में सिमडेगा जिला में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रसाशन स्वीप कोषांग के साथ हॉकी सिमडेगा और हॉकी खिलाड़ी भी लगातार प्रयासरत है।जिसके तहत जिला मुख्यालय से लेकर सुदूरवर्ती इलाको में कहीं हॉकी मैच, तो कहीं प्रभात फेरी तो कहीं मतदाताओं के घर घर संपर्क अभियान कर रहा है।उसी के तहत शनिवार को अहले सुबह 250 से अधिक हॉकी खिलाड़ी हॉकी सिमडेगा और स्वीप कोषांग के पदाधिकारियों के संग जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती घने जंगलों के बीच बसे मतदान केंद्र संख्या 86,जलडेगा प्रखंड के बरकीटांगर , पहाड़ टोली, बागे टोली इत्यादि गांव पहुंचे । स्थानीय ग्रामीणों से मिलकर नाचते गाते झूमते हाथो में तिरंगा और मतदाता जागरूकता का स्टीकर ,बैनर पोस्टर लेकर मतदाताओं के द्वारे द्वारे पहुंचकर मतदाताओं से मिलकर आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई 2024 को मतदान करने के लिया अपील।साथ ही गांव के हर घर के दरवाजे पर मतदान की तिथि से अंकित स्टीकर चिपकाया।

मंडा में पहली बार छऊ नृत्य कार्यक्रम में महिलाओं का जलवा

महिषासुरमर्दिनी प्रसंग का किया मंचन

नवीन मेल संवाददाता। लापुंग

लापुंग प्रखंड के ककरिया में तीन दिवसीय ऐतिहासिक शिव मंडा पूजा के अंतिम दिन झूलन कार्यक्रम के दौरान भोक्ताओं ने आशीष के फुलों की वर्षा की,वहीं श्रद्धालु महिलाओं ने आंचल में श्रद्धा के फूलों को समेटा। श्रद्धा के फूलों को आंचल में समेटने में होड़-सी लग गई। इसके पूर्व मुख्य भोक्ता महेंद्र लोहरा एवं रंजीत लोहरा सहित सभी 26 भोक्ताओं ने पवित्र स्नान कर शिव मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की और झूलन कार्यक्रम के दौरान आस्था और श्रद्धा के फूलों की वर्षा की। इसके पूर्व ककरिया मंडा टांड़ में धुआं सुआं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्पश्चात जलते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भोक्ताओं ने एक बार फिर अपनी शिव उपासना एवं भक्ति की शक्ति का परिचय दिया। वहीं रात भर बंगाल से पहली बार आए महिलाओं ने छऊ नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। महिलाओं ने महिषासुर मर्दिनि वध का छऊ नृत्य के माध्यम से मंचन कर लोगों को रोमांचित किया। महिलाओं के साथ-साथ अलग से पुरुषों का भी छऊ नृत्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर अतिथि जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, लापुंग के प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव तथा बिरसमुणी देवी एवं शिव कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। रात्रि जागरण के दौरान भजन कीर्तन प्रस्तुत कर लोग रात भर कार्यक्रम करते रहे। मंडा पूजा के दौरान भोक्ताओं ने अपनी शिव उपासना को जीवंत कर लोगों के मन में आध्यात्म का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान विशाल मंडा मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंडा पूजा समिति के संरक्षक सह आयोजक वनबिहारी साहु, प्रदीप साहु, सुदर्शन साहु, राहुल साहु तथा शुभम साहु ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जमशेदपुर की टीम ने रामगढ़ को 42 रन से किया पराजित

रामगढ़। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर-16 का मैच शनिवार को ग्राउंड नं 1 छावनी क्रिकेट ग्राउंड में जमशेदपुर बनाम रामगढ़ के बीच खेला गया। जमशेदपुर ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 50-50 ओवर के मैच में 27 5 ओवर में 188 रन बनाया और आउट हो गई। जमशेदपुर की ओर से कुंज बिहारी सिंह ने 45 रन, विघनेश कुमार ने 42 रन, शिवम कुमार ने 34 रन बनाए। रामगढ़ की ओर से देवेश गोयल ने 4 5 ओवर में 30 रन देकर 3 विकेट और सचिन कुमार सिंह ने 5 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट लिया। लक्ष्य की पीछा करते हुए रामगढ़ की टीम 24 4 ओवर में 146 रन बनाकर आउट हो गई। रामगढ़ की ओर से संयम शर्मा ने 43 रन और देवेश गोयल ने 32 रन बनाए। जमशेदपुर की ओर से शिवम कुमार मुखी ने 7 4 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट प्राप्त किया। जबकि हिमांशु भारद्वाज ने 43 रन देकर 3 विकेट लिया।

मैट्रिक परीक्षा में शत-प्रतिशत पास हुए श्री विद्या मंदिर के बच्चे

नवीन मेल संवाददाता। रांची

आर्ट ऑफ लिविंग के ट्राइबल वेलफेयर प्रोजेक्ट के अंतर्गत श्री श्री विद्या मंदिर हाई स्कूल, खूंटी में इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में शत-प्रतिशत बच्चे पास हुए। उसमें से 41 प्रतिशत बच्चे प्रथम श्रेणी से पास हुए। यह स्कूल आदिवासी,वनवासी बच्चों को निःशुल्क, गुणवत्तापूर्ण औपचारिक शिक्षा प्रदान करने के लिए श्री श्री रविशंकर के आशीर्वाद से चल रहा है। घाटशिला और खूंटी में पहला स्कूल 1999 में खोला गया। आज घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम और खूंटी जिले में 13 निःशुल्क आदिवासी विद्यालय है, जहां 3000 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

एसएसवीएम हाई स्कूल, खूंटी में 2016 में पहला बैच मैट्रिक बोर्ड परीक्षा दिया और तब से 2023 तक प्रत्येक वर्ष शत-प्रतिशत रिजल्ट हुआ है। भोला सिंह, इसी स्कूल का छात्र, अग्निवीर परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ है और भारतीय सेना में शामिल हुआ। सीमा भारती घाटशिला स्कूल से बीएसएफ में भर्ती परीक्षा में सफल हुई है। खूंटी स्कूल में ही कौशल विकास केंद्र में इलेक्ट्रिशियन और सिलाई की निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण युवा स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ सकें। मेकॉन के सहयोग से विद्यार्थियों को कम्प्यूटर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

बच्चों को सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि खेल में भी प्रोत्साहन दिया जाता है। 2023 में स्कूल के कबड्डी टीम एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडेमी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार और राष्ट्रीय स्तर में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। 18 मार्च 2024 में जेआरडी फाउंडेशन द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में हिंदुलजुरी घाटशिला स्कूल के बच्चों ने रनर्सअप की ट्रॉफी प्राप्त की और एचसीएल, आईसीसी इंटर कैंप आर्चरी टूर्नामेंट में स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त किए।

न्यूज बॉक्स

जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची ने बालिका का बाल विवाह होने से रोका

मांडर। रांची जिले के नरकोपी थाना क्षेत्र के सरवा पंचायत की 16 वर्षीय बालिका का बाल विवाह होने से रोक दिया गया है। इस बालिका की शादी 22 अप्रैल 2024 को होना था। लड़की मांडर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पढ़ाई करती है। लेकिन काफी दिनों से स्कूल नही आ रही है। जिसकी जनकारी मांडर की पीएलबी सुमन ठाकुर और पूनम देवी को स्कूल प्रशासन से प्राप्त हुआ और फिर गांव के मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र उरांव को फोन से संपर्क करने पर पता चला की बच्ची के घर में सादी है इसीलिए नही जा रही है। तत्पश्चात बच्ची की उपस्थिति हेतु प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत बच्ची की उपस्थिति के लिए बच्ची से मिलने उसके गांव पहुंची तब पता चला सादी बच्ची की ही हो रही है।जिसकी जानकारी पीएलबी के द्वारा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची श्री राकेश रंजन को दिया गया।और सचिव ने माननीय न्यायायुक्त श्री दिवाकर पांडे के दिशा निर्देश पर बाल विवाह रोकने का निर्देश दिया और बीडीओ सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी मांडर और नारकोपी थाना प्रभारी से संपर्क कर इसकी जानकारी दी। मांडर के स्कूल प्रशासन,नारकोप थाना के पदाधिकारी, ग्रामीण,मुखिया प्रतिनिधि,और पीएलबी की उपस्थिति में बच्ची के परिवार से बात किया गया और समझाया गया की बाल विवाह कानूनी अपराध है । जिसके बाद बच्ची के परिवार वाले सादी रोकने को तैयार हो गए और बच्ची भी आगे पढ़ने की इच्छा जताई। इस प्रकार डालसा रांची के सहयोग से बाल विवाह को रोका गया और बच्ची को पुनः पढ़ाई के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मांडर भेजा गया।

ग्रामीण इलाके बंता, राहे, बुंडू रोड जल्दी दो लेन करने का काम होगा प्रारंभ

सिल्ली। झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार के द्वारा जल्द ही रांची जिला से सटे ग्रामीण इलाके बंता-राहे-बुंडू रोड को दो लेन करने का काम प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए सरकार से निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। चुनाव के बाद इसका टेंडर जारी होगा। जिसकी 30.40 किमी लंबे इसे रोड के चौड़ीकरण-मजबूतीकरण भू-अर्जन सहित अन्य कार्य 178.26 करोड़ की लागत से करने की स्वीकृति दी गयी है। इसकी जानकारी कांग्रेस के नागेंद्र नाथ गोस्वामी ने दी।

तीरंदाजी संघ के सहायक सचिव बिरसा मुंडा एकेडमी के संरक्षक और अध्यक्ष से मिले

सिल्ली। बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक सह झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो एवं एकेडमी की अध्यक्ष सह झारखण्ड तीरंदाजी संघ की वरीय उपाध्यक्ष श्रीमती नेहा महतो से मिली भारतीय तीरदांजी की पहली अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित कृष्ण घटक और साथ में भारतीय तीरंदाजी संघ के सहायक सचिव गुंजन ओबेरॉय से मिलकर तीरंदाजी को आगे बढ़ाने एवं तीरंदाजी सीख रहे बच्चों को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध किया जाए के बारे में चर्चा किया गया। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कोच प्रकाश राम हरेंद्र सिंह मौजूद थे।

शत-प्रतिशत रहा प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय पिठोरिया का रिजल्ट

पिठोरिया। झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2024 में प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय पिठोरिया का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। रहनुमा परवीन 94.2 प्रतिशत लाकर स्कूल टापर बनीं। विद्यालय के 26 वर्ष के इतिहास को तोड़कर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने रिकार्ड अपने नाम किया। गौरतलब है कि रहनुमा परवीन यह मुकाम स्वध्याय से प्राप्त किया है। वहीं, द्वितीय स्थान पर कोमल कुमारी 94 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर प्रियंका कुमारी व श्रेया केशरी 93.2 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान पर अमृता कुमारी 92.4 प्रतिशत और पंचम स्थान पर तनु कुमारी 92 प्रतिशत, छठे स्थान पर प्राची कुमारी 91.6 प्रतिशत, सातवें स्थान पर जिज्ञासा कुमारी 91.4 प्रतिशत, आठवें स्थान पर अराधना कुमारी 91 प्रतिशत, नौवें स्थान पर सुजल चंद्र 89.4 प्रतिशत और दसवें स्थान पर साक्षी मुंडा 89 प्रतिशत रहीं। विद्यालय के कुल 58 छात्रों में 52 प्रथम श्रेणी और 6 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 10 छात्रों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुआ। विद्यालय से अब तक कुल 1138 छात्र मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके हैं, जिसमें 756 प्रथम श्रेणी, 342 द्वितीय श्रेणी और 40 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के निदेशक सुजीत कुमार केशरी, शेखर कुमार और दीपक चौरसिया ने छात्रों की सफलता पर छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी है।

कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई 23 अप्रैल को

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गई। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान की। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 23 अप्रैल निर्धारित की है। करोड़ों रुपए के कोल लिंकेज के हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। ईडी ने 15 मार्च को अदालत में इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्य के साथ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी थी कि इजहार कैसे कोयले के कारोबार में संलिप्त था और अवैध कोयले के कारोबार से कैसे अकूत संपत्ति अर्जित की। इजहार अंसारी कई शेल कंपनियों के संचालक हैं। वह शेल कंपनियों के जरिए काले धन का संचालन करता है। 16 जनवरी को ईडी ने इजहार अंसारी के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी में 13 लाख कैश के साथ कई अहम दस्तावेज ईडी ने बरामद किया था। इजहार पर 86568 टन कोयला मंडी में बेच कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का भी आरोप है।

दिग्गज पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर पहुंचे ओरमांझी, छोटी बच्चियों के साथ मैदान पर बिताया समय

बच्चों को खेल के प्रति करें प्रोत्साहित : सचिन तेंदुलकर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर अपनी पत्नी अंजलि के साथ शनिवार की सुबह रांची पहुंचे। उनका बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत हुआ।

उन्होंने ओरमांझी में 'सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन' द्वारा आयोजित फुटबॉल कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने छोटी बच्चियों के साथ मैदान पर समय बिताया। उन्होंने बच्चियों के साथ खेला भी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी ने रांची के रूक्का डैम के पास स्थित स्कूल में युवा फाउंडेशन की नन्ही फुटबॉल खिलाड़ियों से बातचीत की। बता दें कि सचिन तेंदुलकर की संस्था युवा फाउंडेशन के साथ मिलकर युवा फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करती है। सचिन ने बच्चियों के माता-पिता से इन्हें खेल के प्रति प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने कहा, बच्चों को खेलते देख मुझे अपना बचपन याद आ गया। मुझे कई बच्चों से प्रेरणा मिली, क्योंकि उनके लिए यह यात्रा आसान नहीं है। घर से भी उनके जीवन में कई कठिनाइयां आती हैं। वे फुटबॉल खेलने जाते हैं, जो कभी-कभी माता-पिता को पसंद नहीं आता। मैं उनसे कहना चाहूंगा कि वे बच्चों को प्रोत्साहित करें और उनका समर्थन करें। ये बच्चे उनके चेहरे पर मुस्कान लाएंगे। सचिन ने अपनी संस्था 'सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन' के विषय में भी बात की। उन्होंने कहा, यह तीन क्षेत्रों - शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य में काम करता है। शिक्षा इसलिए है, क्योंकि मेरे पिता एक प्रोफेसर थे। स्वास्थ्य इसलिए है, क्योंकि मेरी पत्नी एक डॉक्टर है। खेल इसलिए है, क्योंकि मैं इसमें रुचि रखता हूं। अगर तीनों को एक साथ रखा जाए, तो यह देश के भविष्य को आकार दे सकता है। सचिन ने 'युवा फाउंडेशन' की भी तारीफ की। उन्होंने आगे कहा, इसकी टीम लड़कियों के कौशल को निखार रही है, उनके जीवन को बदल रही है, उनके जीवन को दिशा दे रही है।

अभियुक्त ने 44 साल बाद किया दोष स्वीकार कोर्ट ने सुनाई सजा

राची। रांची की निचली अदालत में मटका खेलने से संबंधित 44 साल पुराने एक मामले का सफलतापूर्वक निष्पादन शनिवार को किया गया। 43 साल से फरार अभियुक्त मंसूर आलम ने शनिवार को न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश बेहरा की अदालत में उपस्थित होकर अपना जुर्म कबूल किया। इस पर अदालत ने दोषी अभियुक्त को जुमार्ना लगाया। अभियुक्त पर 1980 में मटका खेलने के आरोप में संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में जांच कर रहे अधिकारियों ने जांच पूरी करते हुए 17 सितंबर 1980 को अभियुक्त के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। दाखिल चार्टशीट पर तत्कालीन अदालत ने संज्ञान लेते हुए अभियुक्त मंसूर आलम के खिलाफ समन जारी किया था।

सुप्रभात रांची

रिम्स में पहले चरण में कई कार्य करना है। पहला कार्य रिम्स में ऊपर से लेकर नीचे तक सभी को अनुशासन सीखना है। दूसरा, इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है। तीसरा, रीजनल थेलमिक केंद्र के अधूरे पड़े कार्य को पूरा करना है। साथ ही, रिम्स में चल रहे रिनोवेशन प्रोग्राम को भी पूरा करना है। चुनाव के बाद खरीदारी की प्रक्रिया को तेज और सुगम कर दिया जाएगा। इसी कड़ी में एमआरआई, अल्ट्रासाउंड सहित बंद पड़े सभी मशीन व उपक्रम को चालू किया जाएगा। साथ ही, संस्थान में मैनपावर भी बढ़ाया जाएगा।

प्रो (डॉ) राजकुमार
निदेशक, रिम्स, रांची

एक नजर

छात्र आजसू ने गर्मी को देखते हुए की समय सारणी में बदलाव की मांग

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार एवं शिक्षा सचिव से मांग की कि सभी जिलों में अत्यधिक बढ़ती गर्मी, हीट वेव के प्रकोप को देखते हुए तुरंत ही राज्य के स्कूल एवं कॉलेज की समय सारणी में बदलाव किया जाए।

रांची में ब्राउन शुगर के तीन कारोबारी गिरफ्तार

रांची। राजधानी के सुखदेवनगर थाने की पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने के मामले में तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुकेश राय, मुकेश तिर्की और रंजन कुमार सिंह शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने 1.56 ग्राम ब्राउन शुगर, दो मोबाइल फोन, एक होंडा साइन बाइक और 20 हजार 500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर बड़ा पुल के पास कुछ लोगों के जरिये प्रतिबंधित नशीले पदार्थ की अवैध रूप से खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को पकड़ा। गिरफ्तार तस्करों का पूर्व का भी आपराधिक इतिहास रहा है।

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गौ सेवा

रांची। रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में शनिवार को हरमू रोड गौशाला में गौ सेवा की गई। गौ सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल ने गौ सेवा की सारी तैयारियां की। मौसम को देखते हुए गौ माता को खीरा और हरी सब्जियां खिलाई गईं। इसमें सभी बहनों ने साथ दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, आशा संथोलिया, डोली बंसल, रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, पूजा तोदी आदि मौजूद थीं।

रिम्स में न्यूरो वार्ड का हाल बदहाल

जितने मरीज बेड पर, उतने जमीन पर

अमित कुमार। रांची

राज्य के सबसे बड़े अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के न्यूरो सर्जरी वार्ड में जितने मरीजों का बेड पर इलाज हो रहा है, उतने ही मरीजों का इलाज जमीन पर हो रहा है। आलम यह है कि गलियारा में मरीज भरे पड़े हैं। ऐसे में वहां आने-जाने वाल लोगों को काफी परेशानी होती है। गर्मी के मौसम में मरीज गलियारे में ही जमीन पर लेटे पड़े हैं। वहां ना तो पंखे की सुविधा है, और ना ही शौचालय की। ऐसे में रिम्स को सुपरस्पेशियलिटी से लेकर तमाम सुविधाओं से लैस करने का विभागीय दावा दिन में सपने दिखाने जैसा है। क्योंकि, जहां मरीजों को बेड तक नहीं मिल पा रहा है, वहां अत्याधुनिक सुविधाओं की उम्मीद करना स्वयं को भ्रम में रखने जैसा है। न्यूरो वार्ड तृतीय तल्ला पर मौजूद है। यहां न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष का कक्ष, न्यूरो सर्जरी यूनिट इंचार्ज का कक्ष, न्यूरो सर्जरी आईसीयू, एचडीयू, न्यूरो सर्जरी कक्ष, डॉक्टरों के लिए रेजीडेंट ड्यूटी कक्ष, विभाग का कार्यालय, नर्सिंग सिस्टर इंचार्ज कक्ष भी मौजूद हैं। अर्थात, सभी व्यवस्थाएं मरीज के इलाज के लिए हैं। लेकिन, इससे मरीजों को क्या फायदा हुआ, जबकि उनका इलाज फर्श पर ही हो रहा है।

जरूरत 400 बेड की, पर उपलब्ध ढाई सौ

न्यूरो सर्जरी डी-2 तथा सी-1 वार्ड सहित आइसीयू में कुल 210 बेड मौजूद हैं। वहीं, 35 बेड पुराने इमरजेंसी वार्ड में हैं। जबकि, फर्श पर इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 100 से अधिक है। इस तरह न्यूरो वार्ड में करीब 400 बेड की जरूरत है, जबकि करीब ढाई सौ बेड ही उपलब्ध हैं।

न्यूरो वार्ड में अन्य वार्ड से ज्यादा हैं मरीज

हॅस्पिटल का यह वार्ड ऐसा है, जहां मरीजों की संख्या कभी घटती नहीं है। हर दिन एक्सीडेंट के कारण इस वार्ड में मरीज भरे रहते हैं। यहां बंगाल, ओडिशा, बिहार आदि राज्यों से दुर्घटना के शिकार हुए मरीजों को लाया जाता है। मरीजों के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण अक्सर जमीन पर बेड लगाकर उनका इलाज चलता है।

सबसे अधिक मरीज न्यूरो वार्ड में ही आते हैं। इसको ध्यान में रख कर पुराना इमरजेंसी को न्यूरो वार्ड के लिए तैयार किया गया था। लेकिन, अब भीड़ पहले से अधिक होने लगी है। ऐसे में आंख विभाग के लिए अगल भवन तैयार हो रहा है। यह भवन तैयार होने के बाद न्यूरो का एक बड़ा हिस्सा उसमें हस्तांतरित कर दिया जाएगा। भविष्य में मरीजो की संख्या और अधिक बढ़ेगी, तो उसके लिए अलग से न्यूरो भवन तैयार किए जाने की योजना है। वहां एक ही छत के नीचे सभी कार्य होंगे। यह योजना अभी पाइपलाइन में है। चुनाव के बाद बदलाव दिखने लगेगा।

- हिरेन बिरुआ, सुप्रिटेंडेंट, रिम्स

अग्रवाल सभा सामाजिक एवं जनसेवा का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है : ओपी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अग्रवाल सभा द्वारा संचालित महाराजा अग्रसेन भवन में शनिवार को बहुउद्देशीय सभागार का उद्घाटन किया गया। अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित समारोह में सभागार का उद्घाटन अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने फीता काटकर एवं श्रीफल फोड़कर किया। इसके बाद अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, पवन कुमार पोद्दार सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने श्री गणेशजी एवं महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प एवं प्रसाद चढ़ाकर सभागार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ता ओमप्रकाश अग्रवाल ने बधाई देते हुए कहा कि अग्रवाल सभा विगत कई वर्षों से जनसेवा, कल्याणकारी, रचनात्मक एवं सामाजिक कार्यों को कर एक उत्कृष्ट पहचान बनाई है। महाराजा अग्रसेन भवन को भी पूर्ण सुविधा युक्त बनाया गया है। अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कहा कि अग्रवाल सभा अग्रसेन भवन के आधुनिकीकरण के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। इसी क्रम में भवन के आधार तल्ला मे एक बहुउद्देशीय सभागार का निर्माण कराया गया है। कई अन्य जन उपयोगी कार्य भी कराए जा रहे हैं।समारोह की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने की। संचालन अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज कुमार चौधरी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार ने किया। कार्यक्रम मे सभी आगंतुक अतिथियों एवं अग्रसेन भवन के सभी कर्मियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

महाराजा अग्रसेन भवन में बहुउद्देशीय सभागार का हुआ उद्घाटन

श्याम मित्र मंडल का 108वां भंडारा हुआ भक्तिमय

नवीन मेल संवाददाता। रांची

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को श्री श्याम मित्र मंडल का 108वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में गिरिश अग्रवाल, सरिता अग्रवाल एवं परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, रिद्धि सिद्धि, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालिग्रामजी, गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। 'आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी' के लोकप्रिय भजन का गायन करके यजमानश्री अग्रवाल परिवार ने खाटूनरेश की मनुहार की। भोग लगे प्रसाद को अग्रवाल परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमानश्री परिवार के गिरिश अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल ने श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का वितरण किया। आज के श्री श्याम भंडारे में पुलाव, पूड़ी, पंचमेला, मिक्स सब्जी, खीर, चूरमा, केसरिया जलेबी, आम के शरबत का प्रसाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा निर्देश में श्री श्याम मंदिर में निर्मित किया गया था। लगभग 2500 से ज्यादा भक्त जनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, अनिल नारनौली, पूर्व सांसद अजय मारू, वेद भूषण जैन पप्पू, रंजना जैन, अभिषेक सरावगी, सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

श्री सुंदरकांड पाठ 23 को

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा मंगलवार (23 अप्रैल) को संध्या 4:30 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 98वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक संगीतमय पाठ का आयोजन होगा। मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य द्वारा पाठ करवाया जाएगा। प्रमोद पोद्दार, पूनम पोद्दार अपने परिजनों के साथ बजरंगबली की पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे। मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने सभी भक्तों को आमंत्रित किया है।

पशुपतिनाथ मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) परिसर स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर के पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के पहले दिन शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। मंदिर परिसर से सुबह 7:00 बजे निकली कलश यात्रा कांके ब्लॉक चौक होकर जुमार नदी होचर की तरफ गई, जहां से सभी श्रद्धालुओं ने जल भरकर वापस मंदिर परिसर आकर वहां कलश स्थापित किया। कार्यक्रम के संयोजक पंकज वत्सल ने बताया कि कलश यात्रा का नेतृत्व पांच तपस्वी यजमान जोड़ी- डॉ दयानंद तुरी एवं डॉ नरगिस कुमारी, डॉ सरोज ठाकुर एवं डॉ नंदनी कुमारी, रामप्रीत सिंह एवं शांति देवी, प्रभात कुमार एवं रेणु देवी तथा विजय रामानंदी एवं गीता कुमारी ने किया। इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देने के लिए रांची के सांसद संजय सेठ, कांके के विधायक समरी लाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, भाजपा नेता अनिल महतो टाइगर, देवेंद्र स्वामी, बिंदु भूषण दुबे, जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्र संयोजक संदीप उरांव, रांची जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव, भारतीय मजदूर संघ के प्रांत संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार, वीएचपी के प्रांत गोरक्षा प्रमुख गिरजा शंकर पांडेय तथा पशुपतिनाथ टेंपल मैनेजमेंट सोसायटी के अध्यक्ष डॉ रामदेव प्रसाद गुप्त भी उपस्थित थे। कलश यात्रा में बीएयू के शिक्षकों, कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं के अलावा होचर, हुसीर, संग्रामपुर, दुबलिया, अरसंडे, सुकुरहुट्टू, सहित एक दर्जन गांवों तथा रांची शहर के लोगों ने भाग लिया।

सीसीएल मुख्यालय में आईएसटीडी के दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का समापन

तकनीक के बावजूद सफलता के लिए ह्यूमन टच जरूरी : हर्षनाथ मिश्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सीसीएल मुख्यालय, रांची के कन्वेंशन सेंटर में 'एमपावरिंग एचआर फॉर एंब्रेसिंग न्यू टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' विषय पर इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) का दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का शनिवार को समापन हुआ।

हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल ने सभी वक्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस सम्मेलन का आयोजन का उद्देश्य मानव संसाधन विकास एवं प्रबंधन के क्षेत्र में आ रहे तकनीकी परिवर्तनों से प्रतिभागियों को अवगत कराना था। सभी प्रतिभागियों को इस दो दिवसीय सम्मेलन के व्याख्यान एवं रिसर्च पेपर प्रस्तुतीकरण से निश्चित रूप से लाभ होगा। उन्होंने कहा कि तकनीकों के इस्तेमाल के बावजूद भी सफलता के लिए ह्यूमन टच जरूरी है। शनिवार को कांफ्रेंस तीन सत्रों में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में प्रतिभा प्रबंधन के माध्यम से 'मानव संसाधन उत्कृष्टता का प्रबंधन' पर चर्चा हुई। निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल मुरली कृष्ण रमैया ने इस सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में मानव संसाधन में प्रतिभा प्रबंधन पर प्रकाश डाला। प्रथम सत्र में निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी, संजीव शेखर ने विषय विशेष पर व्याख्यान दिया। वहीं, प्रो वैष्णवी जगदीश साहू ने सबके सम्मुख रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया। इस सत्र के समन्वयक पूर्व महाप्रबंधक, सेल, डॉ हरिहरन थे। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता निदेशक (तकनीकी), मेकॉन अमित राज ने की। इस सत्र में मानव संसाधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी के नए आयाम पर चर्चा हुई। इस सत्र में सुजुकी के मानव संसाधन के प्रमुख मुशर्रत हुसैन एवं टाटा कंसल्टेंसी के शरत चंद्रा ने उपरोक्त विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत की। डॉ कुमार मोहित स्प्रिंग ने विषय विशेष रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया।

तृतीय सत्र की अध्यक्षता पूर्व सीएमडी, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, अरुण कुमार शुक्ला ने की। इस सत्र का विषय 'सस्टेनेबिलिटी एंड एक्सपोनेंशियल ग्रोथ' था। इस सत्र में कार्यकारी निदेशक, आईआईसीएम, डॉ कामाक्षी रमन एवं डॉ रोहित कुमार ने संबंधित विषय पर व्याख्यान दी। कार्यक्रम के अंत में समापन समारोह में झारखंड टेक्निकल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डीके सिंह, राष्ट्रीय ट्रेजरर, आईएसटीडी, एन. पाणी एवं निदेशक (कार्मिक), सीसीएल हर्ष नाथ मिश्र उपस्थित थे।

प्रकृति लेडीज ने सेवा सदन को दिया 6 पीस बेबी हाई चेयर

रांची। नागरमल मोदी सेवा सदन के दूसरे तल्ले पर स्थित सभागार में शनिवार को रांची की प्रकृति लेडीज संस्था ने एक समारोह में 6 पीस बेबी हाई चेयर अनुदान स्वरूप सेवा सदन को प्रदान किया। बेबी हाई चेयर का उपयोग पीआईसीयू में भर्ती बच्चों के लिए किया जाएगा। समारोह में सदन की उपाध्यक्ष रेखा जैन, सहायक सचिव पवन शर्मा, कोषाध्यक्ष अरुण खेमका, वरुण जालान, सदन के चीफ मेडिकल एडमिनिस्ट्रेटर डॉ विजय शंकर दास तथा नर्सिंग सुप्रीटेंडेंट उपस्थित थीं।

बायोटेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन : विशाल यादव

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की मारवाड़ी महाविद्यालय इकाई के अध्यक्ष विशाल कुमार यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार से मुलाकात कर उन्हें बायोटेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं की समस्या से अवगत कराया। मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मनोज कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक से बात कर छात्र-छात्राओं के हित में केमिस्ट्री विषय की परीक्षा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के अध्यक्ष विशाल कुमार यादव ने महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार को छात्र-छात्राओं की समस्या से संबंधित मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण बायोटेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है। जब इन छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में एडमिशन लिया था, उसे समय महाविद्यालय ऑटोनॉमस था। परंतु, 2022 में महाविद्यालय का ऑटोनॉमी वापस लेकर इसे रांची विश्वविद्यालय के अधीन कर दिया गया। 2024 में पुनः महाविद्यालय को ऑटोनॉमी वापस दिया गया। ऑटोनॉमी के सिलेबस के अनुसार छात्र-छात्राओं को केमिस्ट्री का पेपर पढ़ना था, वहीं विश्वविद्यालय के सिलेबस में एनवायरमेंटल स्टडीज पढ़ना था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सेमेस्टर 4 की परीक्षा में एनवायरमेंटल स्टडीज पढ़ा कर उसे पेपर की परीक्षा ले ली।

मारवाड़ी कॉलेज के धीरज साह का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

रांची। मारवाड़ी कॉलेज में पढ़ रहे धीरज कुमार साह का एयरटेल में टेरिटरी सेल्स मैनेजर के रूप में कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। धीरज अभी एमबीए द्वितीय वर्ष में पढ़ रहे हैं। एयरटेल द्वारा धीरज को पहले 3 महीने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस दौरान उन्हें 25 हजार रुपया प्रति माह स्टाइपेंड मिलेगा। तीन महीने बाद जॉब के दौरान नॉन मेट्रो शहर में 4.5 लाख एवं मेट्रो शहर में 5 लाख रुपया सलाना दिया जाएगा।

इस अवसर पर कॉलेज के प्रचार्य डॉ मनोज कुमार, एमबीए कोऑर्डिनेटर डॉ आरआर शर्मा, प्लेसमेंट सेल इंचार्ज अनुभव चक्रवर्ती और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्राची प्रसाद, डॉ तौसीफ अहमद, डॉ संतोष यादव, डॉ अब्दुल्ला, डॉ रंजय कुमार द्वारा विद्यार्थी को नियुक्ति पत्र दिया गया और उनके आगे के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। मौके पर डॉ मनोज कुमार ने कहा कि विद्यार्थी को दिए गए हर अवसर का लाभ ले मारवाड़ी कॉलेज के एमबीए के विद्यार्थियों को टीसीएस और अन्य कंपनियों के ऑफर का लाभ उठाना चाहिए।

11वीं इमा कप सिकोकाई रांची जिला कराटे चैंपियनशिप शुरू

रांची। सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वावधान में 11वीं इमा कप सिकोकाई रांची जिला कराटे चैंपियनशिप का शनिवार को आगाज हुआ। इस प्रतियोगिता की मेजबानी बिशप स्कूल बहुबाजार कर रहा है। चैंपियनशिप के पहले दिन इमा कराटे स्टूडियो के खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण, 5 रजत एवं 6 कांस्य पदक जीते। 5 वर्ष से कम आयु वर्ग के काता स्पर्धा में प्रेस क्लब के देवांश मुंडा ने स्वर्ण पदक जीत कर प्रेस क्लब का खाता खोला। 5 वर्ष से कम आयु वर्ग के काता स्पर्धा में इमा कराटे स्टूडियो की रीत्सिका अन्वी ने स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता से पूर्व दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि अजय नाथ शाहदेव ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि झारखंड के खिलाड़ी जिस प्रकार से कराटे खेल में आगे बढ़ रहे हैं, वह समय दूर नहीं कि जल्द ही यहां भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदक आएंगे। इमा खिलाड़ियों को एक अच्छा मंच प्रदान कर रहा है।

राहुल और लालू समेत कई नेता आज सुबह पहुंचेंगे

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल होंगे। कांग्रेस के दोनों बड़े नेता रविवार को सुबह रांची एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, वहां से वे सीधे होटल रेडिशन ब्लू जाएंगे। होटल में कुछ देर रूकने के बाद सीधे प्रभात तारा मैदान में आयोजित रैली में शामिल होंगे। इसके पहले राहुल गांधी शनिवार को भी झारखंड आएं थे, लेकिन देवघर एयरपोर्ट से सीधे भागलपुर के लिए रवाना हो गए। जहां झारखंड के कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। देवघर एयरपोर्ट पर गोड्डा से लोकसभा चुनाव 2024 की उम्मीदवार दीपिका पांडेय सिंह और अन्य कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी की अगवानी की। उनके आलावा पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव और जामताड़ा के चर्चित विधायक इरफान अंसारी और अन्य स्थानीय नेता भी मौजूद थे। उलगुलान रैली में राजद सुप्रीमो लालू यादव के भी शामिल होने की सूचना है, उनके साथ बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी पहुंचेंगे।

भागलपुर जाने के क्रम में शनिवार को देवघर पहुंचे राहुल, दीपिका पांडेय सिंह व अन्य ने किया स्वागत

इंडी गठबंधन के उलगुलान रैली के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था, हर चौक चौराहे पर सुरक्षाकर्मी

राजधानी के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडी गठबंधन की उलगुलान रैली अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किया गया है। इस रैली में देश के दो दर्जन से अधिक बड़े नेता शामिल हो रहे हैं। इनमें कई नेताओं को जेड और एसपीजी श्रेणी की सुरक्षा मिली है, इसलिए उसी स्तर की पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। एयरपोर्ट, होटल से लेकर रैली स्थल और सर्किट हाउस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। सभी स्थानों की सुरक्षा के लिए 2,000 अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। साथ ही ट्रैफिक रूट में भी बदलाव किया गया है। दो दर्जन से अधिक नेता होंगे शामिल इस महारैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव के आलावा कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, आम आदमी पार्टी की सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवन्त मान, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी, टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन, माले के दीपांकर भट्टाचार्य सहित कई नेता शामिल होंगे।

एक मंच पर दूसरी बार होंगी कल्पना और सुनीता

कल्पना और सुनीता दिल्ली में इंडी गठबंधन की रैली में पहली बार दिल्ली की सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन एक साथ पहली बार मौजूद थी, एक बार फिर दोनों रांची की रैली में एक मंच पर दिखेंगी। दिल्ली की रैली अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद योजित किया गया था, रांची की रैली हेमंत सोरेन के जेल जाने के विरोध में आयोजित की गई है।

झामुमो विधायक लोबिन नहीं होंगे शामिल

लोबिन हेम्ब्रम उलगुलान रैली की सफलता के लिए इंडी गठबंधन पूरी ताकत के साथ जुटा है, वहीं झामुमो के क विधायक लोबिन हेम्ब्रम अब भी बागी तेवर अपनाए हुए हैं। विधायक लोबिन हेंब्रम ने इस महारैली को लेकर ना सिर्फ सवाल उठाया है, बल्कि इसमें शामिल होने से भी साफ इंकार कर दिया है। उल्टे लोबिन सवाल करते हुए कहा कि आज पूरे गठबंधन के साथ उलगुलान करने की नौबत क्यों आ गई है। अगर कुछ था तो झामुमो अकेला ही काफी था। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि शिबू सोरेन ने तो अकेले ही झारखंड राज्य के लिए आंदोलन किया था। तब तो कोई उनके साथ नहीं था,कोई गठबंधन नहीं था। वह सच्चाई की लड़ाई थी और उनकी अगुवाई में राज्य अलग हुआ।

न्यूज बॉक्स

हटिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

रांची। रांची संसदीय क्षेत्र के हटिया विधानसभा में भाजपा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रांची के लोकप्रिय विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, विधायक समरी लाल, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, संयोजक संजीव विजय वर्गीय ,सहसंयोजक रमाकांत महतो, विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी विधायकों ने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव देश के दिशा और दशा तय करेगी, इसलिए हम सबों को 25 मई को अपने-अपने बूथ पर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की जरूरत है। इस अवसर पर सांसद सेठ ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं। देश में पहली बार महिलाओं को मिला सम्मान मोदी जी ने देश की महिलाओं को एक बड़ा उपहार दिया है, 33 परसेंट आरक्षण के रूप में अब संसद में पुरुषों के बराबर में महिलाएं सांसद बनेगी देश के हर पदों पर महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

इंडियन मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष व महासचिव सहित कई नेता राजद में शामिल

रांची। राष्ट्रीय प्रदेश कार्यालय में इंडियन मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष साजिद आलम,महासचिव जसीम अख्तर, शबनम खातून सहित तमाम पदाधिकारी एवं सैकड़ों लोगों के साथ राजद में शामिल हो गए। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कु सिंह यादव ने नेताओं और पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि पार्टी में सभी को सम्मान मिलेगा। राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने सभी शामिल साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इंडियन मुस्लिम लीग के सभी लोग राजद के विचारधारा और राजद अध्यक्ष लालू प्र यादव एवं यूथ आइकॉन तेजस्वी यादव के नीतियों का अपनाकर पार्टी में शामिल होकर राजद को मजबूती प्रदान करने का काम किया है, इंडियन मुस्लिम लीग के अलावा विभिन्न पार्टी के लोग शामिल हुए हैं।

सेना की जमीन की खरीद-बिक्री के आरोपित अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला 25 को

रांची। बरियातू स्थित सेना की 4.55 एकड़ भूमि की खरीद-बिक्री मामले में आरोपित अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट अब 25 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। इससे पूर्व दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला 20 अप्रैल तक के लिए सुरक्षित रख लिया गया था लेकिन शनिवार को अदालत के नहीं बैठने के कारण आदेश पारित नहीं किया जा सका। फिलहाल अफसर अली पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में ईडी के रिमांड पर है। अफसर अली के खिलाफ मामले में चार्जशीट दाखिल हो गया है और जांच भी पूरी हो गई है। ईडी ने अफसर अली को कोर्ट के अनुमति से 14 अप्रैल, 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। मामले में अब उस पर आरोप गठन की प्रक्रिया होनी है, जिसे देखते हुए उसकी ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया।

निलंबित सीई वीरेंद्र राम सहित पांच आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि चार मई तक बढ़ी

रांची। धन-शोधन (मनी लॉन्डरिंग)) मामले के आरोपित जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन सहित पांच आरोपितों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिरसा मुंडा जेल से ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को हुई। कोर्ट ने इनकी न्यायिक हिरासत अवधि चार मई तक के लिए बढ़ा दी है। ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 22 फरवरी, 2023 को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इनके तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता और राम प्रकाश भाटिया को भी ईडी ने इस मामले में गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गयी संपत्ति वीरेंद्र के जरिये टेंडर में कमीशन से उगाही कर अर्जित की गई है।

पत्नी का बार-बार रेप करने के आरोपी पर नहीं चलेगा केस, कोर्ट ने स्वीकार किया डिस्चार्ज पिटीशन

रांची। रांची की सिविल कोर्ट ने एक व्यक्ति को अपनी पत्नी का बार-बार रेप करने के आरोपों से मुक्त कर दिया है। महिला ने डोरंडा थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर में आरोप लगाया था कि पति ने उसकी मर्जी के खिलाफ बार-बार उससे जबरन यौन संबंध बनाया। इससे वह शारीरिक और मानसिक तौर पर आहत हुई है। केस के इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर ने आईपीसी की धारा 376(2)(एन) और 417 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान भी लिया था। आरोपी ने इसके बाद रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की कोर्ट में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी। इस पर सुनवाई और विभिन्न पक्षों की बहस के बाद कोर्ट ने पिटीशन को स्वीकार कर लिया है।

एकाउंटेंट संजय कुमार हत्याकांड के आरोपित की जमानत याचिका खारिज

रांची। अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शनिवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व शुक्रवार को अदालत ने मामले के एक अन्य आरोपित डब्लू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मामले में दोनों पर आरोप है कि राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शूटरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। हत्याकांड को लेकर एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 10 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के दर्ज कराई गई थी।

दो नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के मामले में दो नाबालिग निरुद्ध, एक बालिग को भेजा जेल

रांची। राजधानी के मांडर थाना क्षेत्र में दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने शनिवार को दो नाबालिग लड़कों को निरुद्ध किया है जबकि एक युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित नाबालिग लड़की की मां ने बताया है कि उसकी बेटी गुरुवार को मौसेरी बहन के साथ चान्हो में मेला देखने गई थी। उसकी बेटी के साथ दो लड़के भी थे, जो पूर्व से उनके परिचित थे। मेले से लौटने के दौरान आरोपितों ने रास्ते में ही एक खाली मकान में डरा-धमकाकर दोनों नाबालिगों के साथ दुष्कर्म किया। जब दोनों नाबालिग गुरुवार देर रात तक घर नहीं लौटी तो परिजन उनकी तलाश के लिए निकले। काफी खोजबीन के बाद भी परिजनों को उनका कुछ पता नहीं चला। इसी दौरान एक नाबालिग आरोपितों के चंगुल से आधी रात को ही भाग खड़ी हुई। इस बीच उस लड़की की मुलाकात परिजनों से हुई, जिसके बाद उसने पूरी घटना की जानकारी दी। परिजनों ने शुक्रवार को मांडर थाना पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दूसरी पीड़िता को खलारी-बिजुपाड़ा मार्ग के पास स्थित जंगल से खोज निकाला।थाना प्रभारी राहुल ने शनिवार को बताया कि दो नाबालिग लड़कियों के साथ हुए दुष्कर्म के तीनों आरोपितों को पकड़ लिया गया है। इनमें से दो आरोपित नाबालिग हैं, जिनको निरुद्ध किया गया है। उन्हें रिमांड होम भेजा गया है। एक बालिग आरोपित को जेल भेजा गया। मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एक नजर

पद्मभूषण कड़िया मुंडा को अर्जुन मुंडा ने दी जन्मदिन की बधाई

खूंटी। भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को पद्मभूषण कड़िया मुंडा के अनिगड़ा स्थित आवास जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके बेहतर स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। केंद्रीय मंत्री ने कड़िया मुंडा के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। खूंटी से आठ बार सांसद, कई बार केंद्रीय मंत्री और लोकसभा के उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा अपने जीवन के 88 बसंत देख चुके हैं। उनका जन्म 20 अप्रैल 1936 को हुआ था। जन्मदिन के मौके पर कड़िया मुंडा को कई लोगों ने उनके आवास जाकर उन्हें शुभकामनाएं दी।

सद्दाम हुसैन का पुलिस रिमांड खत्म, वापस पहुंचा होटवार जेल

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले में पिछले 12 दिनों से आरोपी सद्दाम हुसैन से ईडी ने रिमांड में पूछताछ कर रही थी। पुलिस रिमांड की अवधि पूरी होने पर शनिवार को ईडी ने आरोपी सद्दाम को कोर्ट में पेश किया । जहां से अदालत ने उसे पुनः न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया है। मामले में अब पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ सद्दाम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया जाएगा। ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में 9 अप्रैल को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया था। पूछताछ के दौरान ही ईडी को कई अहम जानकारी मिली। जिसके आधार पर ईडी ने जेएमएम नेता अंतू तिर्की समेत चार आरोपियों के ठिकाना पर छापामार की थी।

उलगुलान न्याय महारैली में दिखेंगे इंडी गठबंधन के सभी उम्मीदवार व नेता

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची । झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की तरफ से रविवार को उलगुलान न्याय महारैली से लोकसभा चुनाव का शंखनाद होगा। साथ ही इंडी गठबंधन इस रैली के जरिए एकजुटता का भी परिचय देकर चुनावी मैदान में उतरेगा। इस रैली में गठबंधन के सभी उम्मीदवार मंच पर दिखेंगे। वैसे तो इंडी गठबंधन अब तक 11 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुका है। बची तीन लोकसभा सीटों रांची, जमशेदपुर और पलामू की घोषणा होनी बाकी है। रांची लोकसभा सीट कांग्रेस कोटे में है। इस सीट से सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय का नाम सबसे आगे चल रहा है। इसके साथ मंत्री बन्ना गुप्ता के नाम की चर्चा केंद्रीय चुनाव समिति में चल रही है, जिस पर पार्टी निर्णय ले सकती है। हालांकि, रांची लोकसभा के लिए सुबोधकांत सहाय की बेटी के नाम पर आलाकमान अंतिम निर्णय ले सकता है। जेएमएम कोटे की जमशेदपुर लोकसभा सीट से आस्तिक महतो और पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के नाम पर मुहर लग सकती है जबकि पलामू लोकसभा सीट राजद के खाते में है और इस सीट से आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है। सुबोधकांत सहाय की बेटी के नाम पर केंद्रीय नेतृत्व राजी होता है, तो चुनावी मैदान में कांग्रेस की तीन महिला उम्मीदवार होंगी। गोड्डा से प्रदीप यादव का नाम आगे था।

उलगुलान रैली मे चुनाव आचार संहिता का हो रहा है उल्लंघन

रांची। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को चुनाव आयोग पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग में शिकायत दर्ज कराई कि रविवार को होने वाले उलगुलान रैली में आदर्श चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव और न्यायिक मामले के सह प्रमुख प्रकाश झा मौजूद थे। रैली को लेकर जिस तरह इंडी गठबंधन के सहयोगी दलों ने जिस तरह खुलेआम गाड़ियों में झंडा बैनर और पोस्टरों /होर्डिंग लगाया है ये आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की सार्वजनिक संपति विरूपण एक्ट 1987 अभी रांची मे प्रभावी है क्योंकि यहां पर अभी चुनाव अधिसूचना जारी नहीं हुआ है। इस एक्ट के तहत कोई भी व्यक्ति किसी पार्टी का झंडा बैनर अपने घर या सार्वजनिक जगह पर नहीं लगा सकता है।

नाली व पीसीसी रोड की मानसिकता से निकलना होगा : अर्जुन मुंडा

खूंटी। खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और जनजातीय मामलों तथा केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमें नाली और पीसीसी रोड की मानसिकता से निकलना होगा। यह लोकसभा चुनाव है, जो देश का भविष्य निर्धारित करेगा। इसलिए लोगों को राष्ट्र हित में सोचकर मतदान करना चाहिए। अर्जुन मुंडा शनिवार को मरचा गांव में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल होने के बाद खूंटी लौटने के क्रम में तोरपा स्थित भाजपा के विधानसभा स्तरीय कार्यालय में कार्यकर्ताओ के साथ चाय पे चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपको बताना होगा कि केंद्र सरकार से आप किस तरह की योजना चाहते हैं। ऐसी योजनाओं की मांग करें, जिससे क्षेत्र का विकास हो। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को शिकायत रहती है कि अर्जुन मुंडा गांवों में नहीं जाते। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खूंटी संसदीय क्षेत्र में पांच हजार से अधिक गांव हैं।

भ्रष्टाचारियों का, भ्रष्टाचारियों के लिए तथा भ्रष्टाचारियों के द्वारा आयोजित है रैली

उलगुलान जैसे क्रांतिकारी शब्द का प्रयोग कर भगवान बिरसा मुंडा को अपमानित कर रहा इंडी गठबंधन : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इंडी गठबंधन के द्वारा आयोजित उलगुलान रैली पर तीखा हमला किया है। प्रदेश मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में बाजपा नेता ने कहा कि आदिवासी समाज की जमीनों और उनके संसाधनों को लूटने और तबाह करने वालों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए तथा इतिहास में झांककर इंडी गठबंधन के साथियों को एक बार उलगुलान विद्रोह को फिर से पढ़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उलगुलान विद्रोह मूल निवासियों के संसाधनों, उनकी जमीनों और उनके अधिकारों को जमीदारों और साहूकारों द्वारा छीने जाने के विरोधस्वरूप उत्पन्न हुआ था। लेकिन आज इंडी गठबंधन उन्हीं साहूकारों और जमींदारों की तरह आदिवासी समाज की जमीनों को हड़पकर उलगुलान जैसे शब्दों का उपयोग कर उसका राजनीतिकरण कर जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि आज हेमंत के नेतृत्व में उन्हीं आदिवासी समाज की पुश्तैनी जमीनों को अवैध तरीके से कब्जा जमाकर बैंक्वेट हॉल बनाने का सपना संजोया जा रहा है, ऐसे व्यक्ति के लिए उलगुलान जैसे क्रांतिकारी शब्द का प्रयोग करके भगवान बिरसा मुंडा जी को अपमानित किया जा रहा है।

उलगुलान विद्रोह को लेकर आदिवासी कवि हरीराम मीणा ने भगवान बिरसा मुंडा पर कविता लिखी थी जिसकी चंद पंक्तियां इस प्रकार हैं

मैं केवल देह नहीं,
मैं जंगल का पुश्तैनी दावेदार हूं।
पुश्तें और उनके दावे मरते नहीं
मैं भी मर नहीं सकता
मुझे कोई भी जंगलों से बेदखल नहीं कर सकता
उलगुलान! उलगुलान!!
उलगुलान!!!

भ्रष्टाचारी हेमंत को अपराध से मुक्त घोषित

भाजपा प्रदेश ने कहा कि इस रैली के माध्यम से इंडी गठबंधन एक मात्र उद्देश्य सच्चाई, इंसाफ, न्याय न होकर, किसी तरह से भ्रष्टाचारी हेमंत को अपराध मुक्त घोषित करना है। रैली में शामिल होने वाले इंडी गठबंधन के साथियों के लिए आदिवासी कल्याण कभी मुद्दा था भी नहीं, और आज भी नहीं है। उनके लिए मुख्य विषय यह है कि हेमंत के भ्रष्टाचार को उजागर क्यों किया गया?

हिन्दू विरोधी,परिवारवाद भ्रष्टाचार तथा तुष्टिकरण को बढ़ावा दे रही इंडी गठबंधन

बाबूलाल ने कहा कि इसी तरह यह भी समझना चाहिए कि कैसे समाज में दो तरह की राजनीति हो रही है। एक तरफ इंडी गठबंधन, जो अपनी हिंदूविरोधी मानसिकता के साथ परिवारवाद,भ्रष्टाचार तथा तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर अपने स्वार्थों की पूर्ति कर रहा है। वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार जिसका मुख्य उद्देश विकसित भारत के संकल्प के साथ, देश की एकता तथा अखंडत को मजबूत करना और देश की सांस्कृतिक धरोहरों को पुनर्जीवित करके देश का गौरव बढ़ाना, समाज के सभी वर्गों की बराबर भागीदारी सुनिश्चित कराना।

लोहरदगा सीट पर भाजपा ने समीर, तो कांग्रेस ने सुखदेव पर किया भरोसा

किसी तीसरे की एंट्री से भाजपा को मिलती है संजीवनी

राहुल कौशल

लोहरदगा। लोहरदगा लोकसभा (अजजा सुरक्षित) सीट के चुनाव में अगर दो राजनीतिक दलों की सीधी टक्कर होती है, तो मुकाबला रोमांचक हो जाता है। वहीं, जब त्रिकोणीय संघर्ष होता है, तो एक दल की जीत लगभग तय हो जाती है। इस सीट पर शुरू से ही भाजपा और कांग्रेस दोनों कब्जा जमाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाते रहे हैं। इस बार भाजपा ने इस सीट से तीन बार लगातार सांसद रहे सुदर्शन भगत के बजाय राज्यसभा सदस्य समीर उरांव पर भरोसा जताया है। मोदी की गारंटी के बाद भी समीर उरांव की जीत की राह आसान नहीं है, क्योंकि सामने दिग्गज कांग्रेसी नेता सुखदेव भगत खड़े हैं। पूर्व विधायक रह चुके सुखदेव भगत ने पहली बार कांग्रेस के टिकट पर 2019 में लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई थी, पर कुछ हजार के वोट के अंतर से जीत का जादुई आंकड़ा पार नहीं कर पाए थे। अब देखना दिलचस्प होगा कि वे अपनी हार को जीत में बदलते हैं या नहीं। सुखदेव भगत और समीर उरांव दोनों ही नेता जमीन से जुड़े हुए नेता जाने जाते हैं। लेकिन, दोनों ही पार्टियों में सीधी टक्कर होगी, ऐसा कहा नहीं जा सकता है, क्योंकि किसी तीसरे की एंट्री इस सीट को त्रिकोणीय संघर्ष की ओर ले जाता है। पिछले दो लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देखा जाए, तो किसी तीसरे की एंट्री भाजपा के लिए संजीवनी साबित होती है, बशर्ते वह तीसरा प्रत्याशी दमदार हो। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में इस बार तीसरे प्रत्याशी हैं चमरा लिंडा, जो बिना किसी पार्टी के बैनर के भी चुनाव भी लड़ें तो भी जनता का वोट मिलता रहा है। आदिवासी छात्र संघ से अपनी राजनीतिक जमीन बनाने वाले चमरा लिंडा वर्तमान में झामुमो के टिकट पर विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं । कयास लगाए जा रहे हैं कि चमरा लिंडा लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से इस बार चुनाव मैदान में उतरेंगे। जबकि, इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में सुखदेव भगत को टिकट मिल चुका है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुखदेव भगत को इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस पार्टी का टिकट मिलने से चमरा लिंडा नाराज चल रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि चमरा लिंडा निर्दलीय ही चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। वहीं, पार्टी द्वारा झामुमो विधायक चमरा लिंडा को मनाने के प्रयास तेज हो गए हैं। पार्टी के कुछ सीनियर लीडर को उन्हें मनाने की जिम्मेदारी दी गई है। अब चमरा लिंडा पार्टी की बात मानते है या नहीं, यह आने वाले कुछ दिनों में स्पष्ट हो जाएगा। वहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चमरा लिंडा हर हाल में लोहरदगा से चुनाव मैदान में उतरेंगे, निर्दलीय ही क्यों न हों। हालांकि एक चर्चा उनके झारखंड पार्टी (एनोस एक्का) से चुनाव लड़ने की हो रही है। इधर, झामुमो का कहना है कि वह पूरी ईमानदारी के साथ गठबंधन धर्म का पालन करेगी। अगर चमरा लिंडा इस सीट से निर्दलीय अथवा किसी पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ते हैं, तो भाजपा के लिए यह संजीवनी बूटी साबित होगा। अगर चमरा लिंडा चुनाव मैदान में नहीं उतरते हैं, तो इस सीट से सुखदेव भगत और समीर उरांव के बीच कांटे की टक्कर होना तय है। क्योंकि, सुखदेव भगत पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में महज कुछ हजार वोट के अंतर से भाजपा के सुदर्शन भगत से हार गए थे। 2019 के चुनाव में जहां सुदर्शन भगत को 371595 मत मिले थे, तो वहीं सुखदेव भगत को 361232 मत मिले थे। सुदर्शन भगत की जीत और सुखदेव भगत की हार के अंतर का आंकड़ा महज 10363 था। अगर पिछले चुनाव में नोटा को मिले मत पर ध्यान दिया जाए, तो नोटा को मिले 10783 मत अगर सुखदेव भगत को मिल जाते, तो उनकी जीत सुनिश्चित हो जाती। जबकि, वही वोट सुदर्शन भगत को मिलते, तो उनकी जीत का आंकड़ा 20 हजार के पार होता। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस बार अगर दोनों प्रत्यशियों के बीच सीधी टक्कर होती है, तो जीत किसकी होगी।

लोकसभा चुनाव

पलामू लोकसभा सीट पर तीसरे दिन भी नहीं हुआ कोई नामांकन

पलामू। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन शनिवार को पलामू लोकसभा सीट से एक भी नामांकन नहीं हुआ। मात्र एक फार्म की बिक्री हुई। एसयूसीआई (सी) से महेन्द्र बैठा ने नामजदगी के पर्चे खरीदे। तीसरे दिन भी नामांकन का पर्चा लेने के लिए निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन कार्यालय में मौजूद रहे लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर किसी उम्मीदवार ने नॉमिनेशन नहीं किया। उल्लेखनीय है कि गुरुवार से नामांकन शुरू है। पिछले तीन दिनों के दौरान सात नामांकन पत्र बिके हैं। नामांकन 25 अप्रैल तक चलेगा। नामांकन का पर्चा समाहरणालय में निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा। इसे लेकर समाहरणालय और आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पर्याप्त संख्या में महिला-पुरुष सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है, जो आने-जाने वालों पर नजर बनाए हुए हैं।

अब नहीं चलेगा वोट हमारा और राज तुम्हारा : बाबर कुरैशी

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के द्वारा झारखण्ड से 14 लोकसभा में किसी भी मुसलमान को टिकट नहीं दिए जाने पर बाबर कुरैशी ने नारजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि इस मामले को मैं मुखर होकर उठाता रहा हूं। हमारी अपील पर पूरे झारखंड के मुसलमान जागरूकता का परिचय देते हुए अपने सम्मान और कौम के बेहतर भविष्य के लिए कांग्रेस पार्टी के विरोध में लोग गोलबंद होना शुरू हो चुके हैं।इसके लिए पूरे झारखंड के मुसलमान को तहे दिल से शुक्रिया और धन्यवाद देते हुए बाबर कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा मुसलमान विरोधी रही है 70 वर्षों से मुसलमान को ठगने का कार्य करती रही इनका चेहरा अब बेनकाब हो गया है।कांग्रेस पार्टी हमेशा भाजपा का भय दिखाकर मुसलमान का वोट लेती रही है।इंडिया गठबंधन के विरोध में पूरा मुसलमान तीसरे विकल्प के रूप में किसी पार्टी की तलाश कर रहे हैं अगर विकल्प के रूप में झारखंड में कोई तीसरी पार्टी नहीं आती है तो ऐसी स्थिति में मुसलमानों के कई संगठनों ने खुले तौर पर ऐलान कर दिया है जरूरत पड़ने पर लोकसभा चुनाव में नोटा का भी इस्तेमाल किया जा सकता है जो पूर्ण से स्वागत योग्य है।कहा कि हजारीबाग में जिस प्रकार से मांडू भाजपा विधायक जे पी पटेल को यहां से चुनाव लडाया जा रहा है, हजारीबाग लोकसभा के मुसलमान असमंजस की स्थिति में है और निश्चित तौर पर यहां पर कांग्रेस पार्टी की स्थिति काफी दयनीय रहेगी जिसके लिए कांग्रेस पार्टी का प्रदेश नेतृत्व पूरी तरह से जिम्मेवार होगा।

खतियानी परिवार ने प्रशासन को शांति पूर्ण रामनवमी संपन्न कराने पर दी बधाई

हजारीबाग। खतियानी परिवार की एक बैठक हजारीबाग धरनास्थल के पास अनवर हुसैन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में परिवार की ओर से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में रामनवमी सम्पन्न होने पर समस्त अखाड़ा धारियों को बधाई दी गई। कहा गया कि थोड़ी बहुत कमियों को नजरअंदाज करते हुए प्रशासन का पूरा अमला भी साधुवाद का पात्र है। बैठक में यह मांग की गई कि जुलुस में समय सीमा और रूट के निर्धारण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बैठक में आगामी चुनावी सरगर्मी पर भी आकलन किया गया,साथ ही केंद्र और राज्य सरकार के कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी चर्चा हुई। बैठक में सईद अहमद, महेश विश्वकर्मा, मो तनवीर, बोधी साव, मो हकीम, मो मुस्तकीम, विनोद कुमार मेहता, गौतम सिंह, बिन्दु देवी, प्रदीप प्रसाद मेहता, मो. साबिर,व अन्य साथी उपस्थित थे।

बैंक प्रतिनिधियों/सीएसआर समिति के साथ उपायुक्त ने की बैठक

दिव्यांगों को व्हीलचेयर उपलब्ध कराने का निर्देश

◆विभिन्न क्षेत्रों से आए एजेंसियों के अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों से भी जानकारी ली

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में लोकसभा आम निर्वाचन के सफल तथा स्वच्छ आयोजन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक की वही इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपाय की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंकों के प्रतिनिधियों से लोकसभा आम निर्वाचन के तहत मतदाता जागरूकता सहित अन्य विषयों पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों पर 20 मई 2024 यानी मतदान की तिथि के दिन दिव्यांग, बुजुर्ग सहित अन्य जरूरतमंद मतदाताओं का मतदान आसानी पूर्वक सुनिश्चित कराने को लेकर व्हीलचेयर सहित अन्य उपकरण उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने सीएसआर समिति की बैठक के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए एजेंसियों के अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों से भी उनके द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों/प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्र पर विभिन्न स्वास्थ्य उपकरण व्हीलचेयर आदि उपलब्ध कराने तथा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों के संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय तथा लगातार संपर्क में रहकर आवश्यकता अनुसार संबंधित अधिकारियों को सहयोग देने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

न्यूज बॉक्स

वनभूमि में अवैध अतिक्रमण कर मकान बनाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र के ग्राम बेडोकला में एक व्यक्ति द्वारा वन भूमि में अवैध अतिक्रमण कर मकान बना रहे एक अभियुक्त को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त बेडोकला निवासी सोनू पंडित पिता बासुदेव पंडित हैं। इस मौके पर प्रभारी वन पाल देव चंद महतो, वनरक्षी आनंद कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

ऊफ गर्मी : चढ़ते पारा से जन जीवन अस्त-व्यस्त, 42 डिग्री तक चढ़ा पारा

बरकट्ठा। शनिवार को 42 डिग्री तक पारा चढ़ गया। इस भयंकर गर्मी में लोग आफत भारी जिंदगी झेल रहे हैं। अप्रैल माह में गर्मी की यह बानगी है तो मई जून महीने में क्या हाल होगा, यह सोचनीय विषय है। एक ओर जहां शादी विवाह के लग्न जोरों पर है। वहीं लोग कार्य करते और आते जाते लोग गर्मी के तपिश में झुलस रहे हैं। चिलचिलाती धूप और बेतहाशा गर्मी से ताल तलैया समेत अन्य जलाशय के पानी तेजी से सुख रहे हैं। वहीं पीने के पानी उपलब्धता के लिए प्रखंड के गांवों में आधे अधूरे जलनल योजना शुरू हो पाया है। सुबह के नौ बजे से ही तेज धूप और लू के थपेड़े चलना शुरू हो जाता है। शाम के छह बजे से लोगों को थोड़ी राहत मिलती है।

इंडी गठबंधन उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह को जीतने का लिया निर्णय

बरकट्ठा। कोडरमा लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे जैसे नजदीक आते जा रही है। सरगर्मी धीरे धीरे तेज होती दिखाई दे रही है। इंडिया महागठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी बिनोद कुमार सिंह को भारी मतों से जीताने के लिए ग्राम खैरियो में कार्यकर्ताओं की बैठक की गई। बैठक में डांडी प्रखंड के भाकपा माले नेता सोहराय किस्कु ,अशोक गुप्ता बिष्णगाढ के, किशुन मरांडी बरकट्ठा प्रखंड के, जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष महेश मांझी ,सचिव राजाराम मांझी, शिबू मुर्मू, रामू मांझी,सीताराम मांझी शामिल हुए। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को विजय बनाने का संकल्प लिया।

जाम से लोग परेशान, उपायुक्त के निर्देश के बाबजूद अबतक नहीं हुआ स्थाई समाधान

बरही। देश का प्रमुख चौक जहां से देश के विभिन्न हिस्सों में जाने वाली छोटी बड़ी हजारों गाडियां प्रतिदिन गुजरती है. जहां सुबह से शाम तक लगातार जाम लग रहे है. यात्री, वाहन चालक सहित स्थानीय लोग परेशान है. स्कूली बच्चे हो या परीक्षार्थी अथवा एम्बुलेंस सभी को इस समस्या से दो चार होने पड़ रहे है. इससे आवाम परेशान है. ज्ञातव्य हो कि बरही पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार की पहल पर ट्रैफिक समस्या पर कुछ हद तक नियंत्रण किया गया था. परंतु उनके छुट्टी में जाने के बाद स्थिति फिर से अनियंत्रित है. प्रतिदिन लगातार जाम की स्थिति देखने को मिल रहे है. हजारीबाग रोड के दोनो ओर का सर्विस रोड भी छोटी वाहनों से खचाखच भर जाता है जिससे सर्विस रोड पर भी जाम की स्थिति में होते है. जहां पैदल चलना भी दुभर हो गया है. कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने बताया कि इसके स्थाई निराकरण के लिए बीते दिन संपन्न हुए दिशा की बैठक में उपायुक्त ने एसडीओ व एसडीपीओ को स्थाई समाधान हेतु निर्देश दिया था. ब्अब तक स्थाई ट्रैफिक पोस्ट, ऑटो स्टैंड, पार्किंग जोन, सड़क पर लगने वाले बाजार का स्थानांतरण और सरकारी बस पड़ाव का संचालन नही किया जा सका है. जिसके कारण वाहन चालक या सब्जी विक्रेता सड़को किनारे गाडियां खड़ी करने या दुकान लगाने के लिए मजबूर है.

सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी संपन्न होने पर मनीष जायसवाल ने रामभक्तों को दी बधाई

हजारीबाग। ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस-2024 को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति और अमन के साथ संपन्न कराने के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग के सभी अखाड़ाधारी, क्लबों के सदस्यों, आम-आवाम, रामभक्त, सद्भावना से जुड़े लोग, समाजसेवी, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, रामनवमी महासमिति के लोग, विभिन्न सामाजिक संगठन और प्रेस- मीडिया के लोगों को बहुत-बहुत बधाई दी है। कहा कि इस बार हजारीबाग रामनवमी की परंपरा पूरे उत्कर्ष और वैभव पर दिखा और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। झांकियों के अवलोकन के लिए विशाल जनसैलाब भी उमड़ा। हजारीबाग के जन-जन रामधुन में रमें रहें और कण- कण में श्री राम नाम गुंजायमान होती रही।

रामनवमी के सफल आयोजन पर जिला व पुलिस प्रशासन बधाई के पात्र : निसार खान

हजारीबाग। जिला 15 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य निसार खान ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा रात और दिन के कड़ी परिश्रम के बाद हजारीबाग की ऐतिहासिक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र के जन्मोत्सव रामनवमी को आपसी एकता, शांति, हर्षोल्लास तथा साम्प्रदायिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न कराए जाने पर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन कि सराहना करते हुए उन्हे बधाई दी है। श्री खान ने एक बयान जारी कर कहा है कि हजारीबाग की अंतरराष्ट्रीय रामनवमी के सफलतापूर्वक समापन को लेकर जहां एक ओर रामनवमी महासमिति के द्वारा विशेष तैयारी की गई थी वहीं दुसरी ओर रामनवमी संचालन समिति ने रामनवमी के सफल संचालन को लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । इधर समाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं की सक्रियता देखी गई तो उधर जिला शांति समिति के सदस्यों का भी बहुमूल्य योगदान रहा है । सबसे बड़ी बात जिस तरह से रामभक्तों ने अपनी अच्छी सूझबूझ का परिचय दिया है वह काबिल ए तारीफ है। उसके लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते है।

एक नजर

पूर्व सैनिकों ने किया चना गुड़ शरबत का वितरण

हजारीबाग। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के सौजन्य से इंटरनेशनल रामनवमी हजारीबाग मे चना, गुड़, शरबत का वितरण सदस्य महेन्द्र गोप एवं अजय प्रसाद की देख रेख में किया गया। इस बाबत प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि संगठन राम भक्तों की सेवा पिछले तीन सालों से कर रही है और आगे भी लगातर जारी रहेगा। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, उपाध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद मेहता, सचिव मिथिलेश पांडे ,उप कोषाध्यक्ष वासुदेव साहू, मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार, वरिष्ठ सलाहकार ह. कैप्टन अवध कुमार भारती, वरिष्ठ सलाहकार भोलानाथ प्रसाद, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह, पूर्व सचिव अजीत सिंह, बरही प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, मयूरहंड प्रखंड अध्यक्ष सुभाष सिंह,सदस्य महेंद्र गोप, मधुसूदन प्रसाद एवं दीपक कुमार समेत कई पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

रामनवमी का अति विशिष्ट संस्करण है हजारीबाग की रामनवमी : मुन्ना सिंह

हजारीबाग। समाजसेवी मुन्ना सिंह ने शहर में इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के साथ विभिन्न अखाड़ों एवं पूजा समिति द्वारा निकाले गए झांकियों के बीच शोभायात्रा जुलुस में सम्मिलित हुए । हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों के क्लबों व अखाड़े से आए सभी प्रोसेशन में जाकर सभी राम भक्तों से मुलाकात किया व लाठी व तलवार से प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं से मिलकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान समिति के सदस्यों से व्यवस्थित रूप में झांकियों को आगे ले जाने का आग्रह किया। समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कहा हजारीबाग की रामनवमी इतनी प्रसिद्ध है कि दुनियाभर में इसकी चर्चा होती है। हजारीबाग की रामनवमी जुलूस और झांकियां को देखने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों के अलावा पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

पुलिस ने देसी रिवॉल्वर और कट्टा के साथ दो को किया गिरफ्तार

किसी बड़े घटना को अंजाम देने की थी तैयारी : एसपी

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर भुरकुंडा ओपी अंतर्गत सयाल के दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक दोनों बाइक से उरीमारी किसी बड़े घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे। पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका खुलासा करते हुए बताया कि हथियार के साथ जा रहे दो अपराधियों के संबंध में गुप्त सूचना मिली कि वे किसी बड़े घटना को अंजाम देने के लिए जा रहे थे। बताया कि सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पतरातू पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने अभियान चलाकर सयाल चेक पोस्ट के निकट हरे रंग की यामाहा बाइक संख्या जेएच 24 एल 0461 पर सवार दो युवकों को धर दबोचा। बताया कि युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। जिसपर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया गया। बताया युवकों की पहचान सयाल पिपला सेंटर निवासी राकेश कुमार उर्फ राजू 20 वर्ष पिता स्व. मनमोहन सिंह अैर सयाल रोड निवासी प्रेम कुमार राम 19 वर्ष पिता बबलू राम के रूप में हुई है। बताया कि पुलिस ने राकेश के पास से एक देसी रिवॉल्वर और प्रेम कुमार राम के पास से देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया है। बताया कि पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर बाइक और हथियार जब्त कर लिया।

प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रतियोगिताओं के आयोजन से कला का होता है विकास : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता। बरही
शनिवार को सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोईयाधमना में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसे कक्षा एक से 5 तक जूनियर व कक्षा 6 से 10 तक दो विभिन्न स्तर में आयोजित किया गया था. इस दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, संगीत व ड्राइंग के माध्यम से नशा मुक्ति, हमारा पर्यावरण व महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित भाषण, ड्राइंग्स व संगीत के माध्यम से अपने मनोभावों को व्यक्त किया. प्राचार्य नितेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार के नियमित आयोजन से विद्यार्थियों में रचनात्मक व भावनात्मक विकास होते हैं. मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को कई महत्पूर्ण टिप्स भी बताए. इस प्रतिभा खोज में जूनियर ग्रुप से कक्षा चौथी की रिया कुमारी प्रथम, पांचवीं की सकीना प्रवीण द्वितीय व चौथी के अंकुश कुमार तृतीय और सीनियर ग्रुप में कक्षा आठवीं की सोनल कुमारी प्रथम, दशमी की सनी कुमारी द्वितीय तथा सातवीं की सोनम प्रवीण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.

श्रीश्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति ने पुष्प वर्षा कर राम भक्तों का किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
श्रीश्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति द्वारा दशमी की रात से एकादशी तक राम भक्तों सहित सभी अखाड़ा धारीयो का स्वागत परंपरागत ढंग से पुष्प वर्षा कर किया गया।दशमी की शाम 7 बजे मंच का उद्घाटन वैदिक मंत्रोचार के साथ हजारीबाग बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने किया। स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने महंत जी को अंग वस्त्र और तलवार भेंट कर स्वागत किया। महंत जी ने टोनी जैन के सर पर साफा बांधकर आशीर्वाद दिया। मौके पर महंत विजयानंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वागत समिति पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम भक्तों का स्वागत जोरदार करेगी। हमारा पूरा विश्वास है की समिति के जितने नए सदस्य हैं सभी सहयोग करेंगे, एकादशी की सुबह राम भक्तों के बीच विशेष कर महिला और बच्चों को बिस्किट का पैकेट दिया गया। हजारीबाग के विधायक एवं भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल, आरएसएस जिला प्रमुख श्रद्धानंद सिंह अपने सहयोगी के साथ मंच पर पधारे।

कृमि मुक्त अभियान को लेकर डीएस ने की बैठक

कृमि युक्त बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से होते हैं दुर्बल

6 से 19 वर्ष के बच्चों में कृमि की संभावनाएं अधिक देखने को मिलते है. इसके कारण बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से दुर्बल होते हैं.

नवीन मेल संवाददाता। बरही
राष्ट्रीय कृमि मुक्त अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने एक महत्वपूर्ण बैठक किया. जिसमें सीडीपीओ व बीआरसी कार्यालय के कर्मी सहित सहिया, एएनएम व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे. डॉ ज्ञानी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रम के तहत निजी विद्यालय के बच्चों को कृमि मुक्त दवा खिलाने की बात कही. उन्होंने बताया कि 6 से 19 वर्ष के बच्चों में कृमि की संभावनाएं अधिक देखने को मिलते है. इसके कारण बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से दुर्बल होते हैं. उनका सर्वांगीण विकास रुक जाता है और बच्चे कमजोर हो जातें है. उन्होंने उपस्थित लोगों से अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों के बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाने की बात कही. यह गोली सभी के लिए अनिवार्य है. जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निजी स्कूलों में शिक्षा के साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान रखे जाते हैं. ताकि बच्चों को बेहतर पोषण दिया जा सके. बैठक में बीपीएम नारायण राम, एचएम सुधांशु कुमार सिन्हा, मोती कुमार, सीआरपी गुलाब चंद्र प्रसाद सहित सीडीपीओ कार्यालय के आंगनबाड़ी की सेविका, सहायिका सहित सहिया व एएनएम मौजूद थे.

मैट्रिक परीक्षा में बरकट्ठा के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

दर्जनों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल एवं प्लस टू हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं का मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा ।परिणाम जारी होते ही परीक्षार्थियों के बीच कौतूहल मच गया तथा परिणाम जानने के लिए जैक द्वारा जारी लिंक को देखने में छात्र व्यस्त हो गए। इस बार के बोर्ड परीक्षा में प्रखंड के दर्जनों छात्रों ने 90% से अधिक अंक लाकर विद्यालय समेत प्रखंड का नाम रोशन किया। वहीं बेहतर भविष्य की नींव रखी ।अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा की छात्रा अनुष्ठा गुप्ता 93.40% अंक लाकर अपने विद्यालय समेत प्रखंड में प्रथम रही वहीं विद्यालय में द्वितीय रूप कुमारी एवं प्रीति कुमारी 93.20%, तृतीय स्थान मधु कुमारी 92.40% के साथ रही ।कुल 311 परीक्षार्थियों में प्रथम 282, द्वितीय 29 ,तृतीय 0, मार्जिनल 0 ,अनुपस्थित 0 ,कुल रिजल्ट हंड्रेड परसेंट रहा। वही प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा का टिंकू कुमार 93.20 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम ,द्वितीय सागर कुमार 90.20% ,तृतीय दयानंद कुमार 88.80% के साथ रहा। कुल परीक्षार्थी 216 ,प्रथम 95, द्वितीय 96 व तृतीय 5, मार्जिनल 20, कुल रिजल्ट 92% ।उ0 उच्च विद्यालय कलहाबाद में प्रथम स्थान शिवम कुमार 93.2%, द्वितीय सुमन शर्मा 87.8 %,तृतीय सोनी कुमारी 87% के साथ रही ,कुल परीक्षार्थी 156, प्रथम 111, द्वितीय 36, तृतीय 1, मार्जिनल 8 ,कुल रिजल्ट 94.87%। उ0 उ0 विद्यालय गंगपाचो में अनामिका कुमारी 85.8 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय दिवस कुमार, तृतीय लकी कुमारी रहे ।कुल परीक्षार्थी 78, प्रथम 49, द्वितीय 27, मार्जिनल 2 ,कुल रिजल्ट 97.43%। आदिवासी वि0 उ0 वि0 शिलाडीह में प्रथम मनोज कुमार 90.4%, द्वितीय लक्ष्मी कुमारी 90% ,तृतीय अनिशा कुमारी 90% के साथ रही। कल परीक्षार्थी 550 ,प्रथम 363 ,द्वितीय 163 व तृतीय 4 ,मार्जिनल 20 ,कुल रिजल्ट 96.3 6% । केजीबीवी बरकट्ठा में प्रथम सपना कुमारी 88.2%, द्वितीय शगुफ्ता परवीन 86.4 %, तृतीय सपना कुमारी 85.8%, कुल परीक्षार्थी 70 ,प्रथम 65 ,द्वितीय 3 अनुपस्थित 2, कुल रिजल्ट 97.4 %।जेभीएभी चलकुशा से प्रथम क्रांति कुमारी, द्वितीय मालती कुमारी, तृतीय प्रीति कुमारी रही ।कुल परीक्षार्थी 14, प्रथम 6, द्वितीय 8 ,रिजल्ट 100 %। प्लस टू जीएच एस बेलकपी में अमनदीप कुमार प्रथम 92.8%, रोशन कुमार 92.8% तथा द्वितीय आर्यन कुमार 89.8% रहे ।कुल रिजल्ट 97% रहा ।शेष विद्यालय उ एच एस गोरहर ,प्लस टू उ एच एस कपका, उ एच एस झुरझुरी से जानकारी अप्राप्त रही। सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के विद्यालय के प्रधानाध्यापक ,शिक्षक, कर्मी तथा बीईईओ किशोर कुमार ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

धार्मिक कार्यक्रमों में राजनीतिक तड़का लगाना दुर्भाग्यपूर्ण

दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई करे प्रशासनः दीपक मिश्रा

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
पिछले दिनों रामनवमी के अवसर पर बरकाकाना ओपी क्षेत्र में आयोजित धार्मिक मंच पर राजनीति होना दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बात विज्ञप्ति के माध्यम से श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने शनिवार को कही। उन्होंने कहा कि मैंने शनिवार को खुद अपने महासमिति के पदाधिकारियों के साथ बरकाकाना ओपी प्रभारी से मुलाकात कर पूरे घटना का निष्पक्ष जांच करने की मांग किया है। साथ ही महासमिति जल्द जिले के पुलिस अधीक्षक से मिल कर मामले की जांच की मांग भी करेगी ताकि आगे से कभी भी इस तरह के धार्मिक आयोजनों में मतभेद पैदा न हों। उन्होंने कहा कि धार्मिक मंच किसी भी राजनीतिक पार्टी का अखाड़ा नहीं बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंच आयोजन हर राजनीतिक दल में शामिल उन नेता और पदाधिकारियों का स्वागत करती है जिनकी आस्था सनातन धर्म और पर ही श्रीराम पर हो। उन्होंने कहा की महासमिति में शामिल हर पदाधिकारी किसी न किसी राजनीतिक दल से संबंध रखते है लेकिन उनका आस्था प्रभु राम में होना हीं महासमिति के लिए महत्वपूर्ण रखता है।

एक नजर

मैट्रिक परीक्षा में चंदवारा प्रखंड के चार छात्र जिले में रहे टॉप टेन में

चंदवारा। जैक की जारी मैट्रिक के रिजल्ट में चंदवारा प्रखंड के छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रखंड का मान बढ़ाया है। यहां के चार छात्र जिले के टॉप टेन की सूची में अपना स्थान बनाने में कामयाब हो पाये हैं। इसमें उत्क्रमित हाई स्कूल के छात्र नितीश कुमार(पिता शंकर यादव) 480 अंक लाकर जिले में चौथा व प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं दूसरे स्थान पर रामेश्वर मोदी-महादेव मोदी प्लस टू हाई स्कूल चंदवारा के छात्र जमील अंसारी(पिता वाहिद अंसारी) रहा। उन्होंने 477 अंक लाकर संयुक्त रूप से जिला में पांचवा स्थान व चंदवारा प्रखंड में दूसरे स्थान पर रहे। जबकि उत्क्रमित हाई स्कूल उरवां के ही छात्र अभिमन्यु बर्णवाल,पिता-श्रवण प्रसाद बर्णवाल 474 अंक लाकर संयुक्त रूप से जिले में आठवां स्थान और प्रखंड में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मॉडर्न किड्स पैराडाइज में मना पृथ्वी दिवस

कोडरमा। संरक्षित और प्रदूषण मुक्त पृथ्वी की कल्पना करते हुए जिले के मॉडन किड्स पैराडाइज के नन्हे बच्चों ने पृथ्वी दिवस पर संपूर्ण पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिया। तरह- तरह के पेड़ रूपी पोशाक पहने बच्चे पेड़- पौधे की महत्व को बताते हुए खुश नजर आए। इस दौरान छात्रों ने स्कूल परिसर में पौधे लगाए और अन्य छात्रों को जागरूक करने का प्रयास किया। स्कूल प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने बच्चों के साथ पौधे लगाकर उन्हें समझाया कि सभी जीव जंतुओं और मनुष्यों को पेड़ क्यों जरूरी है?। उन्होंने संपूर्ण पृथ्वी के संरक्षण की बात समझाते हुए कहा कि हमें बेवजह पानी की बबार्दी नहीं करनी चाहिए। ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाकर लोगों को पेड़ काटने से रोकने के लिए जागरूक करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए स्कूल निदेशिका संगीता शर्मा ने कहा कि हमें इन छोटे-छोटे बच्चों से सीखने की जरूरत है, जो इतनी तन्मयता से पौधों के रूप रूप में सज- धजकर आए हैं।

बड़वार में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ

581 कुमारी कन्याओं व महिलाओं ने तीन किमी की दूरी तय कर कलश में उठाया जल

नवीन मेल संवाददाता। दारु
प्रखंड के इरगा पंचायत के बड़वार गावँ में नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण में शिव परिवार प्राणप्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस यज्ञ का शुभारंभ शनिवार को वैदिक कर्मकांड के अनुसार भव्य कलश यात्र निकाली गई। इस कलश यात्रा में 581 कुमारी कन्याओं व महिलाओं ने कलश उठाकर मंदिर प्रांगण से गाजे -बाजे व हर हर महादेव व जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए 3किमी दूर उतर वाहिनी कोनार नदी पहुंचे।जहां यज्ञाचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा व उनके सहयोगियों के द्वारा मुख्य पुजारी नरेश राम व उनकी धर्मपत्नी रीता देवी व अन्य पुजारी मनोज राम उनकी पूनम देवी, जितेंद्र यादव उनकी पत्नी रीता, लक्ष्मण यादव धर्मपत्नी कमली देवी, कुलेश्वर यादव धर्मपत्नी तेतरी देवी, संजय यादव धर्मपत्नी विभा देवी,

दिलीप राम धर्मपत्नी पार्वती देवी, विनोद यादव धर्मपत्नी ममता देवी व विनोद राम धर्मपत्नी मीणा देवी से परे वैदिक कर्मकांड के साथ पूजा अर्चना कर व वरुण देव का आह्वान कर जल उठवाया। जहां से कलश यात्री अपने कलश में जल लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंचकर कलश को स्थापित किया।समिति की ओर से सभी कलश यात्रीयों को चना गुड़ व शर्बत से व्रत को तोड़वाया गया। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष रामशरण राम, सचिव- सुखदेव राम, कोषाध्यक्ष - धानेश्वर राम, समिति के सदस्य विकाश कुमार, संतोष यादव, सचिन राम, नरेश यादव, मनोज राम, संदीप यादव,सुरेंद्र यादव, सुरेश यादव, परमेश्वर महतो, लखन यादव, हीरालाल यादव, शंकर यादव, सहदेव यादव,बीरेंद्र यादव, एंव समस्त बड़वार ग्रामीण तन मन से जुड़े हुए है। इस सात दिवसीय यज्ञ की जानकारी देते हुए यज्ञाचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा ने बताया कि 20 अप्रैल को कलश यात्रा व पंचांग पूजन हुआ, 21 अप्रैल को मंडप प्रवेश व स्तम्भ पूजन, 22 अप्रैल को वेदी पूजन व अग्निस्थापन, 23 अप्रैल को जलाधिवास व अन्नाधिवास 24 मार्च को पुष्पढिवास व फुलधिवास , 25 को नगर भ्रमण व शैय्याधिवास एवं 26 अप्रैल को मंगल स्नान यज्ञ की पूणार्हुति ,भंडारा व रात्रि में जागरण का आयोजन किया जाना है।

पिता चलाते हैं किराना दुकान, मां करती है सिलाई

कई विषम परिस्थितियों का सामना कर रेशमा कुमारी बनी 'जलडेगा प्रखंड टॉपर'

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा
झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची ने शुक्रवार को मैट्रिक का जारी कर दिया। मैट्रिक की परीक्षा में जलडेगा प्रखंड की कोनमेरला निवासी रेशमा कुमारी ने 91% (455 अंक) लाकर प्रखंड टॉपर का स्थान प्राप्त किया है। रेशमा ने मैट्रिक की परीक्षा में प्रखंड टॉपर का स्थान प्राप्त कर अपने गांव के साथ साथ पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया है। प्रखण्ड में टॉप करने पर रेशमा ने जलडेगा ग्रामीण समाचार को बताया कि आगे वह इंजीनियरिंग का पढ़ाई करना चाहती है। रेशमा कोनमेरला की रहने वाली है और जयंती उच्च विद्यालय गांगुटोली की छात्रा है। रेशमा के पिता तुलसी नाग एक छोटा सा किराना दुकान चलाते हैं और उनकी मां किरण देवी घर में ही सिलाई का काम करती है। मां और पिता ने विषम परिस्थितियों में भी अपनी बेटी को पढ़ाया है और बेटी ने भी अपने पिता और माता की मेहनत को जाया नहीं होने दिया। आज जलडेगा की इस बेटी की चर्चा हर तरफ हो रही है।

धूमधाम से मनाई गई महात्मा हंसराज की जयंती

कोडरमा। डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में महात्मा हंसराज जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। स्कूल के प्राचार्य और सभी शिक्षकों ने महात्मा हंसराज को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उनके जीवन पर प्रकाश वर्तिका शुक्ला ने डाला। अपनी कविता के जरिए क्लास 10 वीं की कुमारी श्रेयसी ने महात्मा हंसराज जी के त्याग को पेश किया। प्रश्नोत्तरी का आयोजन आकृति सिंह ने किया। संस्कृत में उनके सुविचार को जिज्ञासा और सृष्टि ने प्रकट किया। महात्मा हंसराज के जीवन से जुड़े गीत को सान्वी ने अपनी मधुर आवाज में गाया। बालक हर्षित ने महात्मा हंसराज का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। कक्षाओं में बायोस्केच लेखन, चित्रकला,स्लोगन राइटिंग जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि महात्मा हंसराज पंजाब के प्रसिद्ध आर्यसमाजी, समाज सुधारक और शिक्षाविद् थे।

उपायुक्त व एसपी ने कुरडेग प्रखंड के ढोरीजोर बूथ का किया निरीक्षण

आप सभी की कड़ी मेहनत से एक अद्यतन वोटरलिस्ट तैयार किया गया है

नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग
जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ ने शनिवार को कुरडेग प्रखंड के बूथ निरीक्षण में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा यथा पेयजल, बिजली, शौचालय, रैंप, फर्नीचर सहित आवश्यकअन्य सुविधाओं का अवलोकन कर इसपर जल्द समाधान के दिशा निर्देश दिए। ढोरीजोर बूथ का निरीक्षण कर वहां की न्यूनतम अनिवार्य सुविधा से अवगत हुए। प्रखंड सभागार कुरडेग में कुरडेग एवं केरसई प्रखंड के बीएलओ एवं सुपरवईजर, पुलिस पदाधिकारियों की बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आप सभी के अच्छी मेहनत और प्रयास से एक अद्यतन वोटरलिस्ट तैयार किया गया है। उसके साथ बूथों में घूमकर निर्भीक, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण तथा समावेशी मतदान कराने हैं। बी एल ओ को कहा गया किआपको नामांकनकी अंतिम तिथि 25 अप्रैल के बाद मतदाता पर्ची उपलब्ध कराई जाएगी।उसे समय पर बांटना बी एल ओ का दायित्व है। मतदाता पर्ची बांटने के क्रम में ए एस डी वोटरो को भी सावधानी से चिन्हित करना है।

वोटर पर्ची संबंधित मतदाता को ही देना है

मतदाता से मुलाकात नहीं होने पर ही घर के सदस्य को देना है,अन्य किसी को भी नहीं देना है। बीएल ओको निर्देश दिया गया कि मतदान दिवस को वोटिंग कम्पार्टमेंट, पंक्तियों को चुना से चिन्हित कर देना है।तीन पंक्ति होंगी। बूथ जागरूकता समूह के साथ बैठक कर मतदाताओ को जागरूक करने के साथ शिक्षित भी करनी है जिसमे मतदान तिथि 13 मई2024 जानकारी देना,मतदान का दिन की जानकारी,मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक की जानकारी,मतदान केंद्र,वोटर कार्ड के अतिरिक्त 12 तरह के पहचान पत्र से मतदान करने में प्रयोग की बातों से शिक्षित करना है। जिन बूथों में पानी,बिजली की सुविधा नहीं हुई है वहां सुविधा बहाल करने की जिम्मेवारी कार्यपालक अभियंता विद्युत,एवं पेयजल को दी गई। कुरडेग में सभी मतदानकर्मी सीधे बूथों में जाएंगे जहां कुल 53 बूथ हैं। वहीं केरसई में कुल36 बूथ हैं जिसमे एक क्लस्टर का निर्माण किया गया है। चुनाव को पर्व की तरह मनाना है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बी एल ओ, पुलिस ऑफिसर थाना प्रभारी से पहचान एवं समन्वय बना लें।

न्यूज बॉक्स

विद्यालय परिचालन अवधि में हुआ परिवर्तन, निर्देश जारी

बरही । निरंतर बढ़ रहे तापमान और गर्म हवाओं को देखते हुए सरकार ने विद्यालय परिचालन का समय परिवर्तित किया है. इस बाबत राज्य के स्कूली साक्षरता व शिक्षा विभाग ने सूचना जारी कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कारवाई हेतु निर्देशित किया है. जारी सूचना के आधार पर राज्य में संचालित सभी प्रकार के सरकारी/गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्प संख्यक विद्यालयों)/निजी विद्यालयों में केजी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए प्रातः 7 से 11.30 बजे तथा उससे ऊपर के कक्षा के लिए 12.00 बजे तक विद्यालय संचालित किए जायेंगे. इस अवधि धूप में आयोजित किए जाने वाले सभी प्रकार के कार्यक्रम बंद रहेंगे. परंतु मध्यान्ह भोजन जारी रहेगा. इस दौरान पढ़ाई में होने वाले क्षति पूर्ति हेतु बाद में आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे. उक्त आदेश विभाग के प्रभारी सचिव के हस्ताक्षर से जारी किए गए है.

जिला परिषद सदस्य के घर के पास का जलमीनार कई माह से खराब, पेयजल के लिए छाया संकट

बोलबा। बोलबा प्रखण्ड के जिला परिषद सदस्य के घर के पास मिनी जलमीनार पिछले कई माह से खराब पड़ा है जिससे लोगों को पीने की पानी के लिए परेशानी हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखण्ड के पीडियापोंछ पंचायत गांव में डांडपानी गांव के पास पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा मिनी जलमीनार लगाया गया था । कुछ दिनों तक जलमीनार से पानी उपलब्ध हुआ किंतु इसके बाद वह खराब हो गया । ग्रामीणों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सिमडेगा में एक आवेदन देकर इसकी मरम्मत की मांग की है किंतु अबतक इसकी मरम्मत नही हो सका है। विभाग के जे0ई0 से भी फोन से बातचीत करके मरम्मत कराने की बात कही गई । किंतु सिर्फ आश्वाशन मिला कि मरम्मत हो जायेगा ।इन दिनों भीषण गर्मी होने के कारण आस-पास के कुंआ भी सुख गया है । पीने की पानी के लिए दूर-दूर भटकना पड़ रहा है । गाँव के निरन्तर सोरेंग, विवेक सोरेंग, सेम सोरेंग, प्रमोद सोरेंग अनिता सोरेंग आदि ने जलमीनार मरम्मत की मांग किया है।

धूमधाम के साथ 2 मई को मनाया जाएगा श्याम महोत्सव

सिमडेगा। रामजानकी मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पवन जैन ने की। बैठक में श्री श्याम मित्र मंडल का 43 वां श्री श्याम महोत्सव धुमधाम से आनंद भवन में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कोलकाता से भजन गायक जयंत व्यास एवं हर्षिता दिदवानिया द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदस्यों को जिम्मेवारी सौंपी गई है। बैठक में मुख्य रूप से ओम प्रकाश अग्रवाल, अशोक जैन, राजेश शर्मा, पवन जैन राज, प्रदीप शर्मा, अशोक चांदीवाला, रजनीश चांदीवाला, सरत वामलिया, महेश बंसल, अमित अग्रवाल, सचिन शर्मा मुन्ना, राकेश चांदीवाला, विकास मातनहेलिया, अमित चौधरी, राजेन्द्र वामलिया, नरेश शर्मा, वसंत शर्मा, नमन वोंदिया, राहुल अग्रवाल, कान्हू अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

मैट्रिक परीक्षा में विवेकानन्द शिशु/ विद्या मंदिर लचरागढ़ का उत्कृष्ट प्रदर्शन

कोलेबिरा। विवेकानन्द शिशु/ विद्या मंदिर लचरागढ़ का जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में छात्रों का शत प्रतिशत उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा इसको लेकर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। राजकुमार महतो ने 89.20 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बना।वहीं करिश्मा कुमारी 88 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का सेकंड टॉपर बनी। अपने इस सफलता का श्रेय माता पिता और गुरुजनों को दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु ने दोनों को पुष्पगुच्छ और मिठाई खिलाकर स्वागत किया एवम उज्वल भविष्य का कामना किया।वीरता जलडेगा के रहने वाले राजकुमार महतो, और बड़केतूँगा निवासी करिश्मा कुमारी दोनों के अभिभावक कृषि कार्य करते हैं।बधाई देने के लिए सुदर्शन कुमार,प्रमोद पाणिग्रही, अर्जुन महतो,विमल टेटे, गणेश सिंह, जगेश्वर सिंह, लक्ष्मी देवी, विमला देवी,बसंती बड़ाईक, यमुना कुमारी,शकुंतला कुमारी,दीक्षित कुमारी, प्रगति कुमारी,दशरथि देवी, रेखा सिंह उपस्थित थे।

जलडेगा में जंगली हाथी के आतंक से ग्रामीण परेशान, विभाग मौन



जलडेगा। झुंड से बिछड़े जंगली हाथी ने शुक्रवार देर रात जलडेगा थाना क्षेत्र अंतर्गत लम्बोई पंचायत क्षेत्र के कुतलुपानी निवासी सुमन सोरेंग, अलबिस सोरेंग, कलारा सोरेंग तथा बंडीसेमर निवासी महेंद्र गोंड़ के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखे अनाजों को भी खा गया। इसके बाद हाथी टीनगिना पंचायत के ढोढ़ी बहार निवासी संदीप इंदवार के घर को निशाना बनाया और भंडारित अनाजों को खा गया। सूचना मिलने पर पंचायत की मुखिया शिशिर डांग ने पीड़ितों का हाल चाल जाना और वन विभाग से मुआवजा के लिए कागजी कार्रवाई में मदद करने की बात कही। साथ ही उन्होंने वन विभाग से हाथी को जलडेगा से खदेड़ने को कहा है। इधर शुक्रवार अहले सुबह हाथी ने टाटी पंचायत के नवा टोली में भी जमकर उत्पात मचाया और गांव के चम्पा समद नामक एक युवक के घर को ध्वस्त कर घर में रखे धान को खा गया। जिसके बाद हाथी दिनभर टाटी जंगल में छिपा रहा शाम होते ही टाटी कन्डुलना टोली पहुंच कर समुएल कन्डुलना का घर को निशाना बनाकर ध्वस्त कर दिया।

कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा लचरागढ़ क्षेत्र का किया दौरा

कोलेबिरा। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों लगातार मैदान में है इसी के तहत कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी कालीचरण मुंडा शनिवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान लचरागढ़ पहूचे जहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।लचरागढ़ फुलकारिया डांग की आवास पर हुई बैठक जहां कांग्रेसी कार्यकताओं से मिलकर उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आदिवासी और मूलवासी लोग मूल रूप से वास करते हैं।हम आदिवासी जल-जंगल जमीन से जुड़े हुए लोग हैं।आज के दिन हम लोगों को खतरा महसूस हो रहा है भारतीय जनता पार्टी के राज्य काल में।लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ जीतकर हम भारतीय जनता पार्टी के लोगों को जवाब देंगे। देश की तानाशाही ताकत को रोकने के लिए इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे जोर शोर के साथ चुनाव लड़ रही है और जीत दर्ज करेंगी। मौके पर 15 सूत्री जिला सदस्य व वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता क्लेमेंट टेटे,कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव फुलकेरिया डांग,बानो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजित कंडुलना, सेवादल सचिव बानो संजीव कैथवार सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

करंगागुड़ी शिव मंदिर परिसर में किसानों के लिए बैठक आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। केरसई
मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी एवं खेती टेक्नॉलॉजी प्रावि. लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में करंगागुड़ी शिव मंदिर परिसर में किसानों के साथ बैठक हुई। बैठक में मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन बड़ाईक ने किसानों को कृषि कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने मशाल संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्य योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही कहा कि खेती टेक्नॉलॉजी प्रावि. लिमिटेड के साथ मिलकर मशाल एनजीओ द्वारा गरीब, पिछड़े एवं मध्यम वर्गीय वैसे किसान जो फल एवं सबज़ियों की खेती करते हैं, उन्हें शेड नेट, ड्रीप सिस्टम, टपक सिस्टम आदि अन्य कृषि उपकरण 70 प्रतिशत सब्सिडी पर उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त कृषि उपकरण से किसानों को अत्यधिक गर्मी, बरसात, ओला वृष्टि आदि अन्य कई प्रकार से कृषि को हानि पहुंचाने वाले कीटाणुओं से निजात मिलेगी। वहीं किसान बेमौसम खेती भी आसानी से कर पाएंगे।

सत्र के आरंभ में अभिभावकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

बच्चों की पढ़ाई में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों की भूमिका अहम : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा में शनिवार को सत्र के आरंभ में विद्यालय के नए और पुराने अभिभावकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या प्रभा केरकेट्टा के द्वारा स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया गया कि बच्चों को विद्यालय में सफलता प्राप्त करने के लिए अभिभावक कैसे मदद कर सकते हैं? उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को विद्यालय के शिक्षकों से बिना किसी संकोच के हमेशा जुड़े रहना है। रोज दिन अभिभावक बच्चों को पूछे कि बच्चे विद्यालय में क्या-क्या गतिविधि कर रहे हैं। अभिभावकों को यह भी कहा गया कि आप बच्चों के साथ रोज दिन पढ़ाई भी करें। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई में अभिभावकों की भी भूमिका अहम होती है। अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि बच्चे रात में पूरी नींद ले रहे हैं। जिससे वह अगले दिन तरोताजा महसूस करें और विद्यालय में उनका मन लगे। वे बच्चों का गृह कार्य करने में भी मदद करें। घर पर यह शिक्षा जरूर दें कि वे अपने कार्यों के लिए जवाबदार बने। उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निर्देशक ने बताया गया कि विद्यालय बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए एक्स्पोजर स्किल,कम्युनिकेशन स्किल, कोलैबोरेशन स्किल, थिंकिंग स्किल और कांसेप्चुअल क्लेरिटी जैसे स्किल पर प्रतिदिन कार्य कर रहा है।

शानदार रहा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबू गांव का मैट्रिक परीक्षाफल

हजारीबाग। शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबू गांव कोर्रा में समान समारोह का आयोजन किया गया। मैट्रिक परीक्षा के रिजल्ट के बाद यह आयोजन किया गया।इस विद्यालय के कुल 83 छात्र छात्राओं ने भाग लिया था जिसमें प्रथम श्रेणी 71 एवं द्वितीय श्रेणी से 12 छात्र सफल हुए। मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को अंग वस्त्र एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव बी के सिंह एवं सहसचिव अनूप भाई एवं प्रबंधन समिति के सदस्य महेंद्र राम को भी सम्मानित किया गया। संबोधित करते हुए सहसचिव अनूप भाई ने कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिका को आने वाले वर्ष में विद्यालय टॉप 10 के श्रेणी में रिजल्ट आए इसके लिए आपको अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पढ़ाई के साथ-साथ संस्कृति, सभ्यता और संस्कार का भी पाठ पढ़ाया जाता है।

इस बार सुबह 7 से शाम 5 बजे तक डाले जाएंगे वोट : बीडीओ

दिव्यांग, वृद्ध और गर्भवती माताओं के लिए निःशुल्क ऑटो की सुविधा

मतदान जागरूकता कार्यक्रम में बीडीओ ने कहा चलने में असमर्थ
फोटोः-0012,0013

जलडेगा। शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जलडेगा डॉ प्रवीण कुमार के द्वारा मतदान केंद्र संख्या 98 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय करीमाटी) में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां उन्होंने स्थानीय नागपुरी भाषा में लोगों को संबोधित किया और आगामी 13 मई को होने वाले मतदान के विषय में विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार वोट डालने का समय सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दिवस को पर्व की तरह मानने का निर्देश दिया गया है जिस तरह हम अपने पर्व त्यौहार में आस पड़ोस और पूरे परिवार के सदस्य मिलकर मनाते हैं ठीक इसी तरह हम सभी को मतदान दिवस के दिन को भी त्योहार के रूप में मानना है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां 66% मतदान हुआ था जिसे बढ़ाकर 85% से ज्यादा करने का आग्रह किया गया और 13 मई को सभी मतदाताओं से अपने अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की गई। बैठक में बीडीओ ने कहा कि वैसे मतदाता जो चलने में असमर्थ है दिव्यांग अथवा वृद्ध हैं उनके लिए प्रशासन की ओर से ऑटो की व्यवस्था की गई है, उन्हें घर से मतदान केंद्र तक और वोट देने के बाद मतदान केंद्र से उनके घरों तक निशुल्क पहुंचाया जाएगा। साथ ही साथ मतदान केंद्र में महिला और पुरुषों के लिए अलग कतार लगेंगे वहीं मतदान केंद्रों में दिव्यांग, सीनियर सिटीजन और गर्भवती माताओं को कतार में लगने की आवश्यकता नहीं होगी ऐसे लोग सीधे मतदान करेंगे। कैसे मतदाता जिनके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं हो तो वे 12 तरह के पहचान पत्र यथा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक पासबुक, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड आदि को लेकर मतदान कर सकते हैं।

तीन दिवसीय कार्यक्रम के साथ मनाया जा रहा जैन धर्म के भगवान महावीर का जन्म कल्याणक

झुमरी तिलैया । जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 भगवान महावीर का जन्म कल्याणक तीन दिवसीय महामहोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। 19 अप्रैल को जैन धर्म के पांचवे तीर्थंकर 1008 श्री सुमतिनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव मनाया गया। प्रातः भगवान का अभिषेक, शन्तिधारा के साथ निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। इसके बाद गोशाला परिसर में जैन समाज के महिला संगठन की सैकड़ों महिला द्वारा गोशाला पहुंचकर अपने हाथों से सभी गाय को गुड़,चारा, चोकर और सब्जी खिलाया। शनिवार को प्रातः दोनों मंदिर जी में अभिषेक किया गया। जैन महिला समाज के द्वारा कार्यक्रम संयोजक मुकेश अजमेरा, मनोज सेठी, सुनील छाबड़ा के नेतृत्व में सभी अस्पताल प्राइवेट हॉस्पिटल होली फैमिली, वृद्ध आश्रम में दवा, फल, होर्लिक्स, ग्लूकोस पैकेट, मिठाई, पानी का बोतल आदि का वितरण मरीजों के बीच किया गया।

मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर परिणाम आने से प्रखंड के लोगों में हर्ष

बानो। प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में मैट्रिक की परीक्षा में अधिकतर छात्र छात्राओं द्वारा सफल होने से लोगो में हर्ष है। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय बानो में 296 विद्यार्थी सफल रहे । जबकि 17 विद्यार्थी असफल रहे। जिसमे दीपिका कुमारी 88.60%, आश्या सिडिकी 84.80%, वाजाहत खातून 82,20%, सुबोध टोपनो 81.60%, औरंगजेब अंसारी 80.80% अंक लाकर टॉप रहे । कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बानो में 52 छात्राओं में प्रथम -12, द्वितीय -32,तृतीय -4तथा 4 असफल रहे। जिससे रिया कुमारी 78.20 % गायत्री कुमारी 72 .20% व सुषमा गुलु 70.40%अंक लाकर विद्यालय में टॉप रहे। प्रखण्ड शिशु विद्या मंदिर केतुड्ड़ा धाम से कुल 19 भैया व बहनों ने मैट्रिक का परीक्षा दिया था जिसमे प्रथम 15,द्वितीय-3 तथा तृतीय में एक विद्यार्थी सफल रहे। जिसमें दीपिका कुमारी 89.80 प्रतिशत लाकर टॉप रही,दूसरा स्थान आरती कुमारी 76.60% तृतीय ममता कुमारी 70.02% अंक ला कर सफल रही । जनता हाई स्कूल जितुटोली से कुल 153 विद्यार्थियों ने मैटिक की परीक्षा में भाग लिया था। जिसमे 82 विद्यार्थी प्रथम , 58 दुतिया व 9 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से सफल रहे। जबकि 9 विद्यार्थी असफल रहे।प्रखण्ड के उच्च विद्यालय रायकेरा में कुल विद्यार्थियों में प्रथम 21,द्वितीय -23 और 4 तृत्य स्थान पर सफल रहा।जबकि 9 विद्यार्थी असफल रहे।

एक नजर

गावां पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

गिरिडीह। गिरिडीह गावां पुलिस ने एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करके शनिवार को जेल भेज दिया। गावां थाना क्षेत्र के शेरुआ पंचायत स्थित डाबर निवासी सुंदर महतो पिता कन्हाइ महतो लंबे समय से फरार चल रहे थे। जिसे गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि उक्त वारंटी पर गावां थाना में कांड संख्या 53/89 एसटी संख्या 8/1992 के तहत स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

सड़क दुर्घटना में महाविद्यालय के व्याख्याता हुए घायल

बहरागोड़ा । बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एन एच 18 के सर्विस रोड पर ओम स्टोर के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से बहरागोड़ा महाविद्यालय के गणित विषय के व्याख्याता निर्मल कुमार पात्र(68)बुरी तरह से घायल हो गए. वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग तथा महाविद्यालय के कर्मचारी त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति सामान्य है। मिली जानकारी के अनुसार घायल व्याख्याता अपने पी.डब्लू.डी मोड़ स्थित आवास से बहरागोड़ा महाविद्यालय जाने के क्रम में किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से धक्का मार दिया जिससे वे सड़क पर गिर पड़े और बुरी तरह से घायल हो गए।

बॉलीवुड के पंकज त्रिपाठी के बहनोई की सड़क हादसे में मौत

धनबाद। धनबाद के निरसा में जीटी रोड पर बॉलीवुड कलाकार पंकज त्रिपाठी के बहनोई की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि बहन गंभीर रूप से जख्मी है। उन्हें एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पंकज त्रिपाठी के बहनोई राजेश तिवारी और बहन सविता तिवारी बिहार के गोपालगंज से कोलकाता जा रहे थे। निरसा चौक के पास शनिवार की शाम उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए और कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की खबर पाकर लोगों की भीड़ जुटी और निरसा पुलिस भी मौके पर पहुंची। दोनों को सरायढेला स्थित एसएनएमएमसीएच भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने पंकज त्रिपाठी के बहनोई को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल बहन का इलाज जारी है। हादसे की खबर पाकर पंकज त्रिपाठी कोलकाता हवाई अड्डा पहुंचे और सड़क मार्ग से धनबाद के लिए रात में रवाना होने की सूचना है। खबर पाकर पंकज त्रिपाठी के कई परिचित अस्पताल पहुंचे हैं।

गर्मी में सावधानी व बचाव जरूरी : उपायुक्त

बढ़ती गर्मी को लेकर गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने जनता से की अपील

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा जानकारी दी गई कि आपदा प्रबंधन विभाग ने झारखंड के अलग-अलग जिलों में हीट वेव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी किया है। जिले में लगातार बढ़ने तापमान को देखते हुए उपायुक्त के द्वारा जिलेवासियों से गर्मी व लू से बचाव के लिए जरूरी एहतियात बरतने की अपील की गई है।

वर्तमान में बढ़ती गर्मी को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थों का उपयोग गर्मी के मौसम में करते रहें, ताकि शरीर में पानी के कमी से होने वाली बिमारियों से बचाया जा सके। गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती है। इससे बचाव को लेकर विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है। खास कर के छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। तापमान में बढ़ोतरी के कारण अत्यधिक गर्मी हो रहा है, ऐसे में बिना जरूरी काम के घरों से न निकलें।

गर्मी के प्रकोप से बचे रहने के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है...

क्या करें...

आरामदायक कपड़े पहनें और गर्मी में बाहर निकलें तो बेहतर है कि आप हल्के रंग के ढीले-ढाले और कॉटन के कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे सिर व गर्दन पर रखें। अगर तबीयत ठीक न लगे और चक्कर आएं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। लिक्विड डाइट का ज्यादा सेवन करें और जितना ज्यादा हो सके उतना लिक्विड डायट का प्रयोग करें। जैसे की लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना , गन्ने का रस, शिकंजी, नारियल पानी इत्यादि, मौसमी फलों का जैसे खरबूज, तरबूज, आम, ककड़ी का सेवन जरूर करें। ध्यान दें कि शरीर में पानी की कमी न हो। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दा, शटर आदि का इस्तेमाल करें रात में खिड़कियां खुली रखें।

क्या न करें...

धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़े। खाना बनाते समय कमरे की खिड़की एवं दरवाजे बंद न रखें। शराब, चाय, कॉफी पीने से बचे, जो शरीर को डी-हाईड्रेट करते हैं। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। लंबे समय तक बाहर धूप में रहने से बचें। साथ ही गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए धूप से सीधे संपर्क में आने से परहेज करें।

300 करोड़ से जमशेदपुर सर्किल क्षेत्र का होगा विद्युत सुदृढ़ीकरण

टाटा ग्रुप के यूनिवर्सल पावर को मिला काम, सर्वे शुरू

नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर
300 करोड़ से जमशेदपुर सर्किल क्षेत्र का विद्युत वितरण व्यवस्था सुदृढ़ होगा। जिसका कार्य टाटा ग्रुप के यूनिवर्सल पावर को मिला है. एजेंसी ने कार्य का सर्वे शुरू कर दिया है। जानकारी देते हुए विद्युत अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र का विद्युत वितरण व्यवस्था को अत्याधुनिक किया जाना है। इस योजना में सभी ओवरहेड लाइन को एरियल बैंच केबल से आच्छादित किया जाएगा। पावर लोड का सर्वे कर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना के पूरे होने से लाइन लॉस और विद्युत चोरी की रोकथाम होगी।

लोकसभा सीट के नामांकन में रालोजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहेंगे मौजूद- राज

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
एनडीए चुनाव संचालन समिति झारखंड के सदस्य राजकुमार राज ने कहा है की झारखंड के 14 लोकसभा सीट के नामांकन में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभी नामांकन में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगे। तथा संबंधित जिला के अध्यक्ष भी जिला पदाधिकारी के साथ उपस्थित रहेंगे। श्री राज ने कहा कि पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के अध्यक्षता में एनडीए घटक दलों की बैठक हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि एनडीए घटक दल के सभी प्रदेश अध्यक्ष को संचालन समिति का सदस्य मनोनीत किया जाए।

साथ ही सभी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की तस्वीर एनडीए के होर्डिंग बैनर में लगाए तथा एनडीए के सभी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रदेश अध्यक्ष जो संचालन समिति के सदस्य के रूप में भाग लेंगे। साथ ही लोकसभा स्तर पर एनडीए घटक दल के लोकसभा प्रभारी तथा जिला एवं प्रखंड स्तर पर जिला एवं प्रखंड अध्यक्ष कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

सुहानी ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
जैक रांची द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षाफल में पीए हाई स्कूल भंडारो की छात्रा सुहानी कुमारी 474 अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन किया है वहीं अपने विद्यालय में टॉपर रही है जबकि गिरिडीह जिले में तीसरे स्थान पर रही है। सुहानी 94.8 फीसदी अंक प्राप्त किया है। सुहानी की माता रेखा देवी पिता छोटेलाल श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी पुत्री कभी कोई ट्यूशन नहीं की, सिर्फ घर में स्वयं पढ़ाई करके यह सफलता प्राप्त की है। सुहानी हिन्दी में 98 अंक, अंग्रेजी में 97 एवं गणित में 95 अंक प्राप्त किया है।

गर्मी से परेशान जानवरों को कूलर से दी जा रही राहत

नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर
जमशेदपुर शहर का पारा 43 डिग्री को पार कर गया है. लिहाजा इंसान के साथ-साथ जानवर भी गर्मी के सितम से परेशान हैं. टाटा जू में गर्मी से बचाने के लिए जानवरों का खास खयाल रखा जा रहा है. टाटा जू में जानवरों के खान-पान से लेकर उनके बाड़े में कूलर और बांस की चटाई लगाये गये हैं. वहीं शेर, बाध, तेंदूआ और भालू के बाड़े में कलूर के अलावा पुआल भी लगाए गए है. इन जानवरों को दिन में दो से तीन बार नहलाया जा रहा है. पिछले दो-तीन दिन में शहर का पारा अचानक ऊपर चढ़ गया.

पैदल चल रहे चार लोगों को वाहन ने चपेट में लिया, एक की मौत

मामला मधुबन थाना क्षेत्र के चैनपुर का

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
मधुबन थाना क्षेत्र के चैनपुर के समीप शनिवार को अनियंत्रित होकर पैदल चल रहे 4 लोगों को एक वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। इस दौरान वाहन भी पलट गया। घटना में वाहन चालक को मामूली चोट भी आई है। वहीं वाहन द्वारा चपेट में लिये गये चार लोगों में से एक की मौत धनबाद में इलाज के दौरान होने की बात सामने आ रही है। जबकि तीन अन्य लोग इलाजरत हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन नाबालिग चला रहा था जो वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और पैदल चल रहे लोगों को टक्कर मारते हुए वाहन भी पलट गया।

महात्मा हंसराज की 160वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल गिरिडीह, में महात्मा हंसराज जी की 160वीं जयंती बड़े उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की यज्ञशाला में धर्म शिक्षक दिलीप कुमार द्वारा पवित्र वैदिक हवन का आयोजन किया गया। प्राचार्य ओपी गोयल के साथ सभी शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने यज्ञ-आहुतियों द्वारा महात्मा हंसराज जी को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्राचार्य श्री ओपी गोयल के द्वारा महान तपस्वी, शिक्षाविद्, त्याग, दया व स्नेह की प्रतिमूर्ति महात्मा हंसराज जी के जीवन, उनके व्यक्तित्व व समाज और देश के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अर्जुन कुमार ने बताया कि महात्मा हंसराज ने समाज के हर वर्ग के उत्थान में अपना अतुलनीय एवं अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने बताया कि हंसराजजी एक सच्चे विद्वान, वैदिक उपदेशक व महान लेखक थे शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अतुल्य एवं अमूल्य है।

दो अलग अलग गाँवों में लगी आग, नगदी समेत खाद्य सामग्री जलकर राख

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
बिरनी थाना क्षेत्र में शनिवार को अलग अलग गाँव में भीषण आग लग गई। जिसमें नगदी समेत दस लाख की सामग्री जलकर राख हो गई। पहली घटना बिरनी थाना क्षेत्र के जुरपा के पास स्थित सिंह मेडिकल का है जहां आग लग जाने से दवा समेत फर्नीचर जलकर राख हो गया। घटना के संबंध में सिंह मेडिकल संचालक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि छत पर सोये थे तभी किसी ने फोन कर जानकारी दी कि मेडिकल से धुँआ निकल रहा है इतना सुनते ही छत से उतरने लगे तब तक पूरा धुँआ भर गया पुनः मैं नीचे के दरवाजे से बाहर निकला तथा आसपास के लोग जमा हो गए और आग बुझाने लगे और इसकी सूचना अग्निशमन वाहन को दी ।

वहीं घटना की सूचना बिरनी थाना को दी गई तथा बिरनी पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि अग्निशमन वाहन घटनास्थल पर पहुँची और आग पर काबू पाया गया । उन्होंने कहा कि आग की लपटें इतनी जोर थी कि देखते देखते सारा सामग्री जलकर राख हो गया ।

भीषण आग लगने से गृहस्वामी को भारी नुकसान

घर के अंदर से चार वर्षीय बच्चे को समय रहते सुरक्षित निकाला गया

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
तिसरी थाना क्षेत्र के चंदौरी रोड - बघलोरवा स्थित मुख्य सड़क के किनारे एक घर में शनिवार की दोपहर भीषण आग लग गई। जिससे पक्के मकान को छोड़कर घर का काफी हिस्सा जल गया। बाद में आस - पास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि बघलोरवा स्थिति बड्डू राय के घर के बाहर मिट्टी के चूल्हे में हल्की चिंगारी थी। दोपहर को चलने वाली तेज हवाओं के सम्पर्क में आकर चिंगारी जल उठी और पास के लकड़ियों को अपने लपेटे में ले लिया। धीरे - धीरे पुरा घर आग की चपेट में आ गया। इस दौरान रास्ते से गुजरने वाले एक वाहन चालक ने आग की लपटों को देखकर हल्ला - गुल्ला मचाया। जिसके बाद आस - पास के लोग जुटे इस दौरान घर के अंदर एक चार वर्षीय बच्चा भी था गनीमत रही कि समय रहते उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जिसके बाद लोग पानी व मिट्टी के सहारे आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। लेकिन तेज हवाओं के कारण मिट्टी के घर और आस पास रखे लकड़ी व बिचाली आग की चपेट में आ गए।

झामुमो के कार्यकर्ताओं में हेमंत जैसा है हौसला : दिलबर

मझगांव। मझगांव प्रखंड के झामुमो मझगांव पंचायत में चार बूथ समिति का गठन मझगांव के बांदासाई टोला में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिलबर हुसैन, मोहम्मद फैय्याज व जानेआलम की संयुक्त अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में मौजूद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए दिलबर हुसैन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं को एक मौका मिला है। जिसमें महा गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री जोबा मांझी को हर हाल में जीत दर्ज करवाना है। इस संकल्प के साथ हम सभी कार्यकर्ता मतदाता के घर-घर जाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरकार के द्वारा की गई जनकल्याणकारी कार्यों को बताना है। भाजपा के इशारे पर केंद्र एजेंसी ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डालने का काम किया है। उन्हें लगता है कि हमारे नेता को जेल में डालकर आसानी के साथ चुनाव जीत जाएंगे। लेकिन उन्हें भूलना नहीं चाहिए कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का हर एक कार्यकर्ता हेमंत सोरेन के जैसा हौसला रखता है।

न्यूज बॉक्स

काशीडीह हाई स्कूल पृथ्वी दिवस उत्सव सप्ताह मना रहा

जमशेदपुर। काशीडीह हाई स्कूल 19 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पृथ्वी दिवस उत्सव सप्ताह मना रहा है। धरती माता को बचाने के बारे में जागरूकता लाने के लिए छात्र-छात्राओं के बीच शैक्षिक यात्रा, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन और भाषण प्रतियोगिताओं जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के एक भाग के रूप में काशीडीह हाई स्कूल के एटीएल क्लब ने सीडीएम स्वास्थ्य और स्वच्छता सेवा के मार्गदर्शन में टाटा स्टील यूटिलिटीज और इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के विभिन्न अपशिष्ट प्रबंधन विभागों के लिए एक शैक्षिक दौरे का आयोजन किया। 60 छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक कमलेश ओझा, रीता मैरी पिल्ले और ट्विंकल जग्गी शामिल थे। बच्चों ने अपने अलग-अलग कचरे का प्रबंधन और पृथक्करण करना सीखा। उन्होंने पुनर्चक्रण, पुनः उपयोग और कम करने की अवधारणा भी सीखी।

पानी नहीं तो वोट नहीं के नारों के साथ अनिश्चितकालीन धरना शुरू

जमशेदपुर। जमशेदपुर में गर्मी आते ही पानी की समस्या साफ तौर पर देखी जा सकती है। हालांकि इस साल कुछ अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर वासियों के लिए पानी एक बड़ा मुद्दा साबित हो सकता है। बीते दिनों ही मानगो वासियों ने पानी के लिए वोट बहिष्कार की चेतावनी दी थी। ऐसा ही कुछ नजारा जुगसलाई में देखने को मिला जहां पानी की समस्या को लेकर सफीगंज मोहल्ला के लोग जुगसलाई नगर पालिका कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए. बस्तीवासी पानी नहीं तो वोट नहीं के नारे लगा रहे थे। बस्तीवासियों का कहना था कि बस्ती में बीते 45 दिन पानी नहीं है। हालांकि नगरपालिका द्वारा टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है पर वो उनके लिए काफी नहीं है। वे लोग हर महीने पानी टैक्स देते है बावजूद इसके उनके घरों में पानी की सप्लाई नहीं है। इससे बस्ते से सैकड़ों परिवार को काफी समस्या का सामान करना पड़ रहा है। बस्तीवासी होली और नवरात्रि एवं रामनवमी जैसे पर्व पर भी पानी के लिए तरस गये है। कई बार इसकी शिकायत उपायुक्त एवं पीडब्लुडी के अधिकारी सुमित कुमार से की गई पर अबतक कोई भी उचित कदम नहीं उठाया गया। जिसके बाद सभी ने धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इधर, धरना के बाद बस्ती के लोगों ने नगरपालिका के कार्यपालक पदाधिकारी मोटाय बानरा, पीडब्ल्यूडी और जुगसलाई थाना प्रभारी के साथ बैठक की। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि शाम 5.30 बजे तक सभी के घरों में किसी भी तरह पानी की सप्लाई को चालू कर दिया जाएगा। हालांकि आश्वासन के बाद भी बस्तीवासी धरने पर बैठे है। बस्तीवासियों को कहना है कि जब तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो जाती वे लोग धरने पर बैठे रहेंगे।

मधुआबेड़ा गांव में गाजे-बाजे के साथ मना हरिनाम संकीर्तन का दधि महोत्सव

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत मधुआबेड़ा गांव में आयोजित हरिनाम संकीर्तन का शनिवार को दधि महोत्सव के साथ समापन किया गया। स्थानीय कीर्तन मंडली व बेंड बाजा के साथ दोपोहर को कीर्तन मंडप से पुजारी द्वारा दधि हंडी लेकर गांव का परिभ्रमण किया गया। फिर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए एक-एक घर में दधि हंडी को घुमाया गया। दधि हंडी का शुद्ध पानी प्रत्येक घरों में और लोगों पर छिड़काव किया गया । वहीं ग्रामीणों का मानना है कि उक्त दधि हंडी का पानी छिड़काव करने से परिवार में सुख, शांति तथा समृद्धि बनी रहती है एवं रोग का निवारण होता है। उधर महिलाओं ने व्रत रखकर बारी बारी से पूजा अर्चना किया। एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर दधि उत्सव मनाया। इस अवसर पर भक्तों के बीच दोपहर को महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस हरि नाम संकीर्तन को सफल बनाने के लिए कमिटी के सदस्य ने अहम भूमिका निभाई।

सारंडा में सिंहभूम संसदीय सीट के मतदान में भारी कमी की है संभावना

किरीबुरु । सिंहभूम संसदीय सीट पर 13 मई को होने वाले मतदान के दौरान सारंडा जंगल के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में वोटिंग फीसदी काफी कम रहने की पूरी संभावना है। जानकारों का कहना है कि वोटिंग प्रतिशत कम होने का मुख्य वजह भीषण गर्मी, गांवों से मतदान केन्द्रों की दूरी काफी अधिक होना तथा गांवों से मतदान केन्द्रों तक जाने के लिये आवागमन की बेहतर सुविधा नहीं होना, सारंडा के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से बेरोजगारों का रोजगार एवं छात्र-छात्राओं का उच्च शिक्षा हेतु अन्य शहरों में पलायन होना, सेलकर्मियों को मतदान कार्य में लगाया जाना, राजनीतिक पार्टियों व उनके प्रत्याशियों से नाराजगी तथा सुदूरवर्ती गांवों का दौरा उनके द्वारा नहीं करना, ग्रामीणों में मतदान को लेकर जागरूकता की कमी तथा नशापान आदि मुख्य वजह होगा। उल्लेखनीय है कि नक्सल प्रभावित सारंडा जंगल में थोलकोबाद, दीघा, करमपदा, सोनापी, छोटानागरा, तितलीघाट, जामकुन्डिया, रोवाम, किरीबुरु, मेघाहातुबुरु आदि स्थानों पर मतदान केन्द्र है. इन मतदान केन्द्रों से विभिन्न गांवों की दूरी लगभग 8-35 किलोमीटर दूर (सबसे दूर नयागांव से दीघा) है, जहाँ से लोगों को इस भीषण गर्मी में पैदल चलकर मतदान करने आना होगा। हालांकि प्रशासन भी अपने स्तर से वाहन की व्यवस्था पूर्व में करती रही है लेकिन अधिक लाभ नहीं मिला। सारंडा के प्रायः गांवों में बसे लोग अपने-अपने घर अलग-अलग बनाये हुये हैं। जहाँ से सभी को एक साथ बूथों तक ले जाना आसान नहीं होगा। दूसरी तरफ सारंडा से भारी तादाद में युवक व युवतियां रोजगार हेतु अन्य शहरों में पलायन कर गये हैं। सैकड़ों छात्र-छात्रायें उच्च शिक्षा हेतु अन्य शहरों में हैं। सेल की किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, गुआ व चिड़िया के हजारों सेलकर्मी मतदान प्रक्रिया में लगाये जाते हैं, जिसमें से अधिकतर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं। सेलकर्मियों के अनुपस्थिति के वजह से उनके कुछ परिजन भी मतदान करने बूथों पर नहीं जाते हैं।

लोक प्रशासन

सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी और कठिनाई पर चर्चा जरूरी

हृदयनारायण दीक्षित

भारतीय प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लम्बा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है। लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था, ''हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है।'' पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुम्ब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुम्ब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई 'ग्राम' थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है, ''समिति जनसाधारण की संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी।'' उस समय के नियम सबको मान्य थे। नियम या विधि को ऋग्वेद में 'धर्म' कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिन्धु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिन्धु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थी। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। सम्पूर्ण सिन्धु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है। चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में भारत ने पहली बार राजनैतिक एकता हासिल की। यह विशाल साम्राज्य था। चन्द्रगुप्त मौर्य स्वयं में योग्य प्रशासक थे। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मैगस्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख व यूनानी साहित्य में मौर्य शासन व्यवस्था की तमाम जानकारी हैं। भारतीय प्रशासन के विकास में मौर्य शासन के अनेक तत्व हैं। भारत परम्परा प्रिय देश है। यहां के समाज में कालवाह्य को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक लोक प्रशासन को जनोन्मुखी बनाने के प्रयास चलते रहे हैं। आदर्श राजव्यवस्था के संवेदनशील प्रशासन के विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलते हैं और महाभारत में भी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

भगवान महावीर हैं सार्वभौम धर्म के प्रणेता

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। वे सार्वभौम धर्म के प्रणेता थे, उनके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना थी। इस वर्ष भगवान महावीर की 2550 वां निर्वाण महोत्सव मनाया जा रहा है, उनकी जन्म जयन्ती एवं निर्वाण महोत्सव न केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिये बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिये उन्नत जीवन का आधार है, निर्वाण महोत्सव का भव्य आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम् सभागार में 21 अप्रैल, 2024 को चारों जैन सम्प्रदायों के आचार्यों, मुनिराजों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में करेंगे। भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'हिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें। 'आत्मानः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें और न ही करवाएं और हत्या से उत्पन्न वस्तुओं का भी उपभोग नहीं करें। एक बार महावीर और उनका शिष्य गोशालक एक घने जंगल में विचरण कर रहे थे। जैसे ही दोनों एक पौधे के पास से गुजर रहे थे। शिष्य से दुश्मन बन चुके गोशालक ने महावीर से कहा, यह पौधा देखिए, क्या सोचते हैं आप, इसमें फूल लगेंगे या नहीं लगेंगे? महावीर आंख बंद करके उस पौधे के पास खड़े हो गए, और कुछ देर बाद आंखें खोलते हुए उन्होंने कहा, फूल लगेंगे। गोशालक ने महावीर का कहा सत्य न हो, इसलिये तत्काल पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया, और जोर-जोर से हंसने लगा। महावीर उसे देखकर मुस्कराए। सात दिन बाद दोनों उसी रास्ते से लौट रहे थे। जैसे ही दोनों उस जगह पहुंचे, जहां गोशालक ने पौधा उखाड़ा था, उन्होंने देखा कि वह पौधा खड़ा है। इस बीच तेज वर्षा हुई थी, उसकी जड़ों को वापस जमीन ने पकड़ लिया, इसलिए वह पौधा खड़ा हो गया था। महावीर फिर आंख बंद करके उसके पास खड़े हो गए। पौधे को खड़ा देखकर गोशालक बहुत परेशान हुआ। गोशालक की उस पौधे को दोबारा उखाड़ फेंकने की हिम्मत न पड़ी।

भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'हिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते।

महावीर हंसते हुए आगे बढ़े। गोशालक ने इस बार हंसी का कारण जानने के लिए उनसे पूछा, आपने क्या देखा कि मैं फिर उसे उखाड़ फेंकूगा या नहीं? तब महावीर ने कहा, यह सोचना व्यर्थ है। अनिवार्य यह है कि यह पौधा अभी जीना चाहता है, इसमें जीने की ऊर्जा है, और जिजीविषा है। तुम इसे दूबारा उखाड़ फेंक सकते हो या नहीं-यह तुम पर निर्भर है। लेकिन पौधा जीना चाहता है, यह महत्वपूर्ण है। तुम पौधे से कमजोर सिद्ध हुए और हार गए। और जीवन हमेशा ही जीतता है। जीवन में आने वाली मुश्किलों का सामना करने के लिए जरूरी है, आशावादी रहना। भगवान महावीर का जन्म दिवस एक दस्तक है। उन्होंने बाहरी लड़ाई को मूल्य नहीं दिया, बल्कि स्व कर सुरक्षा में आत्म-युद्ध को जरूरी बतलाया। उन्होंने जो कहा, सत्य को उपलब्ध कर कहा। उन्होंने सबके अस्तित्व को स्वीकृति दी। 'णो हीणे णो अइरित्ते'- उनकी नजर में न कोई ऊंचा था, न कोई नीचा। उनका अहिंसक मन कभी किसी के सुख में व्यवधान नहीं बना। उन्होंने अपने होने का अहसास जगाकर अहं को खड़ा नहीं होने दिया। इसीलिये उनकी शिक्षाओं एवं उपदेशों का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में विशेष महत्व है। हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्रायः सन्नाटा देखने को मिलता है। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं करते हैं। हम केवल कर्मकाण्ड और पूजाधि सीमें ही लगे रहते हैं। महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- पुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है।' औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है। भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहा हैं- सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हम जैसा व्यवहार स्वयं के प्रति चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति भी करें। यही मानवता है और मानवता का आधार भी। मानवता बचाने में है, मारने में नहीं। किसी भी मानव, पशु-पक्षी या प्राणी को मारना, काटना या प्रताड़ित करना स्पष्टतः अमानवीय है, क्रूरतापूर्ण है। हिंसा-हत्या और खून-खच्चर का मानवीय मूल्यों से कभी कोई सरोकार नहीं हो सकता। मूल्यों का सम्बन्ध तो जियो और जीने दोस जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है। एक और महत्वपूर्ण प्रश्न है, क्या सुख को स्थायी बनाया जा सकता है? क्या दुःख को समाप्त किया जा सकता है? इसका सीधा उत्तर होगा कि भौतिक जगत में ऐसा होना कभी संभव नहीं है। जब तक भौतिक जगत में जीएंगे तब तक यह स्वप्न लेना दिवास्वप्न है, कल्पना करना आकाश कुसुम जैसा है। आकाश में कभी फूल नहीं लगता। यह असंभव बात है कि इंद्रिय जगत में आदमी जीए और वह सुख या दुःख एक का ही अनुभव करे, यह द्वंद्व बराबर चलता रहेगा। तब व्यक्ति के मन में एक जिज्ञासा पैदा होती है कि ऐसा कोई उपाय है जिससे सुख को स्थायी बनाया जा सके? इसका समाधान है स्वयं का स्वयं से साक्षात्कार। इसके लिये जरूरी है हर क्षण को जागरूकता से जीना। उसको जीने के लिये भगवान महावीर ने कहा था-ह्यखणं जाणाहि पंडिएह्न, जो क्षण को जानता है, वह सुख और दुःख के निमित्त को जानता है। **(ये लेखक के निजी विचार है)**

दक्षिण भारत में भाजपा को भरोसा योगी व प्रमोद सांवत पर

आरके सिन्हा

भाजपा इस बार दक्षिण भारत की जंग में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए जी-जान लगा रही है। वह इस चुनावी जंग में अपने प्रतिद्वंदियों को किसी भी सूरत में कोई स्पेस देने के मूड में नहीं है। जिनको लगता है कि भाजपा का दक्षिण भारत में कोई वजूद ही नहीं है, वे घोर मुगालते में हैं। भाजपा इस बार इन राजनीतिक अल्प-ज्ञानियों को पूरी तरह से गलत साबित करना चाहती है। दक्षिण भारत के राज्य भाजपा के लिए अब तक कठिन चुनौती वाले प्रदेश रहे हैं, इसमें कोई दोराय नहीं है। लेकिन, अब परिस्थितियां बदली हैं। इस बार पार्टी ने दक्षिण भारत में चुनावी स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ने का मन ही नहीं बनाया, बल्कि दृढ़ संकल्प किया हुआ है। वास्तव में 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के संबंध में दक्षिण की धारणा को पूरे समाज, मीडिया और समीक्षकों की राय बदलने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। भाजपा ने अपने दो बेहद तेजतर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को दक्षिण भारत में सघन चुनाव अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। ये दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में जमकर कैंपेन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में ही देते हैं। जाहिर है, इस वजह से वे तुरंत स्थानीय जनता से संबंध स्थापित कर उन्हें प्रभावित करते हैं। योगी आदित्यनाथ को भी दक्षिण भारत के अन्य राज्यों में प्रचार करना है। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने बीमारू उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि चुस्त-

सख्त प्रशासन से गुंडे मवाली भाग खड़े होते हैं। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की भ्रांति पूर्ण धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा एक प्राचीन सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ अपने गृह प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान और बिहार में भी बड़ी सभाओं को संबोधित कर चुके हैं। वे जिधर भी जाते हैं वहां पर उनका अभूतपूर्व स्वागत होता है। इस बीच, तमिलनाडु उन अनूठे राज्यों में से एक है, जहां 87 फीसद से अधिक हिंदू आबादी है। यह उन राज्यों में एक है जहां राष्ट्रीय दलों यानी भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति अब तक काफी कमजोर रही है। हां भाजपा कोयंबटूरऔर कन्याकुमारी में जरूर अच्छे वोट जुटाती रही है। तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई। इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा, कई भाजपा नेता विवादास्पद बयान के लिए जाने जाते रहे । लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है। और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं। मोदी और शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन दे रहे हैं। भाजपा ने इसी आधार पर तमिलनाडु में अकेले 23 सीटों पर चुनाव लड़ने का साहस दिखाया। तमिलनाडु में 19 अप्रैल को मतदान हुआ। भाजपा को लगता है कि वह इस बार तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्र प्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल (20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं। कांग्रेस ने 2019 में दक्षिण से 28 लोकसभा सीटें जीतीं थीं। इसमें केरल में 15, तमिलनाडु में 8, तेलंगाना में तीन, कर्नाटक में एक और पुदुचेरी में एक, जबकि भाजपा ने कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में 4 सीटें जीती थीं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

1857 के क्रांतिवीर शहीद पांडेय गणपत राय की शहादत पर विशेष

महान क्रांतिकारी और गुरिल्ला युद्ध में पारंगत थे शहीद पांडेय गणपत राय

डॉ. वंदना राय

देश की आजादी में झारखंड के शहीदों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। शहीद पांडेय गणपत राय जो लोहरदगा जिला के भौंरों ग्राम के निवासी थे ,1857 की क्रांति में अपना बलिदान दे दिए थे' उन्हीं के साहस व पराक्रम के कारण हम आज आजादी की सांस ले रहे हैं। उन्होंने संपूर्ण झारखंड क्षेत्र में लोगों को आजादी के प्रति जागरुक कर गुरिल्ला युद्ध के लिए लडाकु सेना

बनाया जो अंग्रेजों को इस क्षेत्र में खदेड़ दिए।' शहीद पांडेय गणपत राय जी महान स्वतंत्रता सेनानी थे। जो देश के लिए अपना बलिदान दे दिए थे 1857 की क्रांति में इनका बहुत योगदान था जिसे देश वासी हमेशा याद रखेंगे। शहीद पांडेय गणपत राय का जन्म 17 जनवरी 1809 में लोहरदगा के भौरो गांव में हुआ था। 21 अप्रैल 1858 को रांची स्थित शहीद चौक में एक कदम के पेड़ पर अंग्रेजी हुकूमत द्वारा फांसी दी गई थी। देश के लिए बलिदान देने वाले इतिहास पुरुष के बारे में भी नए अध्ययन रत्त बच्चों को भी जाननी चाहिए। ज्ञात हो की दिनांक 16 अप्रैल से 23 अप्रैल तक शहीद स्मारक समिति रांची द्वारा शहीद सप्ताह का आयोजन प्रत्येक वर्ष की जाती है आचार संहिता को ध्यान में रखते ही शहीद पांडेय गणपत राय को 21 अप्रैल 2024.को शाम 5 बजे से देशभक्तों द्वारा श्रद्धांजलि दी जायेगी। शहीद की महान वीरता और साहस के लिए उन्हें याद किया जाएगा। क्रांतिकारी आंदोलनों में पांडेय गणपत राय जी की भागीदारी झारखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता आंदोलन में बहुत रही है। उनके योगदान और भागीदारी की याद में शहादत दिवस समारोह मनाया जाता है।

1857 की क्रांति में इनका बहुत योगदान था जिसे देश वासी हमेशा याद रखेंगे। शहीद पांडेय गणपत राय का जन्म 17 जनवरी 1809 में लोहरदगा के भौरो गांव में हुआ था। 21 अप्रैल 1858 को रांची स्थित शहीद चौक में एक कदम के पेड़ पर अंग्रेजी हुकूमत द्वारा फांसी दी गई थी।

प्रपौत्री शहीद पांडेय गणपत राय
प्रभारी प्रचार्या ,
एस.एस.मेमोरियल महाबिद्यालय रांची।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के भरोसे चुनाव जितना चाहते हैं भूपेश बघेल?

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

छत्तीसगढ़ में नक्सली चुन-चुन कर भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं और कांग्रेस, नक्सलियों के खिलाफ की जा रही शासन की कार्रवाई को फर्जी करार दे रही है। एक नजर देखा जाए तो पिछले पांच साल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रहते भूपेश बघेल का सीएम कार्यकाल नक्सलियों के लिए बहुत मुफीद रहा है। जब से सत्ता बदली है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने वापसी की है, यहां नक्सलियों को अपने अस्तित्व को बनाए रखने तक के लिए भारी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण पूरे नक्सल खेमे में बेचैनी है। दूसरी ओर आज भी कांग्रेस और उसके भूपेश बघेल जैसे नेता हैं जोकि नक्सल खात्मे के लिए भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर ही सवाल उठा रहे हैं। हालांकि एक बयान मे तो भूपेश बघेल को पलटते हुए भी देखा गया, किंतु सवाल यह है कि यह नक्सलियों के समर्थन की सोच, फर्जी मुठभेड़ के दावे, जो जवान वीरगति को प्राप्त हुए और अन्य कई अब भी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं, उनके प्रति संवेदनहीनता की पराकाष्ठा से भी परे नकारात्मक भावना कांग्रेस के नेता अपने अंदर किस विचारधारा से प्रेरित होकर लाते हैं? पहले 'जन घोषणा पत्र' के जरिए नक्सलवाद समाप्त करने का वादा, फिर पीछे हटे : दरअसल, यह कहने और पूछे जाने के पीछे कई ठोस प्रमाण मौजूद हैं। असल में 2018 में छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने 'जन घोषणा पत्र' जारी किया था, उसे 2013 में झीरम घाटी में माओवादी हमले में मारे गए कांग्रेस नेताओं को समर्पित किया गया था। इसमें कहा गया था कि यदि छ.ग. में कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह पूरी तरह से नक्सलवाद को प्रदेश में समाप्त कर देगी। घोषणा पत्र के क्रमांक 22 पर लिखा गया, 'नक्सल समस्या के समाधान के लिए नीति तैयार की जाएगी और वार्ता शुरू करने के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास किए जाएंगे। प्रत्येक नक्सल प्रभावित पंचायत को सामुदायिक विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपये दिए जायेंगे, जिससे कि विकास के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।' संयोग देखिए, कांग्रेस को राज्य में भारी बहुमत मिला। यहां भूपेश बघेल ने 17 दिसंबर की जिस शाम को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, उसी रात 'जन घोषणा पत्र' की प्रति राज्य के मुख्य सचिव को सौंपी गई और इसी दिन भूपेश बघेल ने मंत्री परिषद की पहली बैठक भी बुलाई । बैठक में लिए गए तीन फैसलों में से एक निर्णय 'झीरम घाटी कांड' की एसआईटी जांच कराए जाने पर लिया गया था। यह एक महत्व का तथ्य है कि बस्तर की झीरम घाटी में 25 मई 2013 को भारत में किसी राजनीतिक दल पर नक्सली माओवादियों के इस सबसे बड़े हमले में राज्य में कांग्रेस की पहली पंक्ति के अधिकांश बड़े नेताओं समेत 32 लोग मारे गए थे। झीरम घाटी कांड भूले से नहीं भूलताः एक तरह से देखा जाए तो कांग्रेस के वह सभी कद्दावर नेता एक बार में ही नक्सलियों द्वारा मार दिए गए, जोकि भविष्य में राज्य के मुख्यमंत्री और अन्य कई बड़े पदों के दावेदार होते। मसलन, तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल उनके बेटे दिनेश पटेल, विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर कहलाने वाले महेंद्र कर्मा कवासी लखमा, मलकीत सिंह गैदू , योगेंद्र शर्मा और उदय मुदलियार के नाम प्रमुखता से लिए जा सकते हैं । इस नक्सली हमले की भयानकता कितनी अधिक थी, वह इस पूरी घटना से समझ आता है; जब 200 कांग्रेसियों का काफिला सुकमा से जगदलपुर जा रहा था तभी झीरम घाटी से गुजरते वक्त उसका नक्सलियों ने पेड़ गिराकर रास्ता रोक दिया। कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही पेड़ों के पीछे छिपे नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। करीब डेढ़ घंटे तक गोलियां चलती रहीं। इसके बाद नक्सलियों ने एक-एक गाड़ी को चेक किया। जिन लोगों की सांसें चल रहीं थीं, उन्हें फिर से गोली मारी गई। कुछ जिंदा लोगों को बंधक बनाया गया। नक्सलियों ने बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा को करीब 100 गोलियां मारीं और चाकू से उनका शरीर पूरी तरह छलनी कर दिया। नक्सलियों ने उनके शव पर चढ़कर डांस भी किया था। यहां सवाल यह है कि कि पांच साल कांग्रेस की सरकार सत्ता में रह कर गई, लेकिन 'झीरम घाटी' मामले में जमीन पर हुआ कुछ नहीं ? जिस 'झीरम कांड' को कांग्रेस छत्तीसगढ़ में अपने लिए सबसे बड़ा हमला करार देती नहीं थकती है, क्या उसकी यह जिम्मेदारी नहीं थी कि वह सत्ता में आने के बाद इस काण्ड के सभी गुनहगार नक्सलियों को सजा दे और अपने राज्य से नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंके। लेकिन सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस की 'भूपेश सरकार' ने ऐसा कुछ नहीं किया। बघेल मुख्यमंत्री रहते हुए खुद ही संविधानिक व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा करते रहेः कांग्रेस के तमाम नेता और स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूरे पांच साल तक सत्ता का सुख भोगते रहे और नक्सल कार्रवाई के नाम पर समय गुजारते रहे। ऐसा इसलिए सच लगता है क्योंकि कांग्रेस के घोषणा पत्र और सरकार के लिए फैसलों में कोई समानता नजर नहीं आती । 'झीरम घाटी कांड' की जांच अदालतों में उलझी हुई है और नक्सल समस्या पर घोषित होनेवाली नीति का कहीं कुछ अता-पता नहीं मिला। भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते राज्य में नक्सलियों से वार्ता शुरू होने के संबंध में पूरे पांच साल तक कोई ब्लूप्रिंट सामने नहीं आया। इसके उलट वे कई अवसरों पर यह कहते जरूर सुनाई दिए कि उन्होंने माओवादियों से वार्ता करने की बात कभी नहीं कही थी, पीड़ितों से वार्ता करने की बात कही थी। आश्चर्य तो तब ओर अधिक होता है, जब भूपेश बघेल मुख्यमंत्री रहते हुए भी खुद ही संविधानिक व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा करते हुए दिखाई दिए। छत्तीसगढ़ के 'झीरम कांड' से आठ साल बाद पर्दा उठाने के लिए 'झीरम घाटी जांच आयोग' के सचिव संतोष कुमार तिवारी ने दस खण्डों में चार हजार 184 पेज की रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपी थी। कांग्रेस ने राज्यपाल को रिपोर्ट सौंपने पर आपत्ति जताई, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर ही प्रश्न खड़े कर दिए। न सिर्फ प्रश्न खड़े किए बल्कि जांच आयोग की पूरी रिपोर्ट को ही नकार दिया और कहा कि केंद्र सरकार इस जांच से षड्यंत्रकारियों बचाना चाह रही है। जबकि 'झीरम रिपोर्ट' आंध्र प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश प्रशांत मिश्रा ने तैयार की थी। यानी सीधे-सीधे न्यायालय पर ही यहां प्रश्न खड़े करने का काम भूपेश बघेल करते हैं। इस तत्कालीन समय में सीएम के इस बयान पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने कहा भी ''भूपेश की कांग्रेस सरकार डर क्यों रही है? आयोग पर संदेह करना देश के कानून व्यवस्था पर संदेह करना है।'' भूपेश बघेल के दो कदाचरण आए प्रमुखता से सामनेः इस घटनाक्रम को आप गौर से समझेंगे तो भूपेश बघेल के दो कदाचरण स्पष्ट दिखाई देते हैं । पहला यह कि वे एक तरफ चुनाव से पूर्व सत्ता में आते ही जिस नक्सलवाद को छत्तीसगढ़ की धरती से समाप्त करने का जनता से वादा करते हैं, वह वादा सत्ता प्राप्त होते ही गायब हो जाता है। वह अपने लिखे 'जन घोषणा पत्र' के नक्सल समस्या से जुड़े विषय को ही भूल जाते हैं। दूसरा यह कि जिस झीरम घाटी की घटना ने कांग्रेस के एक बड़े नेतृत्व को ही समाप्त कर दिया, वह सत्ता में रहते हुए उनके परिवार वालों को न्याय नहीं दिला पाते। उसे न्यायिक या अन्य प्रक्रियाओं में ही उलझाए रखते हैं, जिसका कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ अंततः नक्सलियों को ही मिलता रहा है। विष्णुदेव साय सरकार कर रही नक्सल खात्मे पर कार्य तो भूपेश उठा रहे सवालः वस्तुतः अब जब सत्ता बदले के बाद छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय भाजपा सरकार यहां से नक्सलवाद के खात्मे के लिए कार्य कर रही हो। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ कश्मीर की तर्ज पर टारगेट बेस्ड आपरेशन शुरू कर दिया हो। इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट के आधार पर नक्सल प्रभावित इलाकों में घुसकर जवान नक्सलियों को टारगेट बना रहे हों ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

क्या चुनाव से पहले ईडी विजयन की बेटी से करेगी पूछताछ?

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

इन दिनों केरल की सियासी गलियारों में दो मसलों को लेकर चचाओं का बाजार गुलजार है। पहला, आगामी 26 अप्रैल को होने जा रहे लोकसभा चुनाव को लेकर और दूसरा मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी वीणा विजयन से मनी लॉन्ड्रिंग मामले में होने वाली पूछताछ। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार करने केरल पहुंचे अब तक के सभी बीजेपी नेताओं ने सीपीआई(एम) के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार पर जमकर निशाना साधा है। बीजेपी के सभी नेताओं ने सीपीआई (एम) नियंत्रित सहकारी बैंकों में हुए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और वीणा के स्वामित्व वाली आईटी फर्म एक्सलॉजिक द्वारा किए गए लेनदेन की ओर इशारा किया है। वीणा और उसकी आईटी फर्म की मुश्किलें तब खड़ी हुईं, जब कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनदान ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस मुद्दे को उठाने का प्रयास किया।

रिपोर्ट में एक आयकर विभाग के अधिकारी का हवाला देते हुए कहा गया कि विजयन की बेटी वीणा की आईटी फर्म एक्सलॉजिक को एक खनन कंपनी से 1.72 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। आईटी फर्म में केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम का 13 फीसद हिस्सा था। इसके बाद, कंपनी रजिस्ट्रार और गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय ने जांच के आदेश दिए। इसी जांच के सिलसिले में ईडी ने सीएमआरएल सहित अन्य पक्षकारों से विस्तार से पूछताछ की थी।

भाजपा के गोदाम में देश के सब माफिया और भ्रष्टाचारी मौजूद : अखिलेश यादव

पीडीए की लड़ाई बड़ी हो गई है, जिससे भाजपा वाले घबराए हुए हैं

एजेंसी। मेरठ

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मेरठ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के गोदाम में देश के सब भ्रष्टाचारी हैं। उत्तर प्रदेश के जितने माफिया और भ्रष्टाचारी हैं, वो सब वहीं पहुंच गए हैं। जो परिवार वाली बात कर रहे हैं, हमारे आपके पीडीए परिवार का मुकाबला नहीं कर सकते हैं क्योंकि पीडीए परिवार सबसे बड़ा परिवार है। इसमें पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक तो हैं ही। आधी-आबादी और पीड़ित, दुःखी अगड़े भी हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सबसे ज्यादा दलितों पर झूठे मुकदमे किसी ने लगाए तो भाजपा ने लगाए हैं।

यह अन्याय कभी समाजवादी लोग स्वीकर नहीं कर सकते हैं। पीडीए की लड़ाई बड़ी हो गई है, जिससे भाजपा वाले घबराए हुए हैं। मेरठ में कोई नया कारखाना या आसपास जमीन देकर कोई नया कारखाना खुला हो तो बता दो? ये गारंटी लेकर आए हैं, हमें आपको धोखा देने आए हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि जिस सरकार ने किसान को धोखा दिया हो, नौजवान को धोखा दिया, वो सरकार बचेगी कैसे? इस सरकार में कोई भी परीक्षा नहीं हुई है, 10 परीक्षा के पेपर लीक हुए हैं। मेरठ की धरती क्रांतिकारियों की धरती रही है, आजादी में इस धरती की भूमिका रही है। हमें इसकी गरिमा बनाए रखनी है।

अतुल गामेची ने जूते-चप्पलों का हार पहनकर किया नामांकन

अगर हम चुनाव जीतेंगे तो नागरिकों को सरकारी दफ्तरों का दबाव झेलना नहीं पड़ेगा

एजेसी। वडोदरा

लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए राजनीतिक दल और उम्मीदवार एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। इस बीच वडोदरा से एक उम्मीदवार का अनोखा अंदाज सामने आया। दरअसल, एक उम्मीदवार जूते-चप्पलों का हार पहनकर नामांकन दाखिल करने के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंच गया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता अतुल गामेची ने अनोखे अंदाज में अपनी उम्मीदवारी दाखिल की। अतुल गामेची ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकारी दफ्तर की भागदौड़ में आम आदमी के जूते घिस जाते हैं। अगर हम चुनाव जीतेंगे तो नागरिकों को सरकारी दफ्तरों का दबाव झेलना नहीं पड़ेगा। अहमदाबाद और सूरत के बीच आने वाले वडोदरा का विकास दम घुटने जैसा है। हम चुनाव जीतेंगे और वडोदरा की आवाज दिल्ली तक लाएंगे।

चुने गए तो संसद में जम्मू-कश्मीर की आवाज बनेंगे : महबूबा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रेसिडेंट महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को कहा कि अगर उन्हें सांसद के रूप में चुना गया तो वो संसद में जम्मू-कश्मीर की जनता की आवाज बनेंगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 5 अगस्त 2019 से पूरा जम्मू-कश्मीर जेल की तरह है। सभी फैसले दिल्ली से लिए जा रहे हैं, जिससे यहां की जनता के अधिकार खत्म हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़े कानून, स्थानीय निवास से जुड़े कानून और विकास परियोजनाएं सहित अन्य काम सिर्फ और सिर्फ लोगों को बेदखल करने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों को एक ऐसे जनप्रतिनिधि को संसद में भेजने की जरूरत है, जो उनके मुद्दे को उठाए। वहीं, पीडीपी ने अपने घोषणापत्र में धारा 370 को निरस्त किए जाने को गैर-कानूनी बताया। घोषणापत्र में कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आती है।

शराब घोटाले में लिप्त है बीजेपी ये कमल छाप घोटाला : संजय

एजेंसी। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा है कि यह तथाकथित शराब घोटाला कमल छाप घोटाला है। इस शराब घोटाले में भाजपा पूरी तरीके से लिप्त है। उन्होंने कहा कि भारत के गृहमंत्री ने एक राष्ट्रीय चैनल पर झूठ बोला और भारतीय जनता पार्टी पर लगे आरोप को छुपाने का प्रयास किया। संजय सिंह ने कहा कि एड के द्वारा जिस शरथ रेड्डी को इस पूरे घोटाले का किंगपिन बताया जा रहा है, उसने सीधे-सीधे भारतीय जनता पार्टी को 60 करोड़ रुपए की रिश्वत दी। उससे रिश्वत ली गई और उसे बचाया गया।

कार्रवाई भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर होनी चाहिए, गिरफ्तारी उनकी होनी चाहिए। लेकिन गिरफ्तारी हो रही है अरविंद केजरीवाल की, मनीष सिसोदिया की। मुझे भी पकड़ कर 6 महीने जेल में डाल दिया। ईडी ने अब तक 500 रेड मारी है। इस दौरान न मनीष सिसोदिया के और न ही अरविंद केजरीवाल के घर से कोई बरामदगी हुई है।

संजय सिंह ने कहा, जब हम कहते हैं कि शरथ रेड्डी ने कमल छाप दारू घोटाले किया तो उस पर न ईडी बोलती है, ना सीबीआई, ना मोदी जी बोलते हैं, ना अमित शाह जी बोलते हैं, ना जेपी नड्डा बोलते हैं और ना ही एलजी साहब बोलते हैं। संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इस देश में दोहरा कानून चलता है। बिना सबूत के आम आदमी पार्टी पर कार्रवाई और सारे सबूत होने के बाद भाजपा पर कोई कार्रवाई नहीं। संजय सिंह ने कहा है कि मैं माननीय सर्वोच्च न्यायालय का धन्यवाद करना चाहूंगा जिसने इलेक्टोरल बॉन्ड की रिपोर्ट को बाहर लाने के लिए कहा था जिसके बाद पता चला कि किसने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने कहा कि यह इलेक्टोरल बांड असंवैधानिक है। संजय सिंह ने पूरे केस को समझाते हुए कहा कि शरथ रेड्डी को जब दिल्ली में ठेका मिला तो नवंबर 2021 से लेकर जुलाई 2022 के बीच इसने 5 जनवरी को 3 करोड़ चंदा बीजेपी को दिया, 12 जनवरी को 3 करोड़ चंदा फिर बीजेपी को दिया। 2 जुलाई को डेढ़ करोड़ रुपये चंदा बीजेपी को दिया, 12 जुलाई को फिर डेढ़ करोड़ रुपये दिए। उन्होंने बताया कि जब तक उसका ठेका यहां पर चल रहा था, उसने भारतीय जनता पार्टी को रिश्वत खिलाई।

9 नवंबर को जब उसके घर पर छापेमारी हुई तो उसने कहा उसने किसी को रिश्वत नहीं दी। 10 नवंबर को शरथ रेड्डी गिरफ्तार हो जाता है उसके बाद 15 नवंबर को फिर 5 करोड़ रुपए बीजेपी को चंदा दिया जाता है।

पूरे देश में मोदी सरकार के लिए प्रचंड जनमत : सीएम योगी

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व में यूपी की 8 सहित देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए हैं। अबतक के रुझान इस बात को बहुत स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करते हैं कि पूरे देश में आम जन का मत मोदी सरकार के लिए प्रचंड रूप से सामने आ रहा है। स्वाभाविक रूप से पीएम के नेतृत्व में देश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है, यह अद्भुत और अभिनंदनीय है। सीएम योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आधी आबादी तो पूरी तरह से मोदी जी के सुरक्षा के मॉडल को अंगीकार कर रही है। पीएम के नेतृत्व में देश में सुरक्षित माहौल के साथ सुशासन का मॉडल भारत ने पूरी दुनिया को दिया है। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा शासित राज्यों में मोदी जी के मार्गदर्शन में सुरक्षा का बेहतर मॉडल दिया है, इसका हालिया उदाहरण रामनवमी का सकुशल आयोजन है, जबकि अपने तुष्टिकरण की नीति के लिए कुख्यात पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार के कारण वहां रामनवमी की शोभायात्राओं पर हमले हुए हैं।

सनातन आस्था को आहत करने की किस हद तक कुचेष्टाएं हो रही हैं, यह एक बार फिर वहां देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा पूरे देश और प्रदेशों में सुरक्षा का बेहतर माहौल देने का कार्य किया है।

प्रथम चरण के जो रुझान देखने को मिले हैं, पूर्ण विश्वास है कि सातों चरण में भी यही माहौल देखने को मिलेगा। राजस्थान के चुनावी दौरे पर निकलने से पहले सीएम योगी ने कहा कि राजस्थान परिवारवाद नहीं बल्कि राष्ट्रवाद, विकास, सुरक्षा और सुशासन के मोदी मॉडल को स्वीकार करते हुए प्रचंड बहुमत के साथ जिताने का कार्य करेगा।

अविनाश ने हलफनामे में विवेकानंद हत्याकांड की डिटेल

एजेंसी। अमरावती

कडप्पा लोकसभा क्षेत्र से वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार वाईएस अविनाश रेड्डी के खिलाफ दो आपराधिक मामले हैं, जिनमें उनके चाचा और पूर्व मंत्री वाईएस विवेकानंद रेड्डी की हत्या से संबंधित मामला भी शामिल है। वाईएसआरसीपी उम्मीदवार अविनाश रेड्डी ने 13 मई के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। इस दौरान उन्होंने चुनाव अधिकारियों को सौंपे गए हलफनामे में मामले के विवरण का खुलासा किया। अविनाश रेड्डी ने बताया कि सीबीआई ने 15 मार्च 2019 को वाईएसआर कडप्पा जिले के पुलिवेंदुला शहर में हुई हत्या के संबंध में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। सांसद के खिलाफ आईपीसी की धारा 120-बी, 302 और 201 के तहत मामला दर्ज किया गया। यह मामला हैदराबाद में सीबीआई मामलों के

शाह ने राजस्थान और उत्तर प्रदेश में रैली को किया संबोधित

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को राजस्थान और उत्तर प्रदेश में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। अमित शाह आज वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मशहूर फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी के पक्ष में चुनावी रैली कर जनता का आशीर्वाद मांगेंगे।

अमित शाह आज सुबह 11 बजे राजस्थान के भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के शक्करगढ़ में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह दोपहर 12:30 बजे कोटा पहुंचेंगे और सीएडी ग्राउंड में दिन की अपनी दूसरी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद अमित शाह उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हो जाएंगे। वह शाम को करीब 4 बजे उत्तर प्रदेश के मथुरा लोकसभा में पहुंचकर वृंदावन के प्रियाकांत जू मंदिर ग्राउंड में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। बता दें कि राजस्थान के कोटा से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और उत्तर प्रदेश के मथुरा से हेमा मालिनी भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं।

जेल दिल्ली सरकार के अधीन, फिर केजरीवाल को क्यों नहीं मिल रही दवा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। वह जेल में तबीयत खराब होने का आरोप लगा रहे हैं। उनकी कैबिनेट के सदस्य नेता सौरभ भारद्वाज का आरोप है कि जेल में अरविंद केजरीवाल को दवा नहीं दी जा रही है। भाजपा ने इस पर पलटवार करते हुए कहा है कि दिल्ली में यह एक नौटंकी चल रही है। जब तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार के ही अंतर्गत आता है तो फिर ऐसे में कैसे वहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दवा नहीं मिल रही। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि दिल्ली में नौटंकी चल रही है। जिसके सूत्रधार दिल्ली सरकार के मंत्री हैं। तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार के अधीन आता है। उसके बावजूद बार-बार अनाप-शनाप आरोप लगाना, इस पर मैं एक सवाल पूछना चाहता हूं, इसी जेल में मनीष सिसोदिया डेढ़ साल से बंद हैं।

कांग्रेस को बड़ा झटका, भाजपा में शामिल हुए तजिंदर सिंह बिट्टू और करमजीत कौर

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले पंजाब में कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के सह प्रभारी तजिंदर सिंह बिट्टू और करमजीत कौर ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया। तजिंदर सिंह बिट्टू गांधी परिवार के काफी करीबी माने जाते हैं और रायबरेली के भी प्रभारी रह चुके हैं। वहीं करमजीत कौर कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं सांसद रहे स्वर्गीय चौधरी संतोख सिंह की पत्नी हैं। चौधरी परिवार पिछले कई दशकों से कांग्रेस से जुड़ा रहा है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अचानक हार्ट अटैक से चौधरी संतोख सिंह का निधन हो गया था। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में शनिवार को पार्टी मुख्यालय में तजिंदर सिंह बिट्टू और करमजीत कौर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

राजद की सोच एसटी-एससी विरोधी, सभ्य समाज के लोग इनके साथ नहीं : चिराग

एजेंसी। पटना

लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शनिवार को राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद की सोच एसटी-एससी विरोधी है। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज के लोग इनके साथ नहीं हैं। पटना में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में चिराग पासवान ने कहा कि पहले चरण में बिहार की चार सीट पर जिस तरीके से रुझान सामने आ रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि सभी सीट एनडीए के खाते में आ रही है। उन्होंने कहा कि सभी घटक दल ने ईमानदारी से प्रचार-प्रसार किया। अपने मुद्दों को लेकर जनता के बीच गए और मतदान के बाद जिस तरीके से रुझान आने लगे हैं, स्वाभाविक है जो फीडबैक निकलकर सामने आ रहा है, उसके आधार पर बिहार के सभी चार सीट पर एनडीए के प्रत्याशी की जीत होगी। पासवान ने कहा कि विपक्षी खेमे में निराशा है पहले चरण की वोटिंग के बाद एनडीए को बढ़त मिलनी शुरू हो गई है। कांग्रेस का कोई बड़ा नेता, वाम दल का कोई बड़ा नेता प्रचार-प्रसार में नहीं आया। ऐसा लगता है कि विपक्ष की प्रचार-प्रसार में कोई भूमिका नहीं है। तेजस्वी की सभा में अभद्र टिप्पणी मामले में चिराग ने फिर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मीसा भारती और तेजस्वी के बयान कहीं से उचित नहीं हैं।

आज का राशिफल

मेष — सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

वृषभ — मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

मिथुन — व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

कर्क — आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

सिंह — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें।

कन्या — आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

तुला — स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें।

वृश्चिक — आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

धनु — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

मकर — लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा।

कुम्भ — कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। इच्छित कार्य सफल होंगे।

मीन — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

न्यूज बॉक्स

यूपी बोर्ड के नतीजे जारी, 10वीं में 89.55 और 12वीं में 82.60 प्रतिशत परिणाम

प्रयागराज। यूपी बोर्ड वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम शनिवार को जारी हो गया। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने प्रयागराज स्थित मुख्यालय में परिणाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल का 89.55 और इंटरमीडिएट का 82.60 प्रतिशत परिणाम है। दसवीं में सीतापुर के शुभम वर्मा ने टॉप किया है। बागपत बड़ौत के ?विष्णु चौधरी, अमरोहा की काजल सिंह और सीतापुर की कशिश मौर्य दूसरे नंबर पर हैं। लड़कियों ने फिर बाजी मारी है। सचिव ने बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षा इस बार 22 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चली थी। उसके बाद प्रदेश भर में कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य 16 से 31 मार्च तक चला था। शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए 55 लाख से ज्यादा छात्रों ने पंजीकरण कराया था। इसमें से 10वीं के 29,47,311 और 12वीं के 25,77,997 छात्र शामिल थे। 3,24,008 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी थी।

विकसित भारत एंबेसडर : 'कुछ वर्षों में भारत बनेगा दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क वाला देश' : हरदीप पुरी

नई दिल्ली। 'विकसित भारत एंबेसडर' के तहत जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में देश की परिवर्तनकारी यात्रा पर प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि अगले पांच साल में भारत दुनिया की टॉप 3 अर्थव्यवस्था वाले देशों में शुमार हो जाएगा। भारत मेट्रो नेटवर्क के मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़ने की कगार पर है। वर्तमान में, भारत का परिचालन मेट्रो नेटवर्क लगभग 950 किलोमीटर है। अगले 2-3 वर्षों में यह संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़कर दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क होगा।

बारां में माइक खराब होने के बाद भी वसुंधरा राजे ने जारी रखा अपना भाषण, बना चर्चा का विषय

बारां। भीड़ खचाखच भरी थी। लोग सुनने को आतुर थे और सुन भी रहे थे, लेकिन तभी माइक खराब हो गया, लेकिन वक्ता ने अपना भाषण जारी रखा और श्रोता भी अपनी जगह से टस से मस नहीं हुए। ये सब हुआ शनिवार को वसुंधरा राजे के साथ। लोकसभा चुनाव के बीच राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे बारां में पार्टी प्रत्याशी राजा दुष्यंत सिंह के पक्ष में चुनावी सभा कर रही थीं।

खराब फॉर्म से जूझ रही आरसीबी को केकेआर से करना होगा

एजेंसी। कोलकाता

हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिए उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे। आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है। ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिए काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था, ह्यगेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है। इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आन पड़ा है। हम सिर्फ बड़े स्कोर बनाकर ही मैच जीत सकते हैं।'

सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ ही टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 287 रन बनाया था। इस सत्र में सबसे महंगे 11 करोड़ 50 लाख रुपए में खरीदे गए अलजारी जोसफ ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और 11.89 की इकॉनॉमी रेट से रन दिए। ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भी फॉर्म के लिए जूझ रहे हैं जिन्होंने मानसिक थकान का हवाला देकर सनराइजर्स के खिलाफ नहीं खेला। उनके कूल्हे की मांसपेशी में खिंचाव के कारण वह कुछ और मैचों में बाहर रह सकते हैं। बल्लेबाजी में टीम कोहली, डुप्लेसी और कार्तिक पर ही निर्भर है। कोहली 72.20 की औसत से 361 रन बना चुके हैं लेकिन 135 का स्ट्राइक रेट चिंता का विषय है। वह सातवें से 15वें ओवर के बीच स्पिनरों के सामने तेजी से रन नहीं बना पा रहे। कार्तिक ने 205 से अधिक की औसत से 226 रन बनाए हैं। सनराइजर्स के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 35 गेंद में 83 रन बना डाले थे। इन तीनों का सामना अब सुनील नारायण, मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा जैसे गेंदबाजों से है। केकेआर को पिछले मैच में आखिरी गेंद पर राजस्थान रॉयल्स ने हराया था। केकेआर ने आरसीबी की तुलना में एक मैच कम खेला है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होगी। नारायण ने सिर्फ स्पिन गेंदबाजी ही नहीं बल्कि बल्लेबाजी के जौहर भी दिखाए हैं। उन्होंने रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में पहला टी20 शतक जमाया। उनका स्ट्राइक रेट भी 187 के करीब रहा है।

कोलकाता नाइट राइडर्स : फिल साल्ट (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अंगकृष रघुवंशी/वैभव अरोड़ा, श्रेयस अय्यर (कप्तान), रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, वेंकटेश अय्यर, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विल जैक्स, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), महिपाल लोमरोर, रीस टॉपले / टॉम कुरेन / कैमरून ग्रीन, लॉकी फर्ग्यूसन, विशाक विजयकुमार / मोहम्मद सिराज, यश दयाल

केएल राहुल और गायकवाड़ पर लगा जुर्माना

लखनऊ । चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी संबंधित टीमों ने इकाना क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे सीजन में अपने संघर्ष के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन किया था। शुक्रवार को मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए दोनों कप्तानों पर 12-12 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल ने एक आधिकारिक बयान जारी कर घोषणा की कि दोनों टीमों ने आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन किया है, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है। बयान में कहा गया, 'लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के मैच 34 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुमार्ना लगाया गया है। चूंकि आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, इसलिए राहुल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। गौर हो कि लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने घरेलू मैदान यानी इकाना स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेला गया मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया।

आचार संहिता का उल्लंघन करने पर टिम डेविड, कीरोन पोलार्ड पर लगा जुर्माना

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर 18 अप्रैल को पीसीए न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए जुमार्ना लगाया गया है। डेविड और पोलार्ड ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 का अपराध किया। डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया। दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। दरअसल इन दोनों खिलाड़ियों पर जुमार्ना मैच के एक वायरल वीडियो के बाद आया है। वीडियो में डगआउट में बैठे ये दोनों खिलाड़ी कथित तौर पर सूर्यकुमार यादव को डीआरएस मांगने में अवैध रूप में मदद करते दिख रहे थे। यह घटना मुंबई की पारी के 15वें ओवर में घटी। अर्शदीप सिंह की गेंद ऑफ स्टम्प के बाहर थी और ट्रामलाइन के बहुत करीब थी। तब 47 गेंदों में 67 रन पर खेल रहे सूर्यकुमार ने इस गेंद पर शॉट लगाने की कोशिश की।

प्रथम हॉकी रांची लीग महिला एवं पुरुष 2024 का हुआ उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

20 अप्रैल से 02 जून 2024 तक रांची में आयोजित 12३ हॉकी रांची लीग महिला एवं पुरुष 2024 का विधिवत उद्घाटन आज के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया । आज के मैच पुरुष वर्ग का बापू क्लब और रांची रेलवे के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीमों ने 1-1 गोल किए।

रेलवे की ओर से नॉवेल टोपनो ने 22 मिनट में मैदानी गोल किया और बापू क्लब की ओर से जोसेफ टोपनो ने 23 मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से गोल कर अपनी टीम को बराबरी दिलाई । दूसरे मैच महिला वर्ग में सुपर क्वीन वीमेन क्लब और सी०एम० स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बरयातु के बीच खेला गया जिसमें सुपर क्वीन वीमेन क्लब ने 03=00 से बिजय रही। सुपर क्वीन वीमेन क्लब की ओर से दीप्ति टोप्पो ने 15 मिनट में, रेशमा सोरेंग ने 22 मिनट में, और दीप्ति कुल्लू ने 53 में गोल किया आज के आयोजन में मुख्य रूप से ओलंपियन ग्रेस दीप एक्का, ओलंपियन नवजोत कौर, ओलंपियन गुरजीत कौर, ध्यानचंद अवाडी सुश्री सुमरय टेटे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेलाडी कान्ति बा आदि शामिल थे।

अमेरिकी धावकों ने यूजीन में डिस्टेंस मेडले रिले का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

नई दिल्ली। ब्रैनन किडर, ब्रैंडन मिलर, यशायाह हैरिस और हेनरी वाईन ने मिलकर अमेरिका के यूजीन में ओरेगॉन रिले में 9:14.58 सेकंड का डिस्टेंस मेडले रिले विश्व रिकॉर्ड बनाया। डिस्टेंस मेडले रिले में 1200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1600 मीटर के चरण शामिल हैं। शुक्रवार को मिलर ने 400 मीटर के लिए 46.60 रन बनाने से पहले किडर ने 2:49.60 के अपने 1200 मीटर लेग के साथ शुरूआत की। किडर ने शुक्रवार को 2:49.60 सेकंड के साथ अपने 1200 मीटर लेग के साथ शुरूआत की। इससे पहले मिलर ने 400 मीटर रेस 46.60 सेकंड में पूरी की। विश्व एथलेटिक्स से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हैरिस ने 800 मीटर के लिए 1:45.75 सेकंड का समय निकाला, वहीं विने अंतिम 1600 मीटर चरण के लिए 3:52.64 सेकंड की दौड़ के बाद बैटन घर ले आए।

बंगबंधु नेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश ने शुरू की जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज की तैयारी

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपनी तैयारी शनिवार को बंगबंधु नेशनल स्टेडियम के एथलेटिक्स टर्फ पर एक रनिंग सत्र के साथ शुरू की। 2006 में सभी क्रिकेट गतिविधियों को शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में स्थानांतरित करने से पहले बांग्लादेश ने इस स्थान पर अपनी क्रिकेट यात्रा शुरू की थी। बंगबंधु स्टेडियम को बांग्लादेश फुटबॉल फेडरेशन को सौंप दिया गया था, जिसके बाद क्रिकेट गतिविधियां बंद हो गई थीं।

फिटनेस सत्र में हिस्सा लेने वाले 35 क्रिकेटरों में से केवल मुश्फिकुर रहीम और महमुदुल्लाह को ही इस मैदान पर खेलने का सौभाग्य मिला है। बीएनएस में क्रिकेटरों का आना, हालांकि थोड़े समय के लिए, पुराने ढाका में रहने वाले लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया, जहां स्टेडियम स्थित है। अंततः वे राष्ट्रीय सितारों को देखने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। पूर्व राष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज और बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशंस के वर्तमान उप प्रबंधक शहरयार नफीस उस मैदान पर लौटने के बाद पुरानी यादों में खो गए, जहां से उन्होंने अपनी क्रिकेट यात्रा शुरू की थी। नफीस ने शनिवार को फिटनेस सत्र के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं इस स्थान पर पहली बार 1994 में आया था। बहुत सारे आइकन क्रिकेटर यहां खेलते थे और हम उन्हें देखने आते थे। बंगबंधु स्टेडियम के हर इंच का एक इतिहास है। उन्होंने कहा, जो नए हैं वे शायद यहां नहीं खेले होंगे लेकिन निश्चित रूप से उन्होंने इस स्टेडियम के बारे में सुना होगा। उनमें से कई (क्रिकेटर) 2000 के आसपास पैदा हुए थे और उन्होंने यहां नहीं खेला होगा लेकिन उन्होंने इस स्थल के बारे में कहानियां जरूर सुनी हैं। उन्होंने कहा, देखिए, छह बजे फिटनेस देखने के लिए इतने सारे लोगों के आने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन क्योंकि यह बंगबंधु है तो आप आ सकते हैं और सभी को अच्छा अनुभव हुआ। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के नव नियुक्त ताकत और कंडीशनिंग कोच नाथन किली फिटनेस प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित थे।

इस सत्र में 35 क्रिकेटरों ने हिस्सा लिया, जिसे 1600 मीटर दौड़ सत्र और उसके बाद 40 मीटर दौड़ के साथ विभाजित किया गया था।

व्यापार/लाइफ व साइंस

एचडीएफसी बैंक को चौथी तिमाही में 17,622 करोड़ रुपये का मुनाफा

नई दिल्ली। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा 2.11 फीसदी बढ़कर 17,622.38 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 17,257.87 करोड़ रुपये रहा था। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका मुनाफा 2.11 फीसदी बढ़कर 17,622.38 करोड़ रुपये रहा है। एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ जनवरी-मार्च तिमाही में 16,511.85 करोड़ रुपये रहा, जो (अक्टूबर-दिसंबर) तीसरी तिमाही में 16,372.54 करोड़ रुपये था। बैंक ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में मूल शुद्ध ब्याज आय बढ़कर 29,080 करोड़ रुपये हो गई, जबकि इस दौरान अन्य भी आय बढ़कर 18,170 करोड़ रुपये हो गई। एचडीएफसी के मुताबिक बैंक का कुल संपत्ति पर मुख्य शुद्ध ब्याज मार्जिन 3.44 फीसदी रहा है। वहीं, सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) अनुपात भी घटकर 1.24 फीसदी पर आ गया है। गौरतलब है कि एचडीएफसी बैंक ने पिछले साल जुलाई, 2023 में अपनी आवास ऋण केंद्रित मूल कंपनी एचडीएफसी का विलय कर लिया था।

ईपीएफओ ने फरवरी महीने में 15.48 लाख नेट सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी में नेट (शुद्ध रूप से) 15.48 लाख सदस्य जोड़े हैं। इस दौरान करीब 7.78 लाख नए सदस्यों ने ईपीएफओ के साथ नामांकन कराया। सेवानिवृत्त कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने यह जानकारी दी है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि ईपीएफओ के अनंतिम पेरोल आंकड़ों के मुताबिक फरवरी के महीने में शुद्ध रूप से 15.48 लाख सदस्य जोड़े गए हैं। फरवरी, 2024 के दौरान पहली बार करीब 7.78 लाख नए सदस्यों ने नामांकन कराया है। आंकड़ों के मुताबिक इनमें 18 से 25 आयु वर्ग के अधिकांश सदस्य हैं। इनकी संख्या फरवरी 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 56.36 फीसदी है। यह दशार्ता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं। पेरोल डेटा से पता चलता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य ईपीएफओ की योजनाओं से बाहर निकल गए थे, वो फिर से ईपीएफओ में शामिल हो गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए। मंत्रालय के मुताबिक इन्होंने अपने कोष को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना। आंकड़ों के मुताबिक ईपीएफओ में फरवरी में शामिल 7.78 लाख नए सदस्यों में से करीब 2.05 लाख महिला सदस्य हैं। इसके अलावा इस दौरान जोड़े गए शुद्ध महिला सदस्यों की संख्या लगभग 3.08 लाख रही। ईपीएफओ के आंकड़ों से यह पता चलता है कि महिला सदस्यों का जुड़ना अधिक समावेशी और विविध कार्यबल की ओर व्यापक बदलाव का संकेत है।

जियो ने लाया फ्री ऑफर, नेटफ्लिकस का सब्सक्रिप्शन लेने की नहीं पड़ेगी जरूरत

एजेंसी। नई दिल्ली

जियो की तरफ से प्लान में बदलाव किए जाते हैं। यही वजह है कि समय-समय पर कंपनी इनमें बदलाव करके बेनिफिट्स ऐड करती है। आज हम कंपनी के कुछ ऐसे पोस्टपेड प्लान के बारे में बताएंगे जो आपको नेटफ्लिक्स का फ्री सब्सक्रिप्शन ऑफर करते हैं। यानी नेटफ्लिक्स का सब्सक्रिप्शन आपको अलग से खरीदने की जरूरत नहीं होती है।

Jio 699 Postpaid Plan

जियो का ये प्लान ऐसे यूजर्स की पहली पसंद रहता है जो कम कीमत में ज्यादा बेनिफिट्स वाला प्लान खरीदना चाहते हैं। इसमें आपको 100GB Data दिया जाता है। इसमें 3 फैमिली सिम भी मिलती हैं। साथ ही हम सिम 5 जीबी मासिक भी दिया जाता है। इसके अलावा Amazon Prime Lite, Jio TV, Jio Cinma और Jio Cloud का सब्सक्रिप्शन भी दिया जाता है।

Jio 1499 Postpaid Plan

ये रिचार्ज आपको ज्यादा बेनिफिट्स ऑफर करता है। इसमें नेटफ्लिक्स मोबाइल का सब्सक्रिप्शन तो दिया जाता है, साथ में अमेजन लाइट, जियो टीवी का सब्सक्रिप्शन भी दिया जा रहा है। इसमें कुल 300 जीबी डेटा मिलता है। हालांकि इसमें एडिशनल सिम तो नहीं मिल रही है। बाकि अनलिमिटेज कॉलिंग और एसएसएस की सुविधा तो आपको दी ही जा रही है। आप इसे अपनी लिस्ट में आज ही शामिल कर सकते हो।

Jio 599 Postpaid Plan

ये प्लान भी आपको अनलिमिटेड कॉलिंग ऑफर करता है, लेकिन इसमें नेटफ्लिक्स का सब्सक्रिप्शन नहीं दिया जाता है। हालांकि ये अनलिमिटेड डेटा के साथ तो आता है। प्लान में आपको रोजाना 100 रटर की सुविधा भी मिलती है। यानी ये ऐसे यूजर्स के लिए अच्छा ऑप्शन साबित होता है जो कम कीमत में ज्यादा बेनिफिट्स चाहते हैं। साथ ही इसमें ऐड-ऑन की सुविधा भी नहीं दी जाती है। पोस्टपेड प्लान्स की जब भी बात होती है तो इनकी चर्चा सबसे पहले होती है।

बस एक लाख रुपये देकर घर लाएं बेस्ट सेलिंग मारुति कार वैगनआर

एजेंसी। नई दिल्ली

मारुति सुजुकी की बजट हैचबैक वैगनआर भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में से एक है और यह बीते महीने कंपनी की टॉप सेलिंग कार रही। वैगनआर टाटा पंच और हुंडई क्रेटा से भले पिछड़ गई, बाद बाकी हैचबैक समेत अन्य सेगमेंट की सभी कारों को इसने पछाड़ दिया। आप अगर इन दिनों मारुति वैगनआर खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं, लेकिन एकमुश्त पैसे देने की बजाय आप इसे फाइनैंस कराना चाहते हैं तो यह काफी आसान है।

महज एक लाख रुपये डाउनपेमेंट कर आप मारुति सुजुकी वैगनआर के सबसे सस्ता वेरिएंट वैगनआर छक पेट्रोल मैनुअल और सबसे ज्यादा बिकने वाले वेरिएंट वैगनआर VXI मैनुअल पेट्रोल को घर ला सकते हैं और फिर 5 साल के लिए हर महीने आसान किस्त दे सकते हैं। मारुति सुजुकी वैगनआर लंबे समय से कंपनी की टॉप सेलिंग कारों में से एक है। वैगनआर को **LXi, VXi, ZXi** और ZXi+ जैसे 4 ट्रिम लेवल के 11 वेरिएंट्स में पेश किया गया है। वैगनआर की कीमतें 5.54 लाख रुपये से लेकर 7.38 लाख रुपये तक है। वैगनआर में 1197 सीसी का इंजन लगा है, जो कि 88.5 बीएचपी तक की पावर जेनरेट करता है। मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्पों में उपलब्ध वैगनआर के पेट्रोल वेरिएंट्स की माइलेज 25.19 kmpl तक और सीएनजी वेरिएंट्स की माइलेज 34.05 km/kg तक की है।

गूगल मैप्स की मदद से सीएनजी पंप का पता लगाएं आसानी से

नई दिल्ली। गूगल मैप्स ने हमें हमारे दैनिक जीवन को सुविधाजनक बनाने में काफी मदद की है। जिस तरह से यह हमें नए स्थानों के लिए नेविगेट करता है, समय और भाग्य की बचत करता है, वैसे ही यह हमें अपने पसंदीदा स्थानों जैसे कि सीएनजी पंप, रेस्तरां, अस्पताल, आदि को भी ढूंढने में मदद करता है। आइए जानते हैं कि गूगल मैप्स पर सीएनजी पंप जैसे स्थानों को कैसे ढूंढा जा सकता है और इस प्रोसेस के क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

गूगल मैप्स पर सीएनजी पंप कैसे ढूंढें

- **गूगल मैप्स एप्लिकेशन ओपन करें :** सबसे पहले, आपको अपने डिवाइस पर गूगल मैप्स एप्लिकेशन ओपन करना होगा। आप इसे अपने स्मार्टफोन, टैबलेट, या कंप्यूटर पर उपयोग कर सकते हैं।
- **सर्च बार में 'सीएनजी पंप' टाइप करें :** आपको गूगल मैप्स के मुख्य स्क्रीन पर एक सर्च बार दिखाई देगा। वहां, आपको 'सीएनजी पंप ' लिखकर एंटर करना होगा।
- **सभी सीएनजी पंप की सूची देखें :** एंटर करने के बाद, गूगल मैप्स आपको आपके वर्तमान स्थान के निकटतम सीएनजी पंपों की एक सूची प्रदर्शित करेगा। इसमें स्थान, दूरी, रेटिंग, और अन्य जानकारी शामिल हो सकती है।
- **नेविगेट करें :** आप अपनी पसंदीदा सीएनजी पंप का चयन करके उसके निकटतम मार्ग को नेविगेट कर सकते हैं। गाइडेंस के लिए आप दिए गए मार्ग पर क्लिक करके नेविगेट कर सकते हैं।
- **समर्थन और सेवाएं :** गूगल मैप्स आपको विभिन्न अन्य सेवाएं भी प्रदान करता है, जैसे कि ट्रैफिक अपडेट्स, अलग-अलग रूट विकल्प, और भूमि सतेलाइट चित्रों का प्रयोग करके आपको बेहतर नेविगेशन देना।

गूगल मैप्स पर सीएनजी पंप के लाभ

- **समय और ऊर्जा की बचत :** गूगल मैप्स के माध्यम से सीएनजी पंप की खोज से, आप समय और ऊर्जा की बचत कर सकते हैं। आप बिना यहां-वहां जाकर अपने गैस की जरूरत पूरी कर सकते हैं।
- **अधिकतम सहयोग :** गूगल मैप्स ने अपने प्रयोक्ताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए अन्य उपयोगी जानकारी जैसे कि समय, दूरी, और रेटिंग के साथ-साथ उठ्ऋपंपों के लिए सबसे बेहतरीन और सटीक मार्ग भी प्रदान करता है।
- **स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा :** सीएनजी पंपों पर जाने से, आप प्राकृतिक गैस का उपयोग करते हैं, जो कि अधिक स्वच्छ और सस्ती है। इससे पर्यावरण को भी लाभ होता है।
- **बेहतर यात्रा अनुभव:** गूगल मैप्स के माध्यम से सीएनजी पंपों की खोज से आपका यात्रा अनुभव बेहतर होता है। आप बिना किसी परेशानी के अपने सफर को पूरा कर सकते हैं।

एक नजर

मुखिया ने जगह-जगह रखवाये शीतल जल के मटके

कुंदा(चतरा)। भीषण गर्मी को देखते हुए कुंदा प्रखंड अंतर्गत कुंदा मुखिया मनोज साहू ने आम जनमानस को शीतल पेयजल उपलब्ध करने के उद्देश्य से पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शनिवार को शीतल पेयजल के मटके रखवाये। मुखिया ने काहा की गरमी के दस्तक से आम जनजीवन अस्त व्यस्त है, लोग अपने कार्य को लेकर पंचायत व प्रखंड मुख्यालय पहुंचते रहते हैं, इसी को देखते हुए पंचायत क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मटके वाले शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई गई है, ताकी आस-पास के अलावे राहगीरों व स्कूली बच्चों को पानी पीने में सहूलियत हो। मुखिया ने कुंदा बस स्टैंड, अंबडेकर चौक, अस्पताल सह बैंक चौक, बेल चौक व नीचे टोला चौक पर पेयजल की व्यवस्था करायी है। उक्त कार्य मुखिया अपने निजी खर्च से विगत चार वर्षों से लगातार करते आ रहे हैं। इस कार्य के शुभारंभ पर मुखिया ने स्वंय राहगीरों को पानी पिलई।

मतदाता पंजीकरण के लिए विशेष शिविर का आयोजन

लातेहार। आसन्न लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं युवा मतदाताओ के पंजीकरण के लिए एक विशेष शिविर शहर के बनवारी साहू महाविद्यालय, गांधी इंटर कॉलेज तथा राजकीय पोलिटेक्निक संस्थान में लगाए गए. बीएलओ पर्यवेक्षक अतुल कुमार ने बताया इस शिविर में लगभग 15 छात्रों ने प्रपत्र- छह प्राप्त किया. कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता भी कराया गया और विजेता छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया।छात्र आयन कुमार, नीरज कुमार, अभिजीत कुमार, प्रिया कुमारी, सौरभ कुमार व अल्पना हांसदा आदि ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हम सभी अपना अपना मतदान जरूर करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पोलिटेक्निक संस्थान के अजय कुमार मिश्र, नोडल पदाधिकारी डॉ विशाल शर्मा, आभा केरकेट्टा, मो असफाक, गांधी कॉलेज के प्राचार्य दशरथ साहू, व्याख्याता संजय सिन्हा, बनवारी साहू कॉलेज के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी अनुपम मिश्र, बैजनाथ महतो, किशोर प्रसाद के अलरपर बीएलओ सुनीता देवी व सविता देवी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

लातेहार ने गुमला को 14 रन से हराया

लातेहार। जिला स्टेडियम में लातेहार जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित अंतर जिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के एक मैच में शनिवार को लातेहार ने गुमला को 14 रनों से हरा दिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए लातेहार की टीम ने 42 ओवरों में 182 रनों का स्कोर खड़ा किया।टीम की ओर से प्रवीण उरांव ने सर्वाधिक 79 रन बनाये।जबकि रविशंकर सिंह ने 20 और अभिषेक कुमार यादव ने 17 रन बनाये।गुमला की ओर से मयंक ने चार व रौशिश ने दो विकेट लिये।लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुमला की टीम 44.5 ओवरों में 168 रन ही बना सकी।हर्षराज ने 45, विभोर राज ने 42 और सत्यम पांडा ने 22 रन बनाये।लातेहार की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए राजदीप कुमार महतो ने पांच विकेट चटकाये।जबकि अभिषेक यादव व आनंद कुमार ने दो-दो तथा रविशंकर सिंह ने एक विकेट लिए। प्रवीण उरांव व राजदीप कुमार महतो को संयुक्त से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार के रूप में नगद पांच हजार रुपए दिया गया।

अगलगी पर एनटीपीसी पावर प्लांट ने नई गाइड लाइन जारी की

नवीन मेल संवाददाता

चतरा/टंडवा। जिले के टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित एनटीपीसी पावर प्लांट परिसर स्थित यार्ड नंबर सात के समीप बीते दोपहर अचानक आग लग गई थी। जिससे पांच किमी दुर तक धुएं के काले बादल ैल गए थे। हालांकी इस घटना में जानमाल की कोई क्षति तो नहीं हुई, पर कंपनी को करोड़ों का नुकसान हुआ है। शुक्रवार को दिन के करीब दो बजे प्लांट परिसर में अचानक आग की लपटें उठने से अफरा-तफरी मच गयी। आग पर काबू पाने के लिये आठ दमकल लगाये गये थे, पर तेज धुप में तेज हवा और परिसर में घास-फूस से दमकल टीम को काबू पाने में घंटों लग गये। आग के प्लांट के टर्बाइन के डिब्बे में बंद मोबिल, डीजल और तेल में लग जाने के कारण आसपास के क्षेत्र में गहरे काले रंगा का धुआं फैल गया। बताया जाता है कि धुआं यहां से पांच किमी दूर केरेडारी तक पहुंच चुका था। परियोजना अधिकारियों के

अनुसार 95 फीसदी आग पर काबू पा लिया गया है। जल्द ही धुआं उठना बंद हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार प्लांट बना रही भेल कंपनी के यार्ड में सबसे पहले आग की लप्टें देखी गई। वहीं कंपनी ने अगलगी को लेकर गाइडलाइन जारी कर दिया है। जारी गाइडलाइन के अनुसर अपार्टमेंट व बहुमंजिली इमारत के निर्माण में वैकल्पिक सीढ़ियों की व्यवस्था, आपातकालीन सूचना देने वाला यंत्र लगा होना चाहिए, अग्निशमन के लिए होजरी और हाइड्रेट अनिवार्य रूप से संचालित हो, अपार्टमेंट की लॉबी में फायर चेक डोर की व्यवस्था, सुरक्षित रिफ्यूज एरिया, अपार्टमेंट व बहुमंजिली इमारत तक अग्निशमन गाड़ियों के पहुंचने का रास्ता, अपार्टमेंट में पर्याप्त जल भंडारण और पंपिंग की व्यवस्था, आपातकाल स्थिति में वैकल्पिक पावर की व्यवस्था, फायर सर्विस इनलेट और स्वचालित स्प्रिंकलर सिस्टम जरूरी, भवन में तड़ित चालक भी अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए तथा अपार्टमेंट के सामने अग्निशमन व रेस्क्यू वाहन खड़े करने के लिए 12 मीटर चौड़ी व ठोस सड़क की व्यवस्था अवश्यक होगी।

गढ़वा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। वनांचल डेंटल कॉलेज में नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह ने छात्रों से नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर खास चर्चा की। मतदान क्यों जरूरी है, विषय पर परिचर्चा भी किया। इसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार रखे। सिया जानकी सिंह ने बताया कि मतदान से ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। मतदान से ही तय होता है कि हमारे क्षेत्र के नागरिक देश के प्रति कितने जिम्मेवार एवं जागरूक हैं। यदि हम खुद मतदान नहीं करते तो हमारा कोई अधिकार नहीं बनता कि हम किसी के कार्यकलाप पर उंगली उठाएं। कार्यक्रम में उपस्थित मास्टर ट्रेनर नितिन कुमार ने ईवीएम एवं वीवीपीएटी के बारे में विस्तार से बताया। बताया गया कि कैसे ईवीएम द्वारा मतदान करने से एवं वीवीपीएटी के आ जाने से हमारी मतदान की प्रक्रिया पारदर्शी एवं विश्वसनीय है। नैतिक मतदान ही

मजबूत लोकतंत्र की धूरी है। अतः उपस्थित सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आए बगैर बिना किसी भय अथवा दबाव के 13 मई को मतदान कर जिम्मेदार नागरिक बनें। सभी से 13 मई को मतदान करने की अपील की गयी। मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से गढ़वा जिले के पदुमलाल पुरुषोत्तम कुमार कपड़ा दुकान द्वारा सराहनीय पहल की गई है। उन्होंने अपने झोले पर मतदान का पर्व देश का गर्व, मतदान अवश्य करें आदि स्लोगन छपवाया है। इसी प्रकार की छपाई वाले झोले में वे अपने ग्राहकों को सामान दे रहे हैं। मौके पर मास्टर ट्रेनर नितिन कुमार तिवारी, प्रेम कुमार तिवारी, सुनील कुमार तिवारी एवं प्रदीप कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

गजानन माता मंदिर में होती है शक्ति की पूजा : महंत

हुसैनाबाद। झारखंड-बिहार की सीमा पर स्थित गजानन माता मंदिर मेला चैत नवरात्रि के साथ पूर्णिमा को संपन्न हो गया। इस संबंध में पटना के ओलारपुर के सूर्यमंदिर के महंत सह गजानन माता मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री अवध बिहारी जी महाराज ने बताया कि भारत में दो ही ऐसा मंदिर है जहां शक्ति की

पूजा होती है। गजानन माता मंदिर आज भी निराकार है। शेष सभी देवी मंदिर में मूर्ति की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर भी निराकार है। जहां माता की मूर्ति स्थापित नहीं है। दोनों मंदिरों में केवल शक्ति की पूजा होती है। उन्होंने कहा कि गजानन माता मंदिर तो बिहार के सीमा पर अवस्थित तो है, किंतु गजानन माता मंदिर को आगे बढ़ाने के लिए पोल्डीह के कुछ ग्रामीणों द्वारा भू दान देकर मंदिर की परिधि को एक बड़ा रूप दिया है। उन्होंने कहा कि उक्त मंदिर में पुरानी परम्परा के अनुसार आज भी बिहार झारखंड के अलावा कई राज्यों के लोग शक्ति स्वरुपिणी मां गजानन माता मंदिर की पूजा के लिए पहुंचकर मिट्टी के बर्तन में बने प्रसाद को ही भोग लगाते हैं। श्री अवध बिहारी महाराज ने कहा कि उक्त मंदिर का निर्माण में झारखंड वासियों का आज भी पूर्ण सहयोग मिलता रहा है। जबकि यह मंदिर बिहार राज्य के अधीन में है। इस मंदिर पर बिहार सरकार द्वारा इस वर्ष सड़क का निर्माण भी कराया गया वह भी मंदिर तक अपूर्ण है।

चोरी गई बाइक लवारिस अवस्था में कहुआ घाट से बरामद

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित रामनवमी मेलाटांड़ से गुरुवार को अज्ञात चोरों ने बाइक जेएच 13 डी 4516 की चोरी कर ली थी। बाइक मालीक काफी परेशान हुआ और काफी तलाश की पर बाइक का पता नहीं चल पाया। जिसे लेकर थाना में भी आवेदन दिया गया था। वही चोरी

हुई बाइक शनिवार को थाना क्षेत्र के ही कहुआ घाट में लावारिस अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसे देख महुआ बिन रहे लोगों ने पत्रकार को सचना दी। उसके बाद पत्रकार के सहयोग से बाइक मालीक को बाइक सुरक्षित मिल गया। जबकि बाइक चोरों ने मोटरसाइकिल से बैटरी निकालकर व बाइक को छतिग्रस्त भी कर दिया। बाइक गिद्धौर के नीचे टोला निवासी दशरथ राणा की है। उन्होंने बताया कि बीते गुरुवार की शाम गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित रामनवमी मेलाटांड़ मेला देखने गए थे। मेला देखकर वापस बाइक के पास पहुंचा तो बाइक नही है। उसके बाद अज्ञात चोर के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया था।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को ले आयोजित रात्रि चौपाल का आयोजन

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकियाकृत मध्य विद्यालय में शुक्रवार देर शाम रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी राकेश सहाय, मुखिया निर्मला देवी, उप मुखिया मंजू देवी सहित अन्य मौजूद थे। चौपाल में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। उपस्थित मतदाताओं से कम से कम 80 प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। बीडीओ व सीओ ने कहा कि आपके एक-एक मत से लोकतंत्र मजबूत होगा। लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

ब्राइट कोचिंग सेंटर के 60 में 53 छात्र मैट्रिक परीक्षा में प्रथम व शेष द्वितीय श्रेणी से हुए उतीर्ण

प्रतापपुर (चतरा)। झारखंड मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2024 में प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में संचालीत ब्राइट कोचिंग सेंटर में अध्ययनरत 60 में 53 छात्र प्रथम श्रेणी व शेष द्वितीय श्रेणी से सफलता प्राप्त की है। ब्राइट कोचिंग सेंटर में तैयारी करने वालों में रानी कुमारी, चांदनी कुमारी, कंचन कुमारी, कल्पना कुमारी, रीवा कुमारी, खुशबू कुमारी, रंजू कुमारी, पूजा कुमारी, प्रीति कुमारी, रिंकी कुमारी, सोनी कुमारी, शीतल कुमारी, अर्चना कुमारी, पुष्पा कुमारी, रानी कुमारी, किरण कुमारी, श्रुति कुमारी, रंज कुमारी, नीतू कुमारी, नेहा कुमारी, प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी, रंजू कुमारी, पम्मी कुमारी, सिंकु कुमारी, मंजू कुमारी, संजीत कुमा श्याम कुमा मनीष कुमा

संदीप कुमा कुंदन कुमा सत्यम कुमा नितीश कुमा अंकित कुमा रुपेश कुमा, राहुल कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, मोहम्मद हुजैफा, फरदीन खान, मोहम्मद अब्दुल, विक्रम कुमार, प्रिंस कुमार, निखिल कुमार, राहुल कुमार, नितीश कुमार, अमरेश कुमार, रंजीत कुमार, उपदेश कुमार, मोहम्मद वजीर, प्रिंस कुमार और रुपेश कुमार आदि ने मैट्रिक परीक्षा 2024 में प्रथम स्थाना प्राप्त कर कोचिंग के साथ विद्यालय व क्षेत्र का नाम रौशन किया है। सफल छात्र-छात्राओं में किसी ने प्रशासनिक अधिकारी, तो किसी ने पुलिस सेवा व सैना में जाकर देश की सेवा करने की बात कही। वहीं कुछ छात्रों ने डॉक्टर, इंजीनियर और राजनीति में भी जाकर देश की सेवा करने की इच्छा जाहीर की। कोचिंग संचालिका श्रुति रानी ने कहा कि प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में लगभग 10 वर्षों से कोचिंग के माध्यम से बच्चों को मैट्रिक की तैयारी कराई जा रही है और हर वर्ष यहा के बच्चे नया कीर्तिमान स्थापित करते रहे हैं।

गर्मी बढ़ते ही अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

मेदिनीनगर। गर्मी के इस मौसम में तापमान बढ़ने से लोगों की सेहत खराब होने लगी है। जी मचलना, उल्टी, सिरदर्द,पेट दर्द की शिकायत लेकर लोग सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं। बढ़ती गर्मी और तेज धूप के कारण मरीजों की संख्या बढ़ गई है। प्रतिदिन सदर अस्पताल के ओपीडी काउंटर में 200 से ढाई सौ लोग पर्ची बनाने पहुंच रहे हैं। तापमान में परिवर्तन का सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। तेज गर्मी से लोगों की सेहत खराब होने लगी है। सदर अस्पताल सहित शहर के निजी अस्पतालों व क्लीनिक में सुबह से ही मरीजों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। इनमें ज्यादा संख्या छोटे बच्चों और शिशुवती-महिलाओं की रहती हैं। मौसम का विपरीत असर होने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। जिसके वजह से अस्पताल में भर्ती मरीज व उनके परिजनों को पानी के अभाव में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

छह दिनों से शहर में जलापूर्ति बंद

नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद

नगर पंचायत में छह दिनों से पूरी तरह पेयजलापूर्ति ठप पड़ गई है, जिससे शहर में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। देवरी सोन नदी में स्थित पानी टंकी के मोटर जल जाने के कारण पानी की आपूर्ति बंद है। जानकारी हो कि हुसैनाबाद शहर के आधा से अधिक हिस्सा में खारा पानी है, जिससे लोग पेयजलापूर्ति पर ही निर्भर रहते हैं। पानी की आपूर्ति नहीं होने से पानी बेचने वाले व्यवसायियों की चांदी हो गई है और शहर के लोग एक गैलन पानी 30 से 40 रुपये में पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शन्नी ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शहर में जलापूर्ति की जा रही हैं। उधर टैंकर से दिया जा रहा पानी पड़ता है कम : हुसैनाबाद शहर में 16 वार्ड हैं। नगर पंचायत कार्यालय द्वारा संविदा के आधार पर शहर में पानी का वितरण कराया जा रहा है, लेकिन यह वितरण प्रतिदिन सभी वार्डों के सभी

मुहल्लों में नहीं हो पा रहा है। इस मामले में पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि शहर में पेयजलापूर्ति की समस्या काफी गंभीर है। इस मामले में वे कार्यपालक पदाधिकारी से बात कर इस मामले को गंभीरता से रखेंगे। उन्होंने बताया कि यहां दो मोटर लगाया गया था, जिससे जलने के बाद दूसरे मोटर से आपूर्ति हो सके, लेकिन हमलोगों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से रखरखाव के अभाव में स्थिति खराब हो गई हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शन्नी ने मोटर संयत्र का स्थलीय निरीक्षण किया है। बन जाने के बाद शहर में जलाआपूर्ति शुरू हो जाएगी।

बिजली संकट से जूझ रहे उपभोक्ता

नियमित बिजली नहीं मिलने से व्यवसाय व खेती के कार्य करने में लोगों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता। हरिहरगंज

हरिहरगंज नगर पंचायत सहित ग्रामीण इलाकों के उपभोक्ता इन दिनों बिजली संकट से जूझ रहे हैं. इसे लेकर लोगों में विभाग के प्रति रोष है। बिजली की आंख मिचौली से उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। रात में बिजली नहीं रहने पर रतजगा करना पड़ता है। उस पर भी मच्छरों का प्रकोप। नियमित बिजली नहीं मिलने के कारण व्यवसाय व खेती कार्य पर भी असर पड़ रहा है। लोग बिजली कटौती के साथ-साथ लो-वोल्टेज की समस्या से भी जूझ रहे हैं। युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि इस भीषण गर्मी में बिजली संकट के कारण लोगों का हाल बेहाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी क्रेशर प्लांट को 20 से 22 घंटा बिजली दी जा रही है, जबकि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चार-पांच घंटा से भी कम बिजली दी जा रही है। वही समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने कहा कि बिजली आधारित व्यवसाय करने वाले लोगों को भारी आर्थिक नुकसान सहना पड़ रहा है, इससे उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। वही व्यवसायी जेपी गुप्ता ने कहा कि बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है। कई उपभोक्ताओं ने कहा कि बिजली में सुधार नहीं होने पर आंदोलन किया जायेगा। इस संबंध में पूछे जाने पर कनीय विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार ने कहा कि कुछ दिन पहले आंधी-तूफान के कारण भागोडीह में कई टावर क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण विद्युत संबंधी समस्या उत्पन्न हो गयी। फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत विद्युत सप्लाई दी जा रही है। क्षतिग्रस्त टावर में काम चल रहा है। काम पूरा होते ही बिजली की समस्या दूर कर दी जायेगी।

प्रगतिशील किसान व कृषक मित्रों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार । जिला कृषि कार्यालय के सभागार में शनिवार को जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में ग्राम एवं पंचायत स्तर पर कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसान व कृषक मित्रों के अलावा प्रखंड स्तर पर कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सहायक तकनीकी प्रबंधक व प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया. जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह व आत्मा परियोजना निदेशक डॉ. दिवेश कुमार सिंह ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र दिये. विभिन्न प्रखडों में कार्यरत 10 कृषक मित्रों को पुरस्कार के रूप में मोबाइल दिया गया. प्रखंड कृषि पदाधिकारी, चंदवा रामनाथ यादव को प्रथम पुरस्कार दिया गया. जबकि बालूमाथ के प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार पांडेय को द्वितीय व बरवाडीह के प्रखंड कृषि पदाधिकारी देवलाल राम को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया. चंदवा प्रखंड तकनीकी प्रबंध सविता उरांव और सहायक तकनीकी प्रबंधक बालूमाथ मो समीम अंसारी को प्रथम पुरस्कार दिया गया. कृषक मित्रो में प्रथम पुरस्कार पकरार ग्राम के विनोद कुमार चौधरी, द्वितीय पुरस्कार बालूमाथ के बीरबल प्रजापति और तीसरा पुरस्कार धांगरटोला गारू के जहेन्द्र उरांव को दिया गया. प्रगतिशील कृषकों में प्रथम पुरस्कार बालूमाथ के बीरबल उरांव, द्वितीय पुरस्कार जड़यांग के रामलाल उरांव और तीसरा पुरस्कार लाटू बारियातू के इंद्रजीत कुमार सिंह को दिया गया।

न्यूज बॉक्स

छात्रों के उज्जवल भविष्य की करता हूं कामना : शिक्षक

मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थियों को किया गया सम्मानित

हरिहरगंज। जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक के परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थियों को हरिहरगंज नदी रोड़ स्थित इनोवेटिव एंड स्मार्ट क्लासेस कोचिंग सेंटर के द्वारा सम्मान-समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के संचालक इंजीनियर वाल्टर के द्वारा सफल परीक्षार्थियों को मोमेंटो व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थान के संचालक इंजीनियर वाल्टर ने कहा कि छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए संस्थान हमेशा प्रयासरत रहा है। सम्मान समारोह में छात्रा सुहानी कुमारी ने 94.2 प्रतिशत (471) अंक लाकर जिला टॉप टेन में आठवां स्थान किया। जबकि शुभम प्रजापति 91.4, साने रजा 87, अभिषेक 84, मेराज 80.4 प्रतिशत लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मौके पर इंजीनियर संजीत पाठक, इंजीनियर अंकित पाठक, शिक्षिका प्रिया कुमारी, शबाना परवीन, पायल कुमारी, निधि कुमारी आदि मौजूद थें।

18 साल के नये मतदाताओं को मतदान के प्रति किया गया जागरूक

गढ़वा। लोकसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति, स्किल सेंटर रंका में स्वीप कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के मतदाताओं को जागरूक किया गया। वैसे मतदाता जो पहली बार मतदान करेंगे, उनके बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर वोटिंग के लिए प्रोत्साहित किया गया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार ने नये मतदाताओं को ईवीएम, वीवीपैट की जानकारी दी। मतदान पर जोर देते हुए सभी को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई गई, 13 मई को पलामू लोकसभा क्षेत्र में वोट करने की अपील की गई। मौके पर यूएनडीपी प्रकाश कुमार एवं यंग प्रोफेशनल हिमांशु कुमार मौजूद थे।

शहर के छह चौक-चौरहों पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू एसपी रिश्मा रमेशन

के निर्देश पर शहर के छह मुहान चौक के पास शुक्रवार की रात ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वही वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया वाहन चालकों को पकड़ कर उनके कागजात की गहनता पूर्वक जांच की गयी। जांच के उपरांत जिन वाहन का कागजात सही नहीं पाया गया उसे फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा दिया गया है।वही वाहन चेकिंग कर रहे ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं। लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते नजर आ रहे है बिना कागजात और हेलमेट के वाहन चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान जितने भी वाहन पकड़े गए हैं सभी को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पहले दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ भी दिया जाता था। ताकि लोग अगले बार से हेलमेट पहनकर बाइक चलाएंगे। परंतु लोग समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में ट्रिपल लोडिंग और बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2024 के दौरान परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू

मेदिनीनगर। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2024 का आयोजन दिनांक 21 अप्रैल को मेदनीनगर अनुमण्डल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तकसंचालित की जायेगी.परीक्षा को देखते हुए मेदनीनगर सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है.इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है.इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 मीटर की परिधि में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी.परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा.इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा.इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी,वीक्षक,परीक्षार्थी,पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा.यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा।

पेज एक के शेष

एएसपी निशा मुर्मू के घर ...

उनके कमरे में शनिवार की शाम अचानक आग लग गई। कमरे में आग इतनी तेजी के साथ फैली कि उसकी लपटें धीरे-धीरे घर के बाहर तक दिखाई देने लगी। देखते ही देखते आग एक कमरे से दूसरे कमरे की तरफ फैलने लगी, इसी बीच स्थानीय लोगों के द्वारा अग्निशमन विभाग के दस्ते के साथ-साथ पुलिस को भी मामले की जानकारी दी गई। आधे घंटे के बाद लगभग अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचा और लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

चाईबासा में पीएलएफआई ...

कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में एरिया कमांडर सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम दस्ता के कुछ सदस्यों के साथ भ्रमणशील है। वे गोईलकेरा, आनन्दपुर थाना क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को बंद कराने की धमकी देते हुए संवेदकों से लेवी की मांग कर रहे हैं। एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। सोना हेंब्रम के खिलाफ चाईबासा और खूंटी जिले के अलग-अलग थानों में 11 मामले दर्ज हैं जबकि बिरसा खंडाइत के तीन मामले दर्ज हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

हल्द्वानी की एक बस्ती में लगी भीषण आग, कई झोपड़िया हुई खाक

हल्द्वानी। उत्तराखंड के हल्द्वानी के बनभूलपुरा में रेलवे क्रॉसिंग के पास झुग्गियों वाली बस्ती में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आकर दो दर्जन से ज्यादा झोपड़ियां जलकर खाक हो गई। गनीमत ये रही कि आग में कोई जनहानि नहीं हुई। हल्द्वानी शहर के बनभूलपुरा के अंतर्गत आने वाले चोरगलिया रोड चिराग अली शाह बाबा मजार क्षेत्र में शुक्रवार देर रात मजदूरों की कई झोपड़ियों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि घरेलू सामान और झोपड़ियां जलकर खाक हो गई। जानकारी मिलने के बाद दमकल विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

हमारा मुकाबला बीजेपी या उसकी ए-बी टीम से नहीं : उमर

पुलवामा। नेकां ने देरि मुर्रन पुलवामा में एक सार्वजनिक रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला, श्रीनगर लोकसभा सीट के प्रत्याषी आगा सईद रौहल्लाहा, जिला अध्यक्ष पुलवामा मोहि-उद-दीन मीर, पूर्व विधायक खलील बंद और असदुल्ला इलाही ने लोगों को संबोधित किया।

मनीष सिसोदिया की रेगुलर बेल पेटीशन पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मनीष सिसोदिया दिल्ली शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं। उधर, सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करने के लिए लगाई अपनी दूसरी बेल पेटीशन शुक्रवार को वापस ले ली।

जम्मू-कश्मीर के रियासी में हथियार और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को जम्मू संभाग के रियासी जिले के अरनास इलाके से हथियार और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। पुलिस ने कहा कि सूचना मिली थी कि अरनास क्षेत्र में एक ठिकाने पर हथियार और गोला बारूद रखे हुए हैं। जानकारी पर कार्रवाई करते हुए एक अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने कहा, हमने दो डेटोनेटर, असॉल्ट राइफल के 12 कारतूस, एक पुल-थ्रू, आईईडी वाला टेप रिकॉर्डर, ऐसा ही एक कैलकुलेटर, एक बैटरी और कुछ कनेक्टिंग तार बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि इलाके में अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है।

दो भारतीय छात्रों की स्कॉटलैंड में झरने में डूबकर मौत

लंदन। भारत के दो छात्रों की स्कॉटलैंड के एक झरने में डूबने से उनकी मौत हो गई। ये छात्र ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ रहे थे। स्कॉटलैंड पुलिस ने अभी तक दोनों छात्रों का नाम नहीं बताया है। हालांकि, यह जानकारी सामने आई है कि दोनों आंध्र प्रदेश के हैं और इनकी उम्र 20 साल और 26 साल बताई गई है। आज शुक्रवार को शवों का पोस्टमॉर्टम किया जाना है। यह घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई। यहां दोस्तों का एक समूह घूमने के लिए आया था। इस दौरान उनमें से दो लोग पानी में गिर गए।

अपना भ्रष्टाचार छुपाने के लिए एक साथ आए हैं इंडी गठबंधन के नेता : प्रधानमंत्री

25 फीसद सीटों पर इंडी गठबंधन के नेता एक-दूसरे के खिलाफ ही चुनाव लड़ रहे हैं

पीएम मोदी ने कहा, राहुल गांधी एक और सीट से चुनाव लड़ेंगे, 26 के बाद करेंगे घोषणा

सभी मतदाताओं का धन्यवाद, सभी हिस्सा लें

पीएम मोदी ने कहा, चार जून के बाद इंडिया गठबंधन के नेता एक-दूसरे के कपड़े फाड़ते नजर आएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि शुक्रवार को लोकसभा चुनाव का पहला चरण संपन्न हुआ। मैं सभी मतदाताओं को शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। खासकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं का। मतदान के बाद कई लोगों ने बूथ स्तर पर इसका विश्लेषण किया। जिससे स्पष्ट हुआ है कि पहले चरण के चुनाव में एनडीए गठबंधन के पक्ष में एकतरफा वोट हुआ है। मैं देश के लोगों से यह अपील करना चाहता हूं कि आप लोगों के प्रयासों से ही एनडीए गठबंधन की जीत सुनिश्चित हो रही है। मैं सभी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा और साथ ही मैं उन सभी लोगों को भी संदेश देना चाहूंगा कि जो मतदान नहीं कर रहे हैं, वो मतदान करें, वो लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लें। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष की लगातार हुई पराजय पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, आपको (विपक्षी दलों) भी जीत मिलेगी, इसलिए मैं हारने वाली पार्टियों को भी प्रोत्साहित करना चाहता हूं।

एजेंसी। मुंबई/ तिरुवनंतपुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को को महाराष्ट्र में एक रैली में इंडी गठबंधन पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी नेता अपना भ्रष्टाचार छुपाने के लिए एक साथ आए हैं, लेकिन पहले चरण के चुनाव में मतदाताओं ने इन्हें पूरी तरह से रिजेक्ट कर दिया। नांदेड़ में बीजेपी उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, देश की 25 फीसद सीटों पर इंडिया गठबंधन के नेता एक-दूसरे के खिलाफ ही चुनाव लड़ रहे हैं। क्या देश की जनता किसी ऐसे पर भरोसा कर सकती है, जो अपने अगुवा पर ही भरोसा नहीं करते हों?

अगर अपने ही मोर्चे में एक दूसरे को जेल में डालने की बात करने वाले लोग चुने जाते हैं, तो ये लोग सदन में भी एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे। वहीं तिरुवनंतपुरम में उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी एक और सीट से चुनाव लड़ेंगे। एक चैनल से बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ये बात कही। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस पार्टी के 'युवराज' उत्तर भारत से भाग गए हैं और दक्षिण भारत के वायनाड में उन्होंने शरण ली है। उनके दूसरी जगह से चुनाव लड़ने की घोषणा वायनाड में चुनाव खत्म होने पर 26 अप्रैल के बाद की जाएगी।

पीएम मोदी ने सत्तारूढ़ पिनाराई विजयन सरकार की भी आलोचना की और कहा कि राज्य सरकार ने गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान के लिए जीना कठिन कर दिया है। सरकार राजभवन को पैसे नहीं दे रही है। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है और कहा कि वे भ्रष्टाचार मिटाने के लिए वो अपना काम कर रहे हैं।

हमारी सरकार आई तो हटा देंगे अग्निवीर योजना : राहुल गांधी

भाजपा को 150 से अधिक सीटें नहीं आने वाली।

मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी 400 रुपए होगी

आशा-आंगनबाड़ी सेविकाओं की आमदनी दोगुना करेंगे

हम देंगे युवाओं को अपरेंटिस का अधिकार

उन्होंने बेरोजगारी की चर्चा करते हुए कहा कि आज देश बेरोजगारी का सेंटर बना हुआ है। आज के युवा इंस्टाग्राम-फेसबुक पर घंटों बैठे रहते हैं। हम युवाओं को अपरेंटिस का अधिकार देने जा रहे हैं। हिंदुस्तान के हर युवा को पहली नौकरी का अधिकार हमारी अगली सरकार देने जा रही है। उन्होंने सरकार बनने के बाद किसानों का कर्ज माफ करने का वादा करते हुए कहा कि हमारी सरकार आएगी तो जीएसटी को बदलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आशा-आंगनबाड़ी की आमदनी दोगुना करेगी तथा मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी 400 रुपए होगी। उनके साथ इस रैली में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, वीआइपी पार्टी के नेता मुकेश सहनी समेत महागठबंधन के कई अन्य नेता शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि भागलपुर से महागठबंधन की ओर से कांग्रेस ने अजीत शर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला जदयू के प्रत्याशी अजय मंडल से माना जा रहा है। पिछले चुनाव में मंडल ने राजद के प्रत्याशी बुलो मंडल को पराजित किया था।

एजेंसी। भागलपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को बिहार के भागलपुर पहुंचे और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि भाजपा के लोग लाख दावा कर लें, लेकिन 150 से अधिक सीटें नहीं आने वाली। उन्होने सेना के अग्निवीर योजना को लेकर भी सरकार को घेरा। भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने सेना के खिलाफ अग्निवीर योजना लाई है, इसकी कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि हमें दो तरह के शहीद नहीं चाहिए। लोगों को भरोसा देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो इस योजना को हटा दिया जाएगा। हर गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख की राशि दी जाएगी। भागलपुर के कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि ये संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा संविधान खत्म करने की कोशिश कर रही है।

कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी, मोदी ने जो कहा कर दिखाया : शाह

एजेंसी। कोटा

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर आपने 2019 में कांग्रेस को वोट दिए होते तो कोटा पीएफआई का गढ़ बन जाता। मोदी को वोट दिया तो पीएफआई का सफाया कर दिया। कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी है। गहलोत सरकार ने पांच साल तक ईआरसीपी को आगे नहीं बढ़ने दिया। भजनलाल सरकार ने तीन महीने में ही ईआरसीपी का काम आगे बढ़ा दिया। हर गांव-ढाणी में ईआरसीपी का पानी पहुंचाने की मोदी की गारंटी है। शाह शनिवार को कोटा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले शाह भीलवाड़ा पहुंचे थे। यहां भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में विजय संकल्प महासभा को संबोधित किया था। इस सभा के माध्यम से शाह ने भीलवाड़ा जिले की जहाजपुर, मांडलगढ़, आसींद, मांडल, शाहपुरा, सहाड़ा, भीलवाड़ा और बूंदी जिले की हिंडोली विधानसभा को साधा।

अमित शाह 21 को बिहार के कटिहार में करेंगे रैली

कटिहार। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री के कटिहार आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे रैली की तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को कटिहार पहुंचे। मंगल पांडेय पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद के कटिहार के मिचाईबाड़ी आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया से रूबरू हुए।

लाल सागर में हैती आतंकियों के खिलाफ जर्मन युद्धपोत का अभियान खत्म

बर्लिन। यमन में हैती आतंकवादियों से व्यापारिक जहाजों की रक्षा का मिशन खत्म कर एक जर्मन युद्धपोत शनिवार सुबह लाल सागर से रवाना हो गया। युद्धपोत को यूरोपीय संघ के नौसैनिक मिशन एस्पाइड्स के एक हिस्से के रूप में और यमन में आतंकवादियों के हमलों से व्यापारी जहाजों को बचाने के लिए फरवरी में लाल सागर में तैनात किया गया था। गौरतलब है कि एशिया से यूरोप के लिए समुद्री मार्ग में लाल सागर का महत्वपूर्ण स्थान है। यह मार्ग स्वेज नहर से होकर गुजरता है। ईरान से संबद्ध हैती आतंकी गाजा पट्टी में इजराइली हमले का विरोध कर रहे हैं। जर्मन नौसेना के अपनी तरह के पहले मिशन में युद्धपोत हेसेन पर तैनात सैनिकों ने हैती आतंकवादियों द्वारा लॉन्च ड्रोन को कई बार मार गिराया। व्यापारिक जहाजों पर हमलों के बाद युद्धपोत को 23 फरवरी को लाल सागर में तैनात किया गया था।

कांग्रेस ने आप को समर्थन देने का किया ऐलान

अत्याचार और भ्रष्ट सरकार से मिलकर लड़ेंगे : दुर्गेश पाठक

एजेंसी। नई दिल्ली

आप विधायक दुर्गेश पाठक ने इसको लेकर कहा कि 26 अप्रैल को मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव होना है। आज कांग्रेस ने ऐलान किया कि वे आप उम्मीदवार को समर्थन देंगे। हम इसका स्वागत करते हैं। इससे पता चलता है कि हम मिलकर अत्याचार के खिलाफ, भ्रष्ट सरकार के खिलाफ लड़ेंगे। कांग्रेस ने शनिवार को 26 अप्रैल को होने वाले आगामी एमसीडी मेयर चुनावों में आप उम्मीदवारों को समर्थन देने के अपने फैसले की घोषणा की। आप ने दिल्ली नगर निगम चुनावों में मेयर पद के लिए महेश खिची और डिप्टी मेयर के लिए रविंदर भारद्वाज को नामित किया है। पूर्व विधायक और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के अध्यक्ष अनिल भारद्वाज ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं ने एक बैठक बुलाई जिसमें इस बात पर सहमति बनी कि पार्टी चुनाव में आप

उम्मीदवारों का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा, इस निर्णय के पीछे का मकसद दिल्ली के शासन के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करना और निवासियों को होने वाली किसी भी असुविधा को कम करना था। आप विधायक दुर्गेश पाठक ने इसको लेकर कहा कि 26 अप्रैल को मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव होना है। आज कांग्रेस ने ऐलान किया कि वे आप उम्मीदवार को समर्थन देंगे। हम इसका स्वागत करते हैं। इससे पता चलता है कि हम मिलकर अत्याचार के खिलाफ, भ्रष्ट सरकार के खिलाफ लड़ेंगे। इस बीच, एमसीडी ने शुक्रवार को मेयर चुनाव कराने की अनुमति के लिए चुनाव आयोग को एक अनुरोध प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से इस प्रक्रिया के लिए एक पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने का आग्रह किया, जैसा कि एक नागरिक निकाय अधिकारी द्वारा निर्दिष्ट किया गया है। मौजूदा लोकसभा चुनावों के कारण लागू आदर्श आचार संहिता के कारण यह औपचारिक अनुरोध आवश्यक हो गया है। इसके विपरीत, विपक्षी भाजपा ने आगामी चुनाव में मेयर पद के लिए किशन लाल और डिप्टी मेयर पद के लिए नीता बिष्ट को नामित किया है।

संगरूर जेल में बंद कैदियों के बीच झड़प, दो की मौत

संगरूर। पंजाब की संगरूर जेल में बंद कैदियों के बीच खूनी झड़प हो गई। झड़प में दो कैदियों की मौत हो गई और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने के कारण दो कैदियों को इलाज के लिए पटियाला रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जैसे ही संगरूर जेल से सूचना मिली कि कुछ कैदी आपस में भिड़ गए हैं, इसके बाद जेल के डॉक्टरों ने चार कैदियों को संगरूर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। संगरूर सरकारी अस्पताल के डॉक्टर के मुताबिक, दो कैदियों की मौत अस्पताल आने से पहले हो चुकी थी। इसके अलावा दो कैदियों के शरीर पर लड़ाई के बाद गंभीर चोटें आई हुई हैं, जिन्हें इलाज के लिए पटियाला के राजेंद्र हॉस्पिटल में रेफर किया गया। अस्पताल के डॉक्टर करणदीप काहेल ने बताया, हमारे पास जिला जेल में तैनात डॉक्टर चार कैदियों को लेकर आए थे जिनमें से दो कैदी हर्ष और धर्मेंद्र की मौत हो चुकी थी। गगनदीप सिंह और मोहम्मद शाहबाज की हालत गंभीर थी जिस वजह से उन्हें पटियाला रेफर किया गया।

नेहा की हत्या लव जिहाद का मामला नहीं : सिद्दारमैया

एजेंसी। मैसूर (कर्नाटक)

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को कहा कि एमसीए छात्रा नेहा हिरेमथ की हत्या 'लव जिहाद' का मामला नहीं है। सीएम सिद्दारमैया ने मैसूर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मैं इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। हत्यारे को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। ये लव जिहाद का मामला नहीं है। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हत्यारे को कड़ी सजा दी जाए। किसी की मौत को राजनीतिक कारणों से इस्तेमाल करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले का अनावश्यक रूप से राजनीतिकरण किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन से सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हुबली में कांग्रेस पार्षद की बेटी नेहा की शुक्रवार को शहर में कॉलेज परिसर के अंदर फैयाज कोंडिनाकोप्पा ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। हालांकि, अन्य छात्रों ने फैयाज को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। इस बीच, नेहा के माता-पिता ने दावा किया कि उनकी बेटी की हत्या 'लव जिहाद' का मामला है। नेहा के पिता निरंजन हिरेमथ ने चेतावनी दी है कि अगर जांच को गुमराह किया गया और खराब किया गया तो उनका पूरा परिवार आत्महत्या कर लेगा।

नेहा के हत्यारे को मौत की सजा की मांग को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन

बेंगलुरु। एबीवीपी के सदस्यों और हिंदू कार्यकर्ताओं ने शनिवार को एमसीए छात्रा नेहा हिरेमथ की हत्या की निंदा की और पूरे कर्नाटक में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी फैयाज कोंडिनाकोप्पा के लिए मौत की सजा की भी मांग की। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर के आवास पर उस समय भारी ड्रामा देखने का मिला, जब एबीवीपी के सदस्यों ने उनके घर का घेराव करने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी फैयाज की तस्वीरें जलाईं और उसे फांसी देने की मांग की। पुलिस ने बिना अनुमति धरना देने पर सदस्यों को हिरासत में लिया और मौके से ले गई। हत्या को लेकर हिंदू कार्यकर्ताओं ने रामनगर, कलबुर्गी और विजयपुरा जिलों में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने टायर, पुतले और फैयाज की तस्वीरें जलाईं। शिवमोग्गा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा सांसद बीवाई राघवेंद्र ने शनिवार को संसदीय क्षेत्र में कहा कि आरोपी ने गांजा पीने के बाद नेहा की हत्या कर दी। बीवाई राघवेंद्र ने कहा कि घटना के बाद कांग्रेस सरकार को नेहा के परिवार को सुरक्षा देनी चाहिए। इसके बजाय उन्होंने आरोपी के परिवार को सुरक्षा दे दी। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री ने बयान दिया कि यह मामला एक व्यक्तिगत मामला है।

कर्नाटक गृह मंत्री ने नेहा के माता-पिता से माफी मांगी

हत्यारे की मां ने कहा- 'मेरे बेटे को सजा मिलनी चाहिए'

बेंगलुरु। कर्नाटक में एमसीए छात्रा नेहा हिरेमथ की गुरुवार को हुई हत्या को लेकर हंगामा शनिवार को भी जारी रहा। हत्या के आरोपी फैयाज कोंडिनाकोप्पा की मां ने मृतका के माता-पिता से माफी मांगी और कहा कि उनके बेटे को सजा मिलनी चाहिए। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने भी इस मामले में अपनी प्रेम संबंधी टिप्पणी के लिए माफी मांगी। जी. परमेश्वर ने शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा, अगर मामले के संबंध में उनके किसी भी बयान से नेहा के माता-पिता की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो उन्हें खेद है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए परमेश्वर ने कहा था कि नेहा और फैयाज एक-दूसरे से प्यार करते थे। फैयाज की मां मुमताज ने अफसोस जताते हुए शनिवार को कहा, "मेरे बेटे ने जो किया वह अपराध है। नेहा और फैयाज एक दूसरे से प्यार करते थे। नेहा ने ही फैयाज को प्रपोज किया था। जब फैयाज ने मुझे इस बारे में बताया तो मैंने उससे रिश्ता जारी नहीं रखने के लिए कहा था। मुमताज ने कहा कि मेरे बेटे को कड़ी सजा दी जानी चाहिए। उसका सपना कर्नाटक प्रशासनिक सेवा (केएएस) में अधिकारी बनने का था। नेहा एक अच्छी लड़की थी। मैं उनके परिवार से माफी मांगती हूं।

महानदी नाव हादसे में अबतक सात शव बरामद

एजेंसी। भुवनेश्वर

ओडिशा में शुक्रवार को महानदी में लखनपुर के शरधा में नाव डूबने की घटना में अभी तक सात शव बरामद कर लिये गये हैं। शनिवार सुबह प्रशासन द्वारा चलाये गये सर्च आपरेशन में छह शव बरामद किये गये हैं। शुक्रवार को हादसे के बाद एक महिला का शव बरामद कर लिया गया था। इस मामले में एक और व्यक्ति के लापता होने की बात कही जा रही है। शनिवार सुबह पांच बजे से सर्च आपरेशन प्रारंभ किया गया था। पांच स्कूबा ड्राइवर व दो सर्च कैमरे के सहायता से लापता लोगों को ढूंढने के लिए प्रयास शुरू किये गये थे। इस हादसे में मारे गये सभी मृतक सीमावर्ती छत्तीसगढ़ के खरसेनी इलाके के हैं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में मारे गये लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करने के साथ-साथ प्रत्येक मृतक के आश्रितों के लिए चार लाख रुपये की अनुकंपा राशि की घोषणा की है।

राष्ट्रपति मुर्मू और उपराष्ट्रपति ने हादसे पर दुख जताया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा में महानदी नाव हादसे पर दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर जारी अपने संदेश में कहा कि यह जानकर दुख हुआ कि ओडिशा के झारसुगुड़ा के पास महानदी नदी में एक नाव पलटने से कई लोगों की जान चली गई। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। मैं त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने एक्स पर संदेश में लिखा, ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में महानदी में नाव पलटने की दुखद घटना से अत्यंत दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना।